हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



Page 11

खेल

**पेरिस ओलंपिक : नीरज चोपड़ा को मिली बड़ी जिम्मेदारी, ओलंपिक में 28 सदस्यीय...**

देश

**सेना में कम समय के लिए सेवा करने से भी होगा फायदा, अग्निवीर योजना के...**

Page 10



कृष्ण पक्ष, पुनर्वसु, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • शनिवार • 06 जुलाई 2024 • वर्ष 26 • अंक 206 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹73,090 | ₹93,200 |



## आज का इतिहास

- **1892 : दादाभाई नौरोजी पहले भारतीय ब्रिटेन में संसद सदस्य के रूप में चुने गए।**
- **2006 : भारत और चीन को जोड़ने वाले हिमालय में एक पहाड़ी दर्रा नाथू ला, जो चीन-भारतीय युद्ध के दौरान सील किया गया था, 40 से अधिक वर्षों के बाद व्यापार के लिए फिर से खुल गया।**

## न्यूज बाइट्स

### अनियंत्रित स्कूटर ट्रक के नीचे आया, तीन की मौत

**किशनगंज (नि.सं.)**। किशनगंज में बाइक की टक्कर से एक अनियंत्रित स्कूटर ट्रक के नीचे आ गया। इस भीषण हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में स्कूटर पर सवार महिला उसकी 6 महीने की बच्ची और नाबालिग बहन शामिल है। वहीं स्कूटर चालक नूर जमाल को इस एक्सीडेंट में गंभीर चोट आई है। बता दें कि ट्रक और बाइक का चालक मौके से फरार हो गया।

### समलैंगिक विवाह पर सुप्रीम कोर्ट फिर सुनवाई को राजी

**नई दिल्ली (ए.)**। समलैंगिक विवाह के मामले में बीते साल सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया था। शीर्ष अदालत की संवैधानिक बेंच ने अपने फैसले में समलैंगिक विवाह को मान्यता देने की बात से इनकार कर दिया था। हालांकि कोर्ट ने यह भी कहा था कि समलैंगिक रिश्तों को अपराध नहीं माना जा सकता है। इससे पहले ऐसा करने को आर्टिकल 377 के तहत अपराध की श्रेणी में रखा गया था।

### राजधानी एक्सप्रेस के शौचालय में मिला महिला का कटा पैर

**नवगछिया (भागलपुर)**। नवगछिया रेलवे स्टेशन पर दिल्ली से डिब्रूगढ़ जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन के बीआई बोगी के शौचालय के नीचे एक महिला का पैर कट कर लटकता हुआ। नवगछिया पहुंचा जिसे ट्रेन पर सवार यात्रियों के द्वारा देख कर कंट्रोल को सूचना दिया। जिस पर नवगछिया रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ एवं नवगछिया जीआरपी पुलिस के द्वारा उसे निकाला गया। राजधानी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से लगभग 5 घंटा विलंब से नवगछिया पहुंची हुई थी। जहां पर राजधानी एक्सप्रेस को लगभग 19 मिनट तक रोका गया।

### 7 से 28 अगस्त के बीच होगी सिपाही भर्ती परीक्षा

**पटना (नि.सं.)**। बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा 7 अगस्त से 28 अगस्त के बीच होगी। इसे लेकर आयोग की ओर से सभी डीएम को पत्र लिखा गया है। सिपाही भर्ती परीक्षा 1 अक्टूबर 2023 को हुआ था। इसका पेपर लीक हुआ था। इसके बाद इस परीक्षा को रद्द कर दिया गया था। आयोग की ओर से लिखे गए पत्र के अनुसार इस परीक्षा का आयोजन 7, 11, 18,21, 25 और 28 अगस्त को किया जाएगा। परीक्षा का आयोजन दोपहर 12:00 से लेकर 2:00 तक एक पाली में किया जाएगा। सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक में आर्थिक अपराध में खुलासा करते हुए बताया है कि इस पेपर लीक कांड का सरगना भी नालंदा के नगरनौसा का संजीव मुखिया उर्फ लूटन ही है।

---

बिहार में लगातार हो रहे पुल हादसों पर नीतीश सरकार ने बड़ी कार्रवाई की

# बिहार में 17 इंजीनियर सस्पेंड

**निज संवाददाता | पटना**

एक के बाद एक लगातार ध्वस्त हो रहे पुल-पुलियों के मामले में आखिरकार नीतीश सरकार ने कड़ा एक्शन ले ही लिया और 17 इंजीनियर्स को सस्पेंड कर दिया। बिहार के विकास आयुक्त चैतन्य प्रसाद और ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने सरकार की इस कार्रवाई जानकारी दी और कहा कि इस मामले को लेकर बिहार सरकार बेहद ही गंभीर है।

### ग्रामीण कार्य विभाग के 6 इंजीनियर्स पर कार्रवाई

वहीं ग्रामीण कार्य विभाग के 6 इंजीनियर्स के खिलाफ कार्रवाई की गयी है। जांच रिपोर्ट के आधार पर ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता-अंजनी कुमार, आशुतोष कुमार रंजन और कनीय अभियंता-वीरेंद्र प्रसाद और मनीष कुमार। इसके अलावा दो और इंजीनियर्स जो पहले से ही निलंबित हैं उनके खिलाफ भी विभागीय जांच की जाएगी।

### नौ पुल-पुलिया हुए ध्वस्त

विकास आयुक्त सह जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने बताया कि 'राज्य के विभिन्न जिलों में कल 9 पुल-पुलिया ध्वस्त हुए हैं। जिनमें से 6 बहुत पुराने हो चुके थे जबकि तीन निर्माणाधीन थे। 3 और 4 जुलाई को सिवान और सारण जिले में छाड़ी और गंडकी नदी पर बने 6 पुलिया ध्वस्त हुई हैं।

69.89 करोड़ की लागत से इस योजना के तहत 170 किलोमीटर की लंबाई में 19 मीटर चौड़ाई और औसत गहराई 3 मीटर में गाद निकासी का कार्य कराया जा रहा है। मार्च 2025 तक यह योजना पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। जांच में ये पाया गया कि कार्य के कार्यान्वयन के दौरान संबंधित अभियंताओं ने इन नदियों पर अवस्थित पुल-पुलिया को सुरक्षित रखे जाने के लिए कदम नहीं उठाया और इसलिए इन इंजीनियर्स के खिलाफ कार्रवाई की गयी है।



### नदी जोड़ योजना की थी पुल-पुलिया

जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने बताया कि 'गोपालगंज, सीवान और सारण जिलों से प्रवाहित होने वाली नदियों के प्रवाह को अविरल बनाने के साथ-साथ नदी जोड़ योजना एवं जल जीवन हरियाली अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत कई नदियों को एक साथ जोड़ने की योजना का कार्यान्वयन हो रहा है।

### जल संसाधन विभाग के 11 इंजीनियर्स पर गिरी गाज

जिन 17 इंजीनियर्स को निलंबित किया गया है उनमें 11 इंजीनियर्स जल संसाधन विभाग के हैं। जिनमें दो कार्यपालक अभियंता- अमित आनंद और कुमार बृजेश शामिल हैं। इसके अलावा चार सहायक अभियंता- राजकुमार, चंद्रमोहन झा, सिमरन आनंद और नेहा रानी है। जबकि 5 कनीय अभियंता- मोहम्मद मजीद, रवि कुमार रजनीश, रफी उल होदा अंसारी, रत्नेश गौतम और प्रभात रंजन को सस्पेंड किया गया है।

### ग्रामीण कार्य विभाग की 3 पुलिया क्षतिग्रस्त

वहीं ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामीण कार्य विभाग की तीन पुलिया क्षतिग्रस्त हुई हैं। जिसके बाद मुख्य अभियंता निर्मल कुमार की अध्यक्षता में चार सदस्यीय जांच दल का गठन किया गया और मामले की जांच कराई गयी। जांच रिपोर्ट के आधार पर ही ग्रामीण कार्य विभाग के 6 इंजीनियर्स सस्पेंड किए गए हैं। संवेदक को भी काली सूची में दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। संवेदक को किए गए भुगतान की वसूली एसबीडी के प्रावधानों के आलोक में की जा रही है। इसके अलावा संवेदक के सभी कार्यों के लंबित भुगतान पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है।

### गिरते पुल, उठते सवाल

पिछले 1 महीने के दौरान राज्य के अलग-अलग जिलों में कई पुल-पुलिया ध्वस्त हुई हैं। इस मसले को लेकर आरजेडी नेता तेजस्वी सहित पूरा विपक्ष बिहार सरकार को घेर रहा है जबकि सरकार भी लगातार सफाई दे रही है।

---

# वज्रपात से एक दिन में 18 लोगों की मौत

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार में शुक्रवार को मॉनसून सीजन के दौरान खराब मौसम का कहर देखने को मिला। प्रदेश में ठनका गिरने से एक दिन में चाचा-भतीजा समेत 18 लोगों की मौत हो गई। जबकि 7 लोग गंभीर रूप से झुलस गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सबसे भागलपपुर जिले में चार लोगों की वज्रपात से जान गई। इसके अलावा जहानाबाद एवं बेगूसराय के तीन-तीन, मधेपुरा एवं सहरसा में दो-दो, काराकाट, वैशाली, मोतिहारी और छपरा में एक-एक व्यक्ति की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हुई।

जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र के गंगा बिगहा गांव निवासी भूषण यादव (48 वर्ष) और प्रमोद यादव (30 वर्ष) की वज्रपात से मौत हो गई जो रिश्ते में चाचा-भतीजा थे। वहीं, एक अन्य व्यक्ति बलम यादव (40 वर्ष) गया के बेलागंज थाने के सलेमपुर गांव का रहने वाला था। रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड क्षेत्र के हटियां गांव में तेज बारिश से बचने के लिए गांव के पांच लोग एक पेड़ के नीचे खड़े हो गए। अचानक पेड़ पर ठनका गिरा। जिसमें सभी पांच लोग झुलस गए, एक की मौत हो गई।

वैशाली जिले के पातेपुर थाना क्षेत्र के नीरपुर पंचायत के कुसाही गांव में ठनका गिरने से कुसाही गांव निवासी कमलेश राय की पत्नी (35) वर्षीया रीता देवी की मौत हो गई। बेगूसराय जिले में तीन स्थानों पर ठनका गिरने से 10वीं की एक छात्रा एवं दो महिलाओं की जान चली गई। मोतिहारी के पताही थाना क्षेत्र की बोकाने कला पंचायत क़े चामुटोला में खेत की मेढ़ ठीक कर रहे अधेड़ ने ठनका गिरने से दम तोड़ दिया। छपरा (सारण) जिले के बनियापुर अंचल क्षेत्र के कराह वृति टोला में ठनका से 45 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो युवक आंशिक रूप से झुलस गए।

इधर, कोसी, सीमांचल और पूर्वी बिहार के जिलों में भी वज्रपात की चपेट में आने से आठ लोगों की मौत हो गई जबकि चार घायल हैं। मृतकों में सहरसा जिले के पतरघट प्रखंड के सुखौड़ी निवासी 15 वर्षीय कुश कुमार, नवहट्टा की नौला पंचायत के रसलपुर गांव निवासी 16 वर्षीय अंजलि कुमारी, मधेपुरा के बिहारीगंज थाना क्षेत्र की राजगंज पंचायत निवासी ममता देवी (35 वर्ष), गम्हारिया थाना क्षेत्र स्थित बभनी पंचायत के दाहा टोला निवासी मदन यादव (40 वर्ष) और भागलपुर की इस्माइलपुर निवासी मृतका आरती कुमारी हैं। ठनका की चपेट में आने से नूजी कुमारी और ममता कुमारी घायल हैं।

कहलगांव प्रखंड के मृतकों में फोरलेन में कार्यरत मध्य प्रदेश के कटनी का उत्तम पटेल (19 वर्ष), घोघा बाजार के किसान उपेंद्र मंडल और कुषाहा गांव के किसान श्याम कुमार मंडल की पत्नी मोनिका देवी (34 वर्ष) हैं। पूर्णिया जिले के भवानीपुर में वज्रपात में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। घायल महिला शहीदगंज पंचायत के रहमतगंज की करिरा खातून है।

## कार ने पांच लोगों को रौंदा, तीन की मौत, लोगों ने ड्राइवर को पीटा



**पटना(नि.सं.)**। पटना में एक अनियंत्रित कार ने 2 बाइक पर सवार 5 लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में पिता और उसके दो बच्चे हैं। कार ड्राइवर ने दोनों बाइक को 100 की स्पीड में करीब 300 मीटर तक घसीट दिया। हादसे के शिकार पांचों लोग सड़क पर इधर-उधर गिरे पड़े मिले हैं। इधर हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने कार ड्राइवर को पकड़ा और लाठी-डंडे, लात-घूंसे से उसकी पिटाई कर दी। दुर्घटना पुनपुन थाना क्षेत्र के डुमरी चौराहे के पास शुक्रवार को हुई। इस हादसे में बुरी तरह जख्मी दो युवकों को इलाज के लिए भर्ती किया गया है। मृतकों की पहचान पुनपुन थाना क्षेत्र के हबीपुर गांव के बबन यादव(40), उनकी बेटी सुरुचि कुमारी(8), बेटा सोनू कुमार(11) के तौर पर हुई है। घायलों में रवि राज और रोहित कुमार (गाड़ी का ड्राइवर) शामिल है। प्राइवेट नर्सिंग होल में उनका इलाज चल रहा है।

---

# 11 अगस्त को दो पालियों में आयोजित होगी नीट पीजी परीक्षा




**एजेंसी | नई दिल्ली**

नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन (एनबीई) ने नीट पीजी परीक्षा की नई तिथि का ऐलान कर दिया है। नीट पीजी परीक्षा अब 11 अगस्त 2024 को दो शिफ्टों में आयोजित होगी। पहले नीट पीजी परीक्षा का आयोजन 23 जून 2024 को होना था लेकिन इसे स्थगित कर दिया गया था। स्वास्थ्य मंत्रालय ने नीट यूजी और यूजीसी नेट पेपर लीक से उपजे विवाद और हंगामे के बीच एग्जाम से एक दिन पहले नीट पीजी स्थगित करने का फैसला लिया था। कहा गया था कि ऐहतियातन यह कदम उठाया गया है। एग्जाम शिफ्ट से जुड़ी अधिक जानकारी बाद में सही समय पर www.natboard.edu.in पर दे दी जाएगी। इस परीक्षा में 2 लाख 38 हजार स्टूडेंट्स भाग लेंगे। आपको बता दें कि मास्टर ऑफ सर्जरी, डॉक्टर ऑफ मेडिसिन और पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम के लिए की जाती है। इस परीक्षा में केवल वही अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं जिनके पास एमबीबीएस की डिग्री या मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यताप्राप्त प्रोविजनल एमबीबीएस पास सर्टिफिकेट है। नीट पीजी परीक्षा कंप्यूटर बेस्ड मोड में ऑनलाइन होगी। यह परीक्षा 3 घंटे 30 मिनट की होगी। नीट पीजी परीक्षा के 3 सेक्शन होंगे। परीक्षा में 800 अंकों के लिए कुल 200 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। उम्मीदवारों को प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 अंक मिलेंगे और गलत उत्तर के लिए 1 अंक काटा जाएगा।

### दो घंटे पहले सेट होगा पेपर

नीट पीजी परीक्षा पूरी पारदर्शिता और सुरक्षा के साथ कराने के लिए एनबीईएमएस ने कड़े इंतजाम किए हैं। नीट पीजी परीक्षा को लेकर गृह मंत्रालय में हुई अहम बैठक में फैसला लिया गया कि परीक्षा से महज दो घंटे पहले प्रश्न पत्र सेट होगा। नीटी पीजी की निगरानी इस बार गृह मंत्रालय भी करेगा। पेपर लीक की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी जाएगी। यह भी बताया जा रहा है कि जिस दिन एग्जाम होगा उसी दिन सुबह क्वेश्चन पेपर डिजिटली जनरेट (सिक्योरिली) होंगे।। इस बैठक में हेल्थ मिनिस्ट्री के अधिकारी, नेशनल बोर्ड ऑफ मेडिकल साइंसेस, टेक्निकल पार्टनर टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस और साइबर सेल के अधिकारी शामिल हुए थे।

## केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया हलफनामा कहा- पूरी परीक्षा को रद्द करना तर्कसंगत नहीं

- **केंद्र ने कहा- सीबीआई को दिया व्यापक जांच का आदेश।**
- **परीक्षा रद्द करने से लाखों ईमानदार छात्र होंगे प्रभावित।**

**एजेंसी | नई दिल्ली**

विवादों में घिरी नीट यूजी परीक्षा मामले में शुक्रवार को केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया। केंद्र ने सर्वोच्च अदालत को बताया कि नीट यूजी 2024 परीक्षा को रद्द करना तर्कसंगत कदम नहीं होगा। इससे लाखों ईमानदार छात्र गंभीर खतरे में आ जाएंगे। छात्रों, उनके अभिभावकों और कोचिंग संस्थानों ने सुप्रीम कोर्ट में परीक्षा के खिलाफ याचिकाएं दायर की हैं। अपने हलफनामे में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने सीबीआई से कथित अनियमितताओं के पूरे मामले की व्यापक जांच करने को कहा है। हलफनामे में केंद्र ने यह भी कहा कि अखिल भारतीय परीक्षा में गोपनीयता के बड़े पैमाने पर उल्लंघन के किसी सबूत के अभाव में पूरी परीक्षा और पहले से घोषित परिणामों को रद्द करना तर्कसंगत नहीं होगा। केंद्र ने कहा कि परीक्षा को पूरी तरह से रद्द करने से लाखों ईमानदार छात्र गंभीर रूप से खतरे में पड़ जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट अब 8 जुलाई को विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। इसमें 5 मई को आयोजित परीक्षा में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली याचिकाएं भी शामिल हैं। इन याचिकाओं में परीक्षा को नए सिरे से आयोजित करने का निर्देश देने की मांग की गई है।

# राष्ट्रपति ने 36 जांबाजों को वीरता पदकों से किया सम्मानित



**एजेंसी | नयी दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए सशस्त्र बलों, केन्द्रीय पुलिस बलों और राज्य पुलिस बलों के सर्वोच्च बलिदान देने वाले 36 जांबाजों को बुधवार को यहां वीरता पदकों से सम्मानित किया, दस जांबाजों को कीर्ति चक्र तथा 26 को शौर्य चक्र प्रदान किये गये। कीर्ति चक्र से सम्मानित किये जाने वाले रणबांकुरों में केन्दीय रिजर्व पुलिस बल के निरीक्षक दिलीप कुमार दास, हैड कांस्टेबल राजकुमार यादव, सिपाही बबलू राभा, सिपाही शंभू राय शामिल हैं। इन सभी को यह सम्मान मरणोपरांत दिया गया। इसके अलावा राष्ट्रीय राइफल्स के सिपाही पवन कुमार और सेना मेडिकल कोर के कैप्टन अंशुमान सिंह तथा सेना की पैराशूट रेजिमेंट के हवलदार अब्दुल माजिद को भी मरणोपरांत कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया।

---

# बिहार में पीएचईडी विभाग का 3600 करोड़ का टेंडर निरस्त, पहले भी रद्द हुआ था 836 करोड़ का ठेका

**निज संवाददाता | पटना।**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में 17 महीने चली आरजेडी, जेडीयू और कांग्रेस की महागठबंधन सरकार के दौरान स्वीकृत योजनाओं की फाइल खंगाल रहे लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण (पीएचईडी) मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलू ने अब 3600 करोड़ रुपए के टेंडर को निरस्त कर दिया है। इससे पहले जून के आखिरी हफ्ते में 826 करोड़ का ठेका रद्द कर दिया गया था। पीएचईडी मंत्री नीरज सिंह बबलू ने पटना में शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विभाग के कुल 4400 करोड़ रुपए के ठेकों को संशोधित किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि महागठबंधन सरकार के दौरान कुछ टेंडर में गड़बड़ी मिली थी, जिसे संशोधित किया जा रहा है।

नीरज सिंह ने कहा कि विभाग ने नए सिरे से टेंडर में पुश नल लगाने का निर्णय लिया है। साथ ही पानी टंकी पर अब सोलर प्लेट लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि छूटे हुए टोले को री-टेंडर में शामिल किया गया है। सिंह ने भरोसा जताया है कि एक महीने में दोबारा निविदा की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इनमें ज्यादातर योजना हर घर नल का जल की हैं जो नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षी सात निश्चय योजनाओं का हिस्सा है। नीरज से पहले कुछ समय के लिए उप-मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा भी पीएचईडी विभाग के मंत्री थे। विजय सिन्हा ने अपने कार्यकाल में टेंडर में गड़बड़ी की शिकायतों के आधार पर 11 हजार निविदा को निरस्त कर दिया था। नीतीश कुमार के एनडीए में लौटने के बाद जब जनवरी में एनडीए की सरकार बनी थी तो दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा ने कहा था कि महागठबंधन सरकार में आरजेडी मंत्रियों के विभागों के काम की जांच होगी। महागठबंधन सरकार में पीएचईडी मंत्री रहे ललित यादव ने हालांकि टेंडर प्रक्रिया में मंत्री की भूमिका होने से इनकार करते हुए कहा था कि कैबिनेट से योजना पास होने के बाद विभाग के प्रधान सचिव, मुख्य अभियंता से लेकर कार्यपालक अभियंता तक निविदा की प्रक्रिया में शामिल होते हैं। टेंडर की फाइल ना मंत्री के पास आती है और ना मंत्री का उसमें कोई रोल रहता है। आरजेडी नेता ललित यादव ने कहा था कि वो 17 महीने मंत्री रहे लेकिन इस दौरान उनके विभाग में 5 लाख का भी टेंडर नहीं हुआ। ललित यादव ने नीरज सिंह बबलू समेत भाजपा के नेताओं को कहा कि केंद्र और राज्य में उनकी सरकार है, वो विभाग के सारे ठेकों और हर घर नल का जल योजना की सीबीआई से जांच करवा लें।

## केजरीवाल की जमानत याचिका पर उच्च न्यायालय का सीबीआई को नोटिस



**नई दिल्ली (ए.)**। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति कथित घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर शुक्रवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की एकल पीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सीबीआई को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। एकल पीठ ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 17 जुलाई की तारीख मुकर्रर की है। इसी दिन केजरीवाल की गिरफ्तारी और उन्हें सीबीआई की हिरासत में सौंपने के विशेष अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर भी सुनवाई होनी है। इस मामले में पीठ ने आरोपी की याचिका पर दो जुलाई को केंद्रीय जांच एजेंसी को नोटिस जारी कर मामले को 17 जुलाई के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया था।

# भाजपा ने 23 राज्यों में घोषित किए प्रभारी

- **बिहार में विनोद तावड़े को मिली जिम्मेदारी**

**एजेंसी | नई दिल्ली**



भाजपा ने हरियाणा, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और ओडिशा जैसे बड़े राज्यों समेत देश भर के 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अपने प्रभारी और सह-प्रभारी घोषित कर दिए हैं। हाल ही में सांसद बने संबित पात्रा को भी इसमें बड़ी जिम्मेदारी मिली है और उन्हें पूर्वोत्तर का समन्वयक बनाया गया है। भाजपा ने जिन प्रमुख राज्यों के प्रभारी घोषित किए हैं, उनमें से बिहार में विनोद तावड़े को जिम्मेदारी मिली है। उनके साथ सह-प्रभारी के तौर पर दीपक प्रकाश रहेंगे, जो सांसद भी हैं। विनोद तावड़े फिलहाल राष्ट्रीय महासिचव हैं और संगठन में उनका बड़ा कद है। अरुणाचल प्रदेश में विधायक अशोक सिंघल को प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा अंडमान निकोबार का प्रभारी रघुनाथ कुलकर्णी को बनाया गया है। छत्तीसगढ़ के प्रभारी विधायक नितिन नबीन बनाए गए हैं। दादरा एवं नागर हवेली का प्रभारी दुष्यंत पटेल को बनाया गया है। गोवा की जिम्मेदारी आशीष सूद को मिली है। हरियाणा में डॉ. सतीश पूनिया को प्रभारी बनाया गया है। वहीं सुरेंद्र सिंह नागर को सह-प्रभारी के तौर पर जिम्मा मिला है। वह राज्यसभा के सांसद भी हैं। हिमाचल प्रदेश का प्रभारी श्रीकांत शर्मा को बनाया गया है और उनके साथ संजय टंडन सह-प्रभारी के तौर पर रहेंगे। जम्मू-कश्मीर में तरुण चुग प्रभारी होंगे और उनके साथ आशीष सूद सह-प्रभारी बने हैं।

### झारखंड के प्रभारी होंगे लक्ष्मीकांत वाजपेयी

उत्तर प्रदेश में भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे लक्ष्मीकांत वाजपेयी को झारखंड का प्रभारी बनाया गया है। कर्नाटक में डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल प्रभारी होंगे और उनके साथ सुधाकर रेड्डी को भी जिम्मा मिला है। केरल का प्रभारी प्रकाश जावड़ेकर को बनाया गया है। उनके साथ अपराजिता सारंगी सह-प्रभारी होंगी।

---

**शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ का बड़ा फैसला**

# पाठ्यक्रम पूरा नहीं, तो चलेंगी अतिरिक्त कक्षाएं

**निज संवाददाता | पटना**

आईएएस एस सिद्धार्थ राज्य के तमाम सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनायी जाएगी। इसमें लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई होगी। पाठ्यक्रम के आधार पर बच्चों की पढ़ाई होगी। यदि पाठ्यक्रम पूरा नहीं हुआ तो अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन कर पाठ्यक्रम पूरा कराया जाएगा। यहां तक कि पढ़ाने में अक्षम शिक्षकों को अतिरिक्त प्रशिक्षण भी मिलेगा। इसके लिए प्रधानाध्यापकों द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को प्रस्ताव दिए जाएंगे। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ की ओर से सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है। निर्देश के मुताबिक, सभी शिक्षक अपने डिजिटल लैब मोबाइल के माध्यम से अपनी उपस्थिति बनाएंगे। विशेष परिस्थिति में किसी शिक्षक को छुट्टी की आवश्यकता होगी, तो उस संबंध में वे औपचारिक रूप से अनुमति प्राप्त करने के उपरांत ही अवकाश पर प्रस्थान करेंगे। यदि कोई शिक्षक सही से नहीं पढ़ा पाते हों, तो प्रधानाध्यापक का यह दायित्व होगा कि ऐसे शिक्षकों को चिह्नित करते हुए उनके विशेष प्रशिक्षण का प्रस्ताव जिला शिक्षा

### बच्चों को होमवर्क देना अनिवार्य

अपर मुख्य सचिव डॉ. सिद्धार्थ के निर्देश के मुताबिक शिक्षकों द्वारा बच्चों को नियमित रूप से होमवर्क देना अनिवार्य है। होमवर्क का मूल्यांकन गुणवत्तापूर्ण तरीके से शिक्षकों द्वारा नियमित रूप से किया जाएगा। होमवर्क की पूरी निगरानी प्रधानध्यापक अपने स्तर से करेंगे। इस वर्ष सितंबर-अक्तूबर में सभी विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों का मिड टर्म मूल्यांकन होगा। प्रधानाध्यापक सुनिश्चित करेंगे कि सभी बच्चे सही से पढ़ें एवं एक संतोषप्रद मानक अकादमिक स्तर प्राप्त करें। आवश्यकता होने पर प्रधानाध्यापक द्वारा कमजोर छात्रों के लिए विद्यालय अवधि के उपरांत विशेष कक्षा की व्यवस्था की जाएगी। मिशन दक्ष की अतिरिक्त कक्षाएं नियमित रूप से तय अवधि में संचालित होंगी।

## ऑनलाइन हाजिरी नहीं होने पर अनुपस्थित माने जाएंगे शिक्षक, कटेगा वेतन

**निज संवाददाता | पटना**

अब सरकारी स्कूलों से गायब रहने तथा लेट आने वाले शिक्षकों की खैर नहीं है। शिक्षकों की हाजिरी अब ई-शिक्षा कोष ऐप पर ऑनलाइन बन रही है। विभागीय निर्देश के मुताबिक, सिकटी प्रखंड के सभी शिक्षकों को 26 जून तक स्कूलों द्वारा यू-डाइस पोर्टल पर अपना प्रोफाइल अपडेट करने का समय दिया गया था। जबकि सिकटी प्रखंड अन्तर्गत अब तक 85 प्रतिशत शिक्षक ही अपने डाटा को ऑनलाइन कर पाए हैं। इधर, ई-शिक्षा कोष ऐप के माध्यम से शिक्षकों की उपस्थिति पर नजर रखी जा रही है। सिकटी के सभी प्रारंभिक, हाई व इंटर स्कूलों में शिक्षकों की हाजिरी ऑनलाइन लग रही है। कुछ शिक्षक आदेश की सख्ती को देखते हुए ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर खासे परेशान दिखाई दे रहे हैं। इसकी वजह ऐप का सही से काम नहीं करना बताया जा रहा है।

### छात्रों की भी लगेगी ऑनलाइन हाजिरी

खास बात यह है कि यह ऐप स्कूल परिसर में ही खुलेगा। बताया जा रहा है कि इसी तरह विद्यार्थियों की ऑनलाइन हाजिरी बनाने पर भी काम चल रहा है। इसके लिए विकसित ऐप के आने पर विद्यार्थियों की भी ऑनलाइन हाजिरी लगेगी। शिक्षकों को अब अवकाश के लिए भी ई-शिक्षा कोष ऐप पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन की ऑनलाइन स्वीकृति एचएम की ओर से मिलने पर ही शिक्षकों को अवकाश मिलेगा। जानकारी के अनुसार, ई-शिक्षा कोष पोर्टल लाइव लोकेशन के आधार पर काम करेगा। स्कूल परिसर से बाहर रहकर किसी भी शिक्षक की न तो एंट्री होगी और न हीं एग्जिट। सुबह निश्चित समय के बाद लिंक स्वतः बंद हो जाएगा। इसके बाद आने वाले शिक्षकों की हाजिरी नहीं लगेगी और वे अनुपस्थित माने जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### किसान चौपाल में उन्नत खेती की दी जानकारी

**फतेहपुर।** फतेहपुर प्रखंड की भारे, धरहराकला, चरोखरी, उतरी लोधवे, कठौतिया केवाल, डुमरीचट्टी, नौडीहा झुरांग व जयपुर पंचायत में किसानों को कृषि से संबंधित जानकारी देने के उद्देश्य से खरीफ किसान चौपाल का आयोजन किया गया। किसान चौपाल में किसानों को जैविक व वैज्ञानिक खेती करने के प्रति जागरूक किया गया। किसानों को उन्नत खेती कर फसल की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी। वहीं, रासायनिक उर्वरक का उपयोग कम करने एवं खरीफ फसल की बुआई के संबंध में किसानों को बताया गया।

### एलएसी से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए प्रयास दोगुने होंगे, कमांडर बैठक जल्द

**बिंद।** लंबे समय से ठहराव की स्थिति में आए भारत और चीन के बीच रिश्तों में प्रगति हुई है। कजाखस्तान में शंघाई कॉपरेशन ऑर्गेनाइजेशन-एससीई की शिखर बैठक के दौरान विदेशमंत्री एस. जयशंकर और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच मुलाकात के दौरान आपसी संबंध सुधारने को लेकर कई सहमतियां हुई हैं। पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर विवाद के बाकी बिंदुओं को जल्दी हल करने को लेकर दोनों मंत्रियों ने सघन विचार विमर्श किया ताकि आपसी संबंधों को नए सिरे से आगे बढ़ाया जा सके। दोनों मंत्रियों ने माना कि सीमा पर मौजूदा स्थिति लंबे समय तक खिंचना किसी के भी हक में नहीं है। दोनों मंत्रियों ने डिप्लोमेटिक और सैन्य अधिकारियों की अगले दौर की वार्ता जल्द कराने पर सहमति जाहिर की।

### लंबे समय के बाद दीदी के चेहरे पर लौटी मुस्कानः सुरेन्द्र

**गया।** जीविका कैडर (सीएम, बीके, एमबीके, बैंक मित्र व सीएफ) के मानदेय में हुई वृद्धि पर जहानाबाद के सांसद सुरेन्द्र प्रसाद यादव ने काफी प्रशंसा व्यक्ति की है। इस बीच सांसद ने कहा कि जीविका कैडरों के मानदेय में वृद्धि को लेकर वे निरंतर प्रयासरत थे। इस संदर्भ में उन्होंने परियोजना विभाग के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सम्मान जनक मानदेय की बातें रखीं थी। इसका नतीजा रहा कि सरकार ने इस मामले पर ध्यान देते हुए कैडरों के मानदेय वृद्धि की दिशा में कदम उठाया है। सांसद श्री यादव तमाम जीविका कैडर को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### अभिनेता राजेश कुमार की नई वेब सीरीज प्रेरणादायक

**गया।** जिले के ग्राम फुलवरिया के रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता सह अभिनय के प्रति रुचि रहने वाले प्रेम कुमार ने बॉलीवुड अभिनेता राजेश कुमार से मुलाकात की, साथ ही अपने इलाके से फिल्म इंडस्ट्री में बड़ी पहचान बनाने के लिए बधाई दी। श्री कुमार ने बताया कि जल्द ही जी5 पर उनकी नई वेब सीरीज राउतु का राज लांच होने वाली है। इसमें राजेश कुमार के साथ नवाजुद्दीन सिद्धिकी का अभिनय देखने को मिला। कहानी बहुत ही रोचक है।

### विवेकानंद के पदचिह्नों पर चलने का लिया संकल्प

**गया।** अखिल विद्यार्थी परिषद, गया महानगर की ओर से गुरुवार को स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान सदस्यों ने दीप व कैंडल जलाकर स्वामी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। छात्रों ने कहा कि स्वामी जी आधुनिक भारत के महान चिंतक, देशभक्त, दार्शनिक, युवा सन्यासी व आदर्श व्यक्तित्व के धनी थे। गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर ने एक बार कहा था कि यदि आप भारत को जानना चाहते हैं तो विवेकानंद जी को जानें। इस अवसर पर छात्रों ने पूरे विश्व को भारतीय संस्कृति व दर्शन की ज्योति से आलोकित करने वाले और युवाओं के प्रेरणा पुंज स्वामी जी पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। मौक़े पर सूरज सिंह, विनायक कुमार, आलोक कुमार थे।

### गया में भव्य स्वागत होगा जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष का : गौरव

**गया।** जदयू के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सांसद संजय कुमार झा के पहली बार पटना आगमन पर गया जिला युवा जदयू के गया जिलाध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने अपने सैकड़ों साथियों के साथ किया स्वागत और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया और बधाई दी। साथ ही श्री सिन्हा ने कहा कि पहले भी हमलोगों को संजय कुमार झा जी का मार्गदर्शन मिलता रहा है। आगे भी आपके नेतृत्व और मार्गदर्शन में कार्य करने में हमलोगों को लाभ मिलेगा। साथ कुमार गौरव ने यह भी कहा कि गया की पावन धरती पर जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा अभिनंदन समारोह किया जाएगा। इसमें गया जिले के तमाम कार्यकर्ता व पार्टी के पदाधिकारी शामिल होंगे। इस मौके पर मंत्री अशोक कुमार, युवा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल तथा गया जिला से युवा जदयू नेता शिवा पांडेय, दिनेश यादव, सोनू सिंह, वारनर कुमार उर्फ चंदन कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता थे।

### दस्त रोकथाम अभियान 23 जुलाई से

**गया।** बरसात के समय में बच्चों में डायरिया यानि दस्त होने की शिकायत अधिक मिलती है। इस मौसम में घरों के आसपास पानी जमने से वायरल, बैक्टीरियल और पैरासिटिक इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। शिशुओं में डायरिया का होना खतरनाक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक एक से 59 माह के बीच के बच्चों की मौत का तीसरा बड़ी वजह डायरिया है। सालाना पांच वर्ष से कम उम्र के चार लाख से अधिक बच्चों की मौत डायरिया की वजह से होती है। डायरिया की रोकथाम और इलाज दोनों किया जा सकता है। सुरक्षित पेयजल और पर्याप्त साफ-सफाई से डायरिया को रोका जा सकता है। पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में डायरिया का एक प्रमुख कारण कुपोषण भी है। डायरिया के प्रति जागरुकता लाने और इससे बचाव के लिए जिला में 23 जुलाई से 22 सितंबर तक दस्त की रोकथाम अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान में पांच वर्ष उम्र तक के बच्चों वाले घरों में आशा द्वारा ओआरएस पैकेट का निःशुल्क वितरण किया जाना है। दस्त से ग्रसित बच्चों के उपचार के लिए जिंक टेबलेट दिया जाता है। अभियान के दौरान माताओं व अभिभावकों में डायरिया से बचाव और डायरिया प्रबंधन के संबंध में जागरुकता लाई जाएगी। शिशुओं में डायरिया की रोकथाम के लिए चलाए जाने वाले इस अभियान में विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जानी है। अभियान में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग और ग्रामीण विकास विभाग की अहम भूमिका होगी। बचे हुए भोजन और अन्य खाने-पीने की चीजों को फ्रिज में रखें। खाने और पकाने से पहले कच्चे फलों और सब्जियों को अच्छी तरह से पानी से धोएं। ऐसी कोई भी चीज न खाएं, जो खराब हो गई हो। डायरिया संक्रमण से बचने के लिए इन सभी फूड सेफ्टी उपायों को हमेशा फॉलो करें। स्ट्रीट फूड्स और नल का पानी कीटाणुओं का मुख्य केंद्र होता है, जो डायरिया का कारण बन सकता है। बाहर खाने जा रहे हैं, तो किसी विश्वसनीय फूड ज्वॉइंट्स में ही जाएं। यात्रा के दौरान बॉटल का पानी ही पिएं। घर पर वाटर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करें। बाहरी दूध पिलाने से हो सकता है डायरिया गया के सिविल सर्जन डॉ. रंजन कुमार सिंह ने बताया कि शिशुओं व छोटे बच्चों में डायरिया एक बहुत ही गंभीर समस्या है। पांच वर्ष के उम्र से नीचे शिशुओं की मौत की एक बड़ी वजह डायरिया है। डायरिया के लिए प्रमुख रुप से रोटा वायरस जिम्मेदार होता है। इसके संक्रमण के कारण डायरिया होता है। पानी का साफ नहीं होना और कई बार बाहर का दूध पिलाने से बच्चों में डायरिया हो सकता है। दूध मिलावटी हो तो इसकी संभावना और बढ़ जाती है। बच्चों को शौच के बाद और खाने से पहले साबुन से हाथ नहीं धोने, बासी खाना खाने की वजह से भी डायरिया होता है। शिशुओं को डायरिया से बचाव के लिए माताएं स्तनपान जरुर कराती रहें।

## निकासी की व्यवस्था न होने से जलजमाव

# नगर निगम के दफ्तर के बाहर ही लगा पानी, अंदर बोर्ड की चलती रही बैठक

निज संवाददाता। गया



शहर की साफ-सफाई और बेसिक सुविधा देने वाले नगर निगम का इस बरसात में हाल बुरा है। नगर निगम इन दिनों अपने ही दफ्तर परिसर में भारी जलजमाव की समस्या से गुजर रहा है। गुरुवार की शाम परिसर में जलजमाव में बच्चे बनहा रहे व मस्ती भी कर रहे थे। जलजमाव न केवल परिसर में देखने को मिला बल्कि नगर आयुक्त के दफ्तर में भी था। परिसर में भारी जलजमाव का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि पानी की निकासी के लिए दो वाहन मंगवाए गए। लेकिन शाम ढलने तक पानी नहीं निकाला जा सका। हैरानी भरी हकीकत यह भी कि नगर निगम की बोर्ड बैठक सभागार में दोपहर बाद से देर शाम तक चलती रही और बाहर परिसर में जलभराव भी घण्टों बना रहा। लेकिन किसी ने इस पर कोई चिंता भी व्यक्त नहीं की।

**नगर आयुक्त कार्यालय में भी जलजमावः** गुरुवार दोपहर बाद से बारिश शुरू हुई। शुरू में तेज और फिर धीमी बारिश शाम तक होती रही। इस दौरान जल जमाव की समस्या बन गई। खास बात यह भी कि नगर आयुक्त कार्यालय में भी परिसर का पानी घुसने लगा था। जब वीडियो बनाने की कोशिश की गई तो नगर आयुक्त के गार्ड ने मना कर दिया। मानो वह किसी अधिकारी का बॉडीगार्ड नहीं बल्कि नगर निगम का कोई बड़ा कर्मी है। हालांकि वीडियो बना रहे युवक ने नगर आयुक्त कार्यालय के बाहर का वीडियो अपने मोबाइल में कैद कर लिया। मेयर गणेश पासवान ने कहा कि निगम कार्यकाल परिसर में जमा होने वाले पानी की निकासी के लिए ठोस व्यवस्था की जा रही है। निगम के अधिकारी इस समस्या को दूर करने में जुटे हैं। जल्द ही समस्या का समाधान ही जाएगा।

# वियतनाम से आई बोधगया के युवक की डेड बॉडी

निज संवाददाता। गया



♦ 10 दिन पहले अगलगी में पति-पत्नी की मौत हो गई थी, कब्रिस्तान में किया गया सुपुर्दे खाक

वियतनाम के हिनोई में बोधगया के एक युवक की मौत हो गई थी। अपार्टमेंट में आग लगने से सोहेल और उसकी वियतनामी पत्नी ने दम घुटने की वजह से दम तोड़ दिया था। घटना के 10वें दिन सोहेल की डेड बॉडी को बोधगया लाया गया। विदेश से डेड बॉडी लाने में परिजनों को पुरजोर कोशिश करनी पड़ी। देर रात सोहेल (22 वर्ष) को बोधगया स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। सोहेल वियतनाम में बीते 6 माह से गाइड की नौकरी कर रहा था। सोहेल बीते दिनों बकरीद के मौके पर बोधगया स्थित अपने घर आया था। सोहेल हिनोई में अगलगी से तीन दिन पहले ही बोधगया से वियतनाम गया था। मृतक के परिजनों ने शॉर्ट-सर्किट घटना की वजह बताई है।

**वियतनाम एंबेसी तक गुहार लगाई थीः** सभी लोग मृतक सोहेल को एक झलक देखने के लिए परेशान थे। इस घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन डेड बॉडी को बोधगया लाने में जुटे थे। मृतक के परिजन चाहते थे कि सोहेल की बॉडी वियतनाम से बोधगया लाई जाए। ताकि उसके परिजन उसका अंतिम दर्शन कर सकें। परिजन दिन रात एक कर डेड बॉडी वियतनाम से मंगवाने में सफल हुए। सोहेल के परिजनों ने बोधगया के क्षेत्रीय विधायक, 'हम' पार्टी के नेताओं और जिला प्रशासन से लेकर कोलकाता स्थित वियतनाम एंबेसी तक गुहार लगाई थी।

# बीमार व्यक्ति को ऑटो वाले ने रास्ते में उतारा, मौत

निज संवाददाता। नालंदा

♦ सीसीटीवी इंस्टॉलेशन प्रोजेक्ट के सुपरवाइजर की बिगड़ी थी तबीयत

नालंदा में यूपी के एक व्यक्ति की संदिग्ध स्तिथि में गुरुवार की देर शाम मौत हो गई। मामला वेना थाना क्षेत्र अंतर्गत निर्माणाधीन टोल प्लाजा के समीप की है। मृतक यूपी के मुजफ्फरनगर निवासी अशोक कुमार के (40) वर्षीय पुत्र राहुल कुमार हैं। राहुल पावापुरी मोड़ के पास रह रहा था। सहकर्मी राजू ने बताया कि भागन बीघा के समीप निर्माणाधीन टोल प्लाजा के पास सीसीटीवी इंस्टॉलेशन का काम चल रहा है। इसी प्रोजेक्ट में राहुल कुमार सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थे। अचानक शाम में उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्होंने फोन कर बताया कि उनकी बीपी लो हो गई है। जाने वक्त साथ लेकर चलिएगा। अचानक पता चला कि उन्हें ऑटो पर बैठाकर अस्पताल ले जाया गया। पर ज्यादा तबीयत बिगड़ने पर ऑटो वाले ने उसे रास्ते में उतार दिया। जब वे अस्पताल पहुंचे तो उनकी मौत हो गई।

**डेंटल अस्पताल के गार्ड ने दी सूचनाः** वेना थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि अधेड़ निर्माणाधीन टोल टैक्स में सीसीटीवी इंस्टॉलेशन का काम कर रहे थे। अचानक उनकी बीपी लो हो गई। इसके बाद सहकर्मी ने ऑटो पर बैठाकर अस्पताल भेज दिया। जब राहुल की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई तो घबराकर ऑटो वाले ने पैठना स्थित डेंटल कॉलेज के गेट के समीप उतार दिया। मामले की जानकारी डेंटल कॉलेज के गार्ड ने पुलिस को दी। फिर बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# फुटवेयर, पान और सब्जी दुकान में चोरी, चप्पल की दुकान से चार लाख की संपत्ति की चोरी

निज संवाददाता। नालंदा

## पुलिस के प्रति लोगों में आक्रोश




बिहार शरीफ में फिर से एक बार बदमाश सक्रिय हो गए हैं। गुरुवार की रात एक साथ तीन दुकानों में चोरी हुई। मामला बिहार थाना क्षेत्र के महलपर का है। चोरी की घटना अंबे फुटवेयर, संजू पान दुकान और सब्जी की दुकान में हुई है। इसके बाद स्थानीय लोगों में पुलिस के प्रति आक्रोश व्याप्त है। चोरी की घटना मुख्य मार्ग पर हुई है। अंबे फुटवेयर की प्रोपराइटर इंदु देवी ने बताया कि चाय दुकानदार वाले से पता चला कि उनकी दुकान में चोरी हो गई है। जब वह दुकान पहुंचे तो देखा कि नगद और सामान समेत कुल मिलाकर 4 लाख की संपत्ति की चोरी कर ली गई। दुकान के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। संजू पान दुकान के संचालक मनीष कुमार ने बताया कि जब सुबह दुकान खोलने पहुंचे तो देखा की दुकान के मुख्य गेट का कब्जा टूटा हुआ है। सारा सामान बिखरा पड़ा है। करीब 20 हजार रुपए की संपत्ति की चोरी हुई है। सब्जी की दुकान चला रही महिला अनिता देवी ने बताया कि छत के सहारे बदमाश दुकान में प्रवेश कर गए और नगदी समेत अन्य सामान की चोरी की। जब सुबह दुकान खोलने पहुंचे तो घटना का खुलासा हुआ।

**बदमाशों को चिह्नित किया जा रहाः** घटना की जानकारी बिहार थाना की पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचकर बिहार थाना की पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बाजारवासी पुलिस गश्ती पर डंडीमारी का आरोप लगा रहे हैं। बिहार थाना अध्यक्ष रमाशंकर सिंह ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल जा रहा है। जल्द ही बदमाशों को चिह्नित कर मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

# आभूषण कारोबारी को मारी गोली, ज्वेलरी शॉप बंद कर लौट रहे थे घर, रास्ते में बाइक सवार तीन बदमाशों ने घेरा

♦ पैर में लगी बुलेट

निज संवाददाता। नालंदा




नालंदा जिला के सीमावर्ती क्षेत्र बिन्द थाना और पटना जिला के वेलछी थाना के बॉर्डर पर गुरुवार की शाम बाइक सवार 3 बदमाशों ने आभूषण कारोबारी को गोली मार दी। जख्मी की पहचान शेखपुरा जिला के बरबीघा निवासी स्वर्गीय इंद्रदेव प्रसाद के (35) वर्षीय पुत्र राजीव वर्मा के रूप में की गई है। घटना पटना जिला के बेलछी थाना क्षेत्र के कोरारी गांव के समीप हुई है। घटना के संबंध में राजीव वर्मा के भाई ने बताया कि उन्हें पता चला कि भाई को कोरारी के समीप गोली मार दी गई है। भाई बाघा टीला गांव में राज नंदनी ज्वेलर्स के नाम से जेवर की दुकान चलाते हैं। वह दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। इसी बीच कोरारी गांव के समीप बदमाशों ने गोली मार दी। गनीमत रही कि गोली बाएं पैर में लगी।

**प्राथमिक इलाज के बाद हायर सेंटर भेज दिया गया हैः** परिजन आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि लूटपाट की मंशा से बदमाशों ने गोली मारी। जख्मी को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बिहार शरीफ से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। बेलछी थानाध्यक्ष ने बताया कि अपने बच्चे के साथ राजीव वर्मा अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच बिन्द थाना क्षेत्र और बेलछी थाना के बॉर्डर पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने गोली मार दी। फिलहाल घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। जख्मी को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# अच्छी बारिश से जिराइन नदी में आया पानी



निज संवाददाता। अस्थावां

प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को हुई झमझम बारिश से नदी नालों में पानी आ गया। बारिश से किसानों के चेहरे खिले गये। प्रखंड क्षेत्र की जीवन रेखा कहे जाने वाली जिराइन नदी में पानी आने से ग्रामीणों में खुशी देखी जा रही है। कल तक जो नदी नाले सूखे थे, आज की बारिश में उसमे ठेहुना भर पानी आ गया है। ग्रामीणों की मानें तो कल रात ही नवादा पौर स्थित बराज खोल दिया गया है। आज रात से जिराइन में अविरल धारा बहने की संभावना है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त नदी क्षेत्र के लिए वरदान है। क्षेत्र में सिंचाई के लिए किसान इसी पर निर्भर रहते हैं। बालू माफिया की करतूत से नदी में जहां तहां गड्ढे हो गए हैं।

# 50 फीट गहरे कुंए में गिरकर गाय की मौत



निज संवाददाता। नालंदा

बिहार शरीफ के गुफा पर धनेश्वर घाट रोड स्थित ठाकुरवाड़ी के पास गुरुवार को कुएं में गिरने से गुफापर निवासी सहोदर भाई राजू यादव और श्रवण यादव की गाय की मौत हो गई। हालांकि गाय को निकालने का अथक प्रयास किया गया, लेकिन तब तक गाय की मौत हो चुकी थी। पशुपालक श्रवण कुमार ने बताया कि गाय खुलकर बाहर गली में आ गई। और ठाकुरबाड़ी के समीप कुएं में जा गिरी, ठाकुरवादी के समीप पूर्व से 50 फीट गहरा एक कुंआ है। जिसके ऊपर लकड़ी का पटरा डालकर मिट्टी से ढक दिया गया था। बारिश होने की वजह से लकड़ी सड़ गई। जैसे ही गाय उक्त स्थल पर पहुंची तो अचानक से 50 फीट गहरे कुएं में गिर गई। ठाकुरवाड़ी कमेटी पर आरोप लगाते हुए समुद्र भाइयों ने कहा कि कुंआ बहुत पुराना है। अब इसका इस्तेमाल नहीं हो रहा है तो इसे बंद कर देना चाहिए था। मगर इसके ऊपर एक पटरा रख दिया गया। यहां बच्चे बड़े सभी आते रहते हैं। गनीमत रही कि कोई इंसान वहां नहीं पहुंचा नहीं तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी। तत्काल इसकी सूचना नगर निगम को दी गई। नगर निगम के द्वारा करीब 3 घंटे तक 2 जेसीबी से कड़ी मशक्कत की गई। बावजूद 50 फीट गहराई तक नहीं पहुंच सकी और इसके पहले ही गाय की मौत हो गई। इसके बाद गाय को कुएं में ही मिट्टी डाल कर दफन कर दिया गया। पशुपालक के द्वारा सदर SDO को इस घटना की शिकायत की गई है।

## कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

**सैरात बंदोबस्ती आमंत्रण सूचना संख्या :– 03/2024–25**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में मार्च 2025 तक के लिए निम्नलिखित सैरातों की बंदोबस्ती खुली डाक द्वारा दिनांक 13.07.2024 को पूर्वा0 11.00 बजे से नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर के कार्यालय के सभागार में की जायेगी :–

| क्र0 | सैरातों का नाम | सरकारी डाक की राशि | प्रतिभूति की राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | बजरंग बली मोड़ के पास टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 330100.00 | 33000.00 |
| 02 | ग्रामीण बैंक के पास टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 264100.00 | 26400.00 |
| 03 | चेचरिया पुल के पास टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 275100.00 | 27500.00 |
| 04 | बैल बाजार के पास टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 193000.00 | 19300.00 |
| 05 | जंगीपुर मोड़ के पास टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 232100.00 | 23200.00 |
| 06 | श्री बंशीधर नगर हाट/बाजार सैरात की बंदोबस्ती | 840000.00 | 84000.00 |

बैठक में भाग लेने वाले व्यक्ति नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर द्वारा निर्गत आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करेंगे, जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर उंटारी, नगर पंचायत के पदनाम से बैंक ऑफ इण्डिया, नगर उंटारी में देय होगा। आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि जमा करने वाले व्यक्ति को ही बंदोबस्ती में भाग लेने की अनुमति प्रदान की जायेगी।

आवेदन पत्र एवं नियम शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर प्रबंधक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है। डाक की नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट, www.garhwa.nic.in एवं विभागीय वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| प्रतिभूति राशि जमा करने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर |
| प्रतिभूति राशि जमा करने का तिथि एवं समय | दिनांक 13.07.2024 (पूर्वा0 11.00 बजे से अप0 02.00 बजे तक) |
| डाक बोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर |
| डाक बोलने का तिथि एवं समय | दिनांक 13.07.2024 (अप0 03.00 बजे से) |

प्रशासक,
न0पं0, श्री बंशीधर नगर

PR 328752 Urban Development (24-25)_D

# डीएम ने किया आकांक्षी जिला के तहत संपूर्णता अभियान का शुभारंभ

निज संवाददाता

**नवादा**। आशुतोष कुमार वर्मा जिला पदाधिकारी, नवादा ने पकरीबरावां प्रखंड में कृषक महाविद्यालय धेवधा में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत् सम्पूर्णता अभियान द्वीप प्रजज्वलित कर शुभारम्भ किये। नीति आयोग द्वारा चयनित नवादा जिले के ब्लॉक पकरीबरावां का चयन किया गया है। आकांक्षी ब्लॉक में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि एवं सामाजिक क्षेत्र में सुधार के लिए निर्धारित किये गए छः इंडिकेटर में प्रगति लाने के लिए विशेष गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि अगले तीन महीने में शत्-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त कर लेना है। नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला कार्यक्रम और आकांक्षी प्रखंड अन्तर्गत 04 जुलाई से 30 सितम्बर 2024 तक सम्पूर्ण अभियान चलेगा। इसके लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित प्लान और रणनीति के अनुरूप 30 सितम्बर 2024 तक हर हाल में शत्-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने का सख्त निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला स्तर पर मासिक बैठक कर योजनाबद्ध तरीके से कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिये। सम्पूर्णता अभियान के अन्तर्गत 06 सूचकांक में गर्भवती महिलाओं का एएनसी पंजीकरण बढ़ाना, उच्च रक्तचाप और मधुमेह की जॉच को बढ़ाकर शत्-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करना, गर्भवतियों की स्वास्थ्य एवं पोषाहार में सुधार लाते हुए शत्-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करना, किसानों की मिट्टी जॉच कर मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराना, जीविका द्वारा समूह ऋण बढ़ाते हुए ससमय ऋण देना और उसकी वसूली करना आदि के बारे में बृहत रूप से बताया गया। आज जिला पदाधिकारी द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम भी किया गया। 12 किसानों को स्वायल हेल्थ कार्ड का वितरण जिलाधिकारी द्वारा किया गया। उन्होंने वहां कुछ किसानों को बीज वितरण भी किए। इस अवसर पर जिला योजना पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डीपीएम जीविका, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी पकरीबरावां, अंचलाधिकारी पकरीबरावां के साथ-साथ प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।



## जनता दरबार में कई मामलों का हुआ ऑन स्पॉट निष्पादन

निज संवाददाता

**नवादा**। चन्द्रशेखर आजाद अपर समाहर्त्ता, नवादा की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। आज जनता दरबार में कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से आधे से अधिक आवेदनों को ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। आज भूमि विवाद, प्रधानमंत्री आवास योजना, आपसी विवाद, मनरेगा, आपूर्ति, हर घर नल का जल, चापाकल, विद्युत आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। आज जनता दरबार में थाना- अकबरपुर, ग्राम-बड़का खेरा के अरविन्द कुमार, थाना- कौआकोल, ग्राम-दरावां के अनिता देवी, लाल परी देवी, पार नवादा नीम टोला, थाना- हिसुआ, ग्राम-एकनार के पुष्पा कुमारी द्वारा अपनी-अपनी समस्या से संबंधित आवेदन समर्पित किया गया। अपर समाहर्त्ता ने संबंधित पदाधिकारी से बात कर अविलंब निष्पादन के लिए निर्देश दिये एवं सभी शिकायतकर्ता को समस्या सामाधान के लिए आश्वासन दिये। जनता दरबार में अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजकुमार सिंहा एवं शशांक राज वरीय उपसमाहर्त्ता के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## हरिशचंद्र स्टेडियम में भरा बारिश का पानी, खिलाड़ियों में मायूसी



निज संवाददाता

**नवादा**। जिला मुख्यालय का एक मात्र हरिश्चंद्र स्टेडियम इन दिनों झील का रूप ले लिया है। लगातार हो रही बारिश से पूरे स्टेडियम में पानी भर गया है। पानी भरने के कारण स्टेडियम में अब खिलाड़ी क्रिकेट नहीं खेल पा रहे हैं। खेल- खिलाड़ियों एवं फिजिकल की तैयारी करने वाले छात्र काफी मायूश है। लाखों करोड़ों रुपये स्टेडियम के जीर्णोद्धार में लगाये गए मगर आजतक बरसात में उसकी तस्वीर नहीं बदली। स्टेडियम में जलजमाव का नजारा का फोटो और वीडियो शहरवासी अपने सोशल मीडिया अकाउंट फेसबुक, व्हाट्सअप पर डालकर ट्रोल कर रहें और जिला प्रशासन पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। बता दें अब तक जिला प्रशासन ने हरिश्चन्द्र स्टेडियम को जलजमाव की समस्या से निजात दिलाने को लेकर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। मंगलवार -बुधवार - गुरुवार व शुक्रवार को हुई बारिश के बाद स्टेडियम का 80 फीसदी हिस्सा पानी से भर गया। स्टेडियम में पिच से लेकर ट्रैक तक भरा पानी:- सभी प्रकार के खिलाड़ी इस स्टेडियम में आकर अपने खेल की प्रैक्टिस करते हैं। इसमें एथलेटिक्स, क्रिकेट, वॉलीबॉल, हॉकी आदि के खिलाड़ी शामिल हैं। स्टेडियम में पिच से लेकर ट्रैक तक पानी भरा है। ऐसे में युवा खेल का अभ्यास नहीं कर पा रहे हैं। अब इस स्टेडियम में भरे पानी में आसपास के बच्चे नहाते नजर आ रहे हैं। खिलाड़ी सुबह शाम इस स्टेडियम में अभ्यास करने के लिए आते थे। मगर लगातार हो रही बारिश से अब मैदान में चारों तरफ खिलाड़ियों की जगह पानी भरा दिख रहा है। क्रिकेट की पिच से लेकर दौड़ के ट्रैक तक पानी ही पानी दिख रहा है। कुछ खिलाड़ी आते हैं और स्टेडियम में बने भवन में कुछ देर फिजिकल फिटनेस के लिए एक्सरसाइज करके लौट जाते हैं।

# गडढ़ो में भरे पानी में जाने से हो सकते हैं सड़क दुर्घटना के शिकार

- पुल के बगल में बना सर्विस रोड एक-दो बरसात भी नहीं झेल पाया।
- सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं और उनमें बारिश का पानी जमा हो गया है।
- गड्ढों के कारण बाइक सवारों, यात्री वाहन चालकों और कार चालकों को गंभीर दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है।



निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)**। प्रखण्ड क्षेत्र में पुल के बगल में बने सर्विस रोड एक-दो बरसात भी नहीं झेल पाया। जिसका नतीजा है कि सर्विस रोड में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढ़े हो गयें है एवं इस गड्ढ़े में बारिश के पानी का जमाव हो गया है। सड़कों पर गड्ढ़े और गड्ढ़े में बारिश के पानी के कारण बाइक सवारों, यात्री वाहन चालकों समेत कार चालकों के साथ भयंकर धोखा हो जा रहा है। सामान्यतः चिकनी सड़क पर कहीं पानी देखते हैं, तो उन्हें लगता है सड़क में थोड़ा बहुत ऊंच-नीच होगा, इसलिए सड़क पर थोड़ा बहुत पानी जमा हुआ है। किंतु सर्विस रोड में रजौली से लेकर अंधरवारी तक दर्जनों ऐसे बड़े गड्ढ़े हैं, जिसमें तेज रफ्तार बाइक, कार, ट्रक या बस दुर्घटनाग्रस्त हो सकते हैं। वहीं प्रतिदिन आने-जाने वाले लोग या तो खुद गड्ढ़े में जाकर सिख रहे हैं, या तो दूसरे वाहनों को डगमगाता देख सम्भल रहे हैं। वहीं कभी-कभार आने-जाने वाले वाहन इस गड्ढ़े में जाकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। किसी लग्जरी कार का चेचिस बैंड हो जा रहा है, तो कई कार में टूट-फूट हो जा रहा है। वहीं बाइक सवार यदि गलती से इस गड्ढ़े से गुजरते हैं, तो दुर्घटना होना तय हो जाने की भरपूर सम्भवना है। वहीं बायपास के समीप बने सर्विस रोड के बगल में नालियों की स्थिति भी बेहद खराब है, क्योंकि सड़कों पर बहने वाला पानी जिसे नालियों में जाना चाहिए, उसका जमाव भी सड़क पर ही है। साथ ही नालियों के ऊपर रहे दर्जनों ढक्कन टूटे पड़े हैं, जिससे नालियां भी खुली हुई है और दुर्घटना को आमंत्रण दे रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सर्विस रोड में जब गड्ढ़े बड़े हो जाते हैं और किसी वीआईपी को नुकसान पहुंचता है, तो कम्पनी वाले थोड़े सक्रिय होकर उन गड्ढों में गिट्टी के मसाले भर देते हैं, जो मुश्किल से तीन-चार दिनों के बारिश में वापस अपने रूप में आ जाते हैं। वहीं कुछ लोगों ने यह भी कहा कि सर्विस रोड को छोड़िए फोरलेन सड़क पर भी एक तरफ का लेन बन्द करके कम्पनी वाले सड़क को तोड़कर पुनः निर्माण करने में जुटे हुए हैं। देखभाल कर्ता गाबर कंस्ट्रक्शन कंपनी के अनियमितता से परेशान हैं लोग रजौली-सिरदला रोड में सड़क निर्माण कम्पनी द्वारा अनियमितता बरते जाने से दो दर्जन से भी अधिक दुकान एवं मकान के आगे पूरे बारिश के मौसम में जल-जमाव हो जाता है। जिससे सड़कों पर आने-जाने वाले लोगों के साथ-साथ सड़क किनारे स्थित दुकानों में ग्राहक आना पसंद नहीं करते हैं। जबकि दुकानदार प्रतिदिन की भांति दुकान खोलकर सिर्फ मक्खियां भगाने में जुटे रहते हैं। दुकानदारों ने कहा कि फोरलेन के सर्विस रोड निर्माण के वक्त रजौली-सिरदला रोड में ऊंचा करके फेवर ब्लॉक बिछा दिया गया। जिसका नतीजा यह हुआ कि फेवर ब्लॉक और सड़क की ऊंचाई के बीच जल-जमाव क्षेत्र बनकर रह गया है। दुकानदारों ने कहा कि इसकी शिकायत उन्होंने सड़क निर्माण करने वाली कम्पनी एवं नगर पंचायत प्रशासन से भी की है, किन्तु अबतक इसका निराकरण नहीं किया जा सका है। इस जल-जमाव के कारण लोगों का व्यवसाय मंदा चल रहा है। ज्यादा दिनों तक गंदे पानी का जल-जमाव कई बीमारियों को भी न्यौता दे रहा है। ऐसा नहीं है कि ये परेशानियां उनको इस बारिश में हो रही है, बल्कि जबसे फोरलेन का निर्माण हुआ है, तबसे लोग जल-जमाव से पीड़ित हैं। ताज़्जुब की बात तो यह है कि दर्जनों बार खबरें प्रकाशित होने के बाद भी इसके विरुद्ध किसी प्रकार की कार्रवाई तक नहीं हो पाई है।

## लगातार बारिश से आमलोगों के जन-जीवन अस्त-व्यस्त

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)**। प्रखण्ड क्षेत्र में बीते चार दिनों से हो रही लगातार बारिश की वजह से लोगों का जन-जीवन अस्त-व्यस्त है। वहीं मुख्यालय के बजरंगबली चौक पर प्रत्येक सप्ताह के शुक्रवार को लगने साप्ताहिक हाट पर सन्नाटा पसरा हुआ दिखाई दिया। वहीं बाजार क्षेत्र में सड़क किनारे लगे पेड़ की जड़ों को बारिश ने कमजोर बना दिया है, जिसके कारण पेड़ जड़ से उखड़ रहे हैं। शुक्रवार की हुई बारिश के कारण रजौली इंटर स्कूल के बगल में एक पेड़ जड़ से उखड़ गया।वहीं पास में ही रहे वन विभाग के रेंज कार्यालय में रहने वाले दर्जनों वनकर्मियों ने भी गिरे पेड़ को यथास्थिति में छोड़ दिया। हालांकि किसी व्यक्ति या अन्य की क्षतिपूर्ति नहीं हुई। किन्तु पेड़ के सड़क पर लंबवत गिर जाने से घंटों तक आवागमन अवरुद्ध रहा।लगातार हो रही बारिश से मूंग की फसल बर्बाद हो रही है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। धमनी गांव निवासी कृष्णा प्रसाद ने कहा कि उनके दो बिगहा खेत में मूंग की फसल लगी थी।बारिश से पहले वे एकबार मूंग तोड़े थे, जबकि और तोड़ना शेष था। किंतु लगातार चार दिनों से हो रही बारिश के कारण मूंग का फसल बर्बाद हो रहा है। वहीं बाजार के व्यवसायियों का प्रतिष्ठान अपेक्षाकृत मंदा चल रहा है। कपड़ा व्यवसायी दिलीप सिंह ने कहा कि दो-तीन माह बाद शादी का सीजन आया था।

# सोखोदेवरा आश्रम में शुरू हुआ आम एवं नींबू के पौधा की बिक्री



निज संवाददाता

**कौआकोल (नवादा)**। प्रखण्ड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा में कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा, नवादा के सौजन्य से शुक्रवार से उन्नत एवं शंकर किस्म के विभिन्न प्रजातियों के आम, अमरूद, अनार एवं नींबू के पौधों का बिक्री कार्य का शुभारंभ किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह ने बताया कि आम के पौधों में विभिन्न प्रजातियां जैसे-मालदह, आम्रपाली, दशहरी, लोकनायक, जर्दालू, बम्बई, मल्लिका आदि किस्म तथा अमरूद के इलाहाबाद सफेदा, थाई अमरूद, एवं नींबू पौधा तथा अनार के पौधा का भी वितरण कार्य शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि पहले दिन नवादा, जमुई एवं शेखपुरा के विभिन्न प्रखंडों से 100 से अधिक किसानों ने 500 से अधिक पौधों की खरीद किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष आम के विभिन्न प्रजातियों के पंद्रह हजार तथा नींबू के साढ़े चार हजार पौधों की बिक्री का लक्ष्य रखा गया है। मौके पर केवीके के वैज्ञानिक डॉ. धनंजय कुमार, डॉ. शशांक शेखर सिंह, अंगद कुमार, सुमिताप रंजन, अनिल कुमार, विकास कुमार, पिंटू पासवान आदि मौजूद थे।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

**ई–निविदा सं. :** सी–710–जीसीटी–एमएचडीए–डीएचएन, **क्र. सं. : 1. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** महदेइया (एमएचडीए) स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) का पूरी तरह से रेलवे भूमि पर पैंतीस वर्ष (35 वर्ष) अर्थात 420 महीने की अवधि के लिए विकास, **2. महदेइया स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास का लगभग लागत :** रू० 29,70,98,760/–, **3. ब्याने की राशि :** रू० 2,97,09,900/–, **4. निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय :** ई–निविदा बंद होने की तारीख 26.07.2024 को 15:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तारीख 26.07.2024 को 15:30 बजे से। **5. वेबसाईट का विवरण : http//www.ireps.gov.in** ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)**
**पूर्व मध्य रेल/धनबाद**
**पीआर/00642/डीएचएन/वा०/टी/24–25/32**


## नदी में डूबने से बृद्ध की मौत

**वारिसलीगंज (नवादा) (नि.सं.)**। थाना क्षेत्र के सकरी नदी में डूबने से एक बृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान स्थानीय थाना क्षेत्र के मसूदा ग्रामीण स्व माहो यादव का 80 वर्षीय पुत्र जगदीश प्रसाद के रूप में हुई है। शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली की थाना क्षेत्र के मुर्गियाचक गांव के पास सकरी नदी में एक शव पड़ा है। सूचना बाद उक्त स्थान पर पहुंची पुलिस ने नदी से शव को बाहर कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक के भतीजा नवलेश कुमार किरण ने बताया कि गुरूवार को चाचा अपनी बेटी की ससुराल थाना क्षेत्र के टिका बिगहा जाने की बातें कहकर घर से निकले थे। शुक्रवार की सुबह उनका शव सकरी नदी में मिला। उन्होंने बताया कि चाचा की मौत नदी में डूबने से हुई है। नवलेश ने कहा कि आए दिन नदी में डूबने से बच्चा सहित नवजवान और बृद्ध की मौत हो रही है। उन्होंने मौत का कारण नदी में अवैध बालू का उत्खनन कर गड्डा बना देने से बताया। इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा ने बताया कि बृद्ध की मौत नदी में डूबने से हुई है।


बिहार सरकार

**उत्पाद न्यायालय, वरीय उप समाहर्ता –सह–पीठासीन पदाधिकारी, औरंगाबाद**

(मद्यनिषेध कोर्ट–5)

**अति आवश्यक सूचना प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा निम्नलिखित वादों में वाहन मालिकों/भूमि मालिकों/संबंधितों को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम, 2018 के अन्तर्गत पुलिस/उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन के आरोप में आपके वाहन/भूमि/सामग्री को जप्त कर अधिहरण हेतु समर्पित प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अधिहरण वाद संधारित है।

ज्ञातव्य हो कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद (संशोधन) नियमावली 2022 के नियम 12(क) के तहत वाहन स्वामी से प्रपत्र IV में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति के भुगतान पर जप्त वाहनएवं नियम 12(ख) के तहतभू–स्वामी से प्रपत्र V में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति के भुगतान पर जप्त/सील परिसर को छोड़ने का प्रावधान है।

उत्पाद अधिहरण वाद में सुनवाई की तिथि–**25.07.2024**को निर्धारित की गयी है।

**अधिहरण हेतु वाहन/भूमि की सूची निम्न प्रकार है :–**

| क्र. सं. | थाना कांड सं०/उत्पाद सं० | उत्पाद अधिहरण वाद संख्या | पक्षकार का नाम एवं पत्ता | वाहन का प्रकार एवं निबंधन संख्या/ मकान एवं भूमि | वाहन मालिक/मकान मालिक का नाम एवं पत्ता | सुनवाई की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बारूण थाना कांड सं०–133/2024 | 25/24 | सरकार बनाम रमेश राम | मोटरसाईकिल निबंधन सं०–JH-03J-9814 | रमेश राम, पिता–राजू राम, सा०–बंशी बिगहा, पो०–जपला, थाना–हुसैनाबाद, जिला–पलामू, झारखंड | 25.07.2024 |
| 2 | मुफसिल थाना कांड सं०–07/2024 | 23/2024 | सरकार बनाम प्रवेश कुमार वगैरह | बोलेरो कार निबंधन सं०–BR-02BL-4575 | सहंसा खॉं, पिता–नसीम खॉं, सा०–लावाबार बाराकला, थाना–ईमामगंज, जिला–गया | 25.07.2024 |
| 3 | मुफसिल थाना कांड सं०–89/2022 | 14/24 | सरकार बनाम संतोष यादव | मोटसाईकिल निबंधन सं०–JH-03P-1415 | संतोष यादव, पिता–विदेशी यादव, सा०–कुल्हिया, पो०ल्हल्का, थाना–हरिहरगंज, जिला–पलामू, झारखंड | 25.07.2024 |
| 4 | मुफसिल थाना कांड सं०–74/2024 | 20/24 | सरकार बनाम रिषव कुमार पाठक | महिन्द्रा XUV निबंधन सं०–JH-12C-0025 | रिषव कुमार पाठक, पिता–नरेन्द्र कुमार पाठक, सा०–Q no-08, Siram Toli Road Near Patel Chowk B.S.R.T.C Colony, जिला–राँची, झारखंड | 25.07.2024 |
| 5 | बारूण थाना कांड सं०–447/2023 | 19/24 | सरकार बनाम शमशेर पासवान | मौजा–बड़ीकला, थाना नं०–142, खाता नं०–0, प्लॉट नं०–470, रकबॉ–05X05 वर्गफीट | शमशेर पासवान, पिता–मुन्ना पासवान सा०–बड़ीखुर्द, थाना–बारूण, जिला–औरंगाबाद | 25.07.2024 |
| 6 | बारूण थाना कांड सं०–395/2023 | 18/24 | सरकार बनाम अशोक कुमार उर्फ गॉंधी | मौजा–कोचाढ़, खाता नं०–6, प्लॉट नं०–143, रकबॉ–10X10 वर्गफीट | अशोक कुमार उर्फ गॉंधी, पिता–राजेन्द्र सिंह, सा०–लक्ष्मीनगर, थाना–बारूण, जिला–औरंगाबाद | 25.07.2024 |

अतः आप अथवा वाद से संबंधित कोई अन्य व्यक्ति, जिनका कोई हित निहित हो उपर्युक्त निर्धारित तिथि को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे अथवा आपके उपस्थित नहीं होने पर एक पक्षीय सुनवाई कर नियमानुसार वाद का निष्पादन कर दिया जाएगा।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**वरीय उप समाहर्ता –सह–पीठासीन पदाधिकारी, औरंगाबाद**

**PR. No. 003306 (Excise) 2024-25**

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**



**कार्यालय सेनानी, 60वीं वाहिनी, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल**
**पत्रालय - जीरो (हपोली), जिला - लोअर सुबनसीरी (अरुणाचल प्रदेश ) -- 791120**
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 60वीं वाहिनी, भा.ति.सी.पुलिस बल के दल सं. 230603381 सि०/ जी.डी. (रिकरूट) मृत्युंजय कुमार सिंह अपने प्राथमिक प्रशिक्षण ग्रहण करने के दौरान दिनाक 26.09.2023 (पूर्वा.) को आर०टी०सी० शिवगंगई के कैम्प परिसर से बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति के अनुपस्थित चल रहा है।

02. दल सं0- 230603381 सि. / जी.डी. (रिकरूट) मृत्युंजय कुमार सिंह को आर.टी.सी. शिवगंगई, भा.ति. सी.पुलिस बल द्वारा उनके कार्यालय के ज्ञापन सं0-796-99 दिनांक - 12.12.2023 एंव 891-94 दिनांक - 29.12.2023 के तहत ड्यूटी पर तुरंत आमद देने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त कर्मी के पिता को भी उक्त ज्ञापनों के तहत अपने पुत्र को तत्काल प्रशिक्षण केन्द्र / ड्यूटी पर भेजने हेतु अनुरोध किया गया, किन्तु कर्मी अभी तक प्रशिक्षण केन्द्र / ड्यूटी पर आमद नहीं हुआ है।

03. उक्त के अतिरिक्त शिवगंगई, भा.ति.सी.पुलिस बल कार्यालय के पत्र सं0-82-83 दिनांक- 05.02.2024 के तहत पुलिस अधीक्षक, Distt - Kaimur (Bhabua ), State :- Bihar से कर्मी को गिरफ्तार कर उप महानिरीक्षक, आर०टी०सी० शिवगंगई, भा०ति०सी०पुलिस बल को सौंपने हेतु अनुरोध किया गया, परन्तु स्थानीय पुलिस द्वारा भी किसी प्रकार की सूचना नहीं दी गई।

04. कर्मी की लगातार अनुपस्थिति को देखते हुए भा.ति.सी. पुलिस बल अधिनियम - 1992 की धारा 74 (1) में दिये गये प्रावधानों के तहत उप महानिरीक्षक, आर.टी.सी. शिवगंगई, भा.ति.सी. पुलिस बल कार्यालय के आदेश सं0-1161 दिनांक-06.03.2024 के तहत न्यायिक जांच समिति का गठन किया गया। न्यायिक जांच समिति द्वारा प्राप्त तथ्यों के उपरान्त यह संस्तुति दी गई है, कि कर्मी इतना पत्राचार करने के बाद भी ड्यूटी हेतु आमद नहीं हुआ है, इसलिए कर्मी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही कर 'भगौड़ा घोषित किया जाये। तदानुसार भा.ति.सी.पुलिस बल अधिनियम-1992 की धारा 74 (2) में दिये गये प्रावधानों के तहत 60वीं वाहिनी, भा.ति.सी. पुलिस बल कार्यालय के आदेश सं0-5145-60 दिनांक - 19.06.2024 के तहत अनुपस्थित होने की तिथि से 'भगौड़ा घोषित किया गया है।

05. तदानुसार न्यायिक जांच समिति द्वारा प्राप्त तथ्यों व संस्तुति के आधर पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा यह निर्णय लिया गया है, कि दल सं0-230603381 सि० / जी०डी० (रिकरूट) मृत्युंजय कुमार सिंह, 60वीं वाहिनी, भा.ति.सी. पुलिस बल में सेवा करने योग्य नही है । अतः भा.ति.सी.पु.बल नियमावली - 1994 के नियम 20 के साथ पठित नियम 17 (2) के तहत कर्मी को 'सेवा से बर्खास्त कर दिया जाए।

06. दल सं0-230603381 सि./ जी.डी. (रिकरूट) मृत्युंजय कुमार सिंह, 60वीं वाहिनी, भा.ति.सी.पुलिस बल S/O Shri Manoj Kumar Singh, Vill. - Naraura, P.O- Mujan, PS - Mohania. Distt.- Kaimur (Bhabua). State- Bihar, Pin-821109 को इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से अंतिम अवसर देते हुए सूचित किया जाता है, कि आप दिनाक 29.07.2024 या इससे पूर्व भौतिक रूप से अपनी आमद 60वीं वाहिनी, भा.ति.सी.पु.बल पत्रालय - जीरो (हपोली), जिला - लोअर सुबनसीरी ( अरूणाचल प्रदेश) में दे, अन्यथा आपको सेवा से बर्खास्त कर दिया जायेगा।

**CBC 19112/11/0084/2425**

## संक्षिप्त समाचार

### गड़हनी पंचायत समिति की आज बैठक

**गड़हनी**। नए प्रखण्ड प्रमुख के कुर्सी संभालने के बाद शुक्रवार को गड़हनी पंचायत समिति सदस्यों की बैठक है। प्रखंड विकास पदाधिकारी बीरेंद्र कुमार ने बताया कि इसके लिये सांसद, विधायक, एमएलसी, सभी मुखिया व पंचायत समिति सदस्यों व सरकार के सभी विभागों को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है। बता दें कि पिछले माह अविश्वास के बाद गड़हनी प्रखण्ड के नए प्रमुख बिनोद सिंह बने है। बनने के बाद 24 जून को पहली बैठक रखी गई थी। लेकिन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के नहीं रहने के कारण बैठक स्थगित कर दिया गया था। स्थागित किए गए बैठक को लेकर ही इस बैठक का आयोजन किया गया।

### फुलौत में बाढ़ प्रभावित इलाकों का डीएम ने किया निरीक्षण

**चौसा**। फुलौत के बाढ़ प्रभावित इलाकों का गुरुवार को जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फुलौत पूर्वी पंचायत के उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा फुलौत पश्चिमी पंचायत के हाहाधार में बने बाढ़ आश्रय भवन, एनएच 106 पर पुल निर्माण सहित अन्य कार्यों का जायजा लिया। उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर का निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय की स्थिति को देखते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों के कई आवश्यक निर्देश दिए। उसके बाद फुलौत पश्चिमी पंचायत के बाढ़ आश्रम भवन का की व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा। इसी दौरान कुछ ग्रामीणों द्वारा बिजली की समस्या को अवगत कराया गया जिस पर डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक माह के अंदर बिजली पोल लगाकर बिजली बहाल करें।बाढ़ प्रभावित इलाके का भ्रमण के दौरान एसडीएम एसजेड हसन, बीडीओ ब्रजेश कुमार दीपक व सीओ शशिकांत यादव को विद्यालय परिसर के अंदर शुद्ध पेयजल, एवं खान-पान के साथ तमाम चीजों की व्यवस्था समय से पहले करने कहा। डीएम ने कहा कि जो कमी है उसे जल्द पूरी करें। बाढ़ आने को है और फुलौत बाढ़ग्रस्त इलाका है, यहां के निचले इलाकों के लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना जरूरी है। ऐसे में बाढ़ आने से पहले सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करें। जिन चीजों की कमी है वह फौरन हमें बताएं उसे जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। एनएच 106 पर बड़ोखर धार के पास बन रहे पुल का जायजा लेते हुए जिलाधिकारी ने ठेकेदार को जल्द से जल्द निर्माण पूरा करने को कहा। मौके पर एसपी संदीप सिंह, एडीएम अरुण कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ. मिथिलेश ठाकुर,जिप सदस्य अनिकेत कुमार मेहता आदि मौजूद रहे।

### 9 से 22 तक होगी परीक्षा, प्रोग्राम जारी



**आरा**। आरा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने स्नातक पार्ट वन-2024 ओल्ड कोर्स की परीक्षा का प्रोग्राम जारी कर दिया है। यह परीक्षा 9 से 22 जुलाई तक होगी। परीक्षा के लिए भोजपुर, बक्सर, रोहतास एवं कैमूर जिले में एक-एक केंद्र बनाए गए हैं। भोजपुर जिले के सभी कॉलेजों की परीक्षा एचडी जैन कॉलेज में होगा। बक्सर जिले के सभी कॉलेजों की परीक्षा एमवी कॉलेज बक्सर, रोहतास जिले के सभी कॉलेजों की परीक्षा एसपी जैन कॉलेज सासाराम और कैमूर जिले के सभी कॉलेजों की परीक्षा एसभीपी कॉलेज भभुआ में होगा। परीक्षा नियंत्रण डॉक्टर अनवर इमाम ने बताया कि यह परीक्षा दो पाली में संचालित की गई है। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक होगी। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होगी। उन्होंने बताया कि ऑनर्स विषय की परीक्षा नौ एवं 10 जुलाई तक होगी जबकि जनरल एवं सहायक विषय की परीक्षा 11 से 22 जुलाई तक होगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी विषयों को दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप ए में फिजिक्स, बॉटनी, जूलॉजी, मैथ एवं कॉमर्स विषय को रखा गया है। ग्रुप बी के तहत राजनीति शास्त्र, लोक प्रशासन, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, भूगोल, दर्शन शास्त्र, म्यूजिक, अर्थशास्त्र, हिंदी, अंग्रेजी, गृह विज्ञान, इतिहास, उर्दू, पर्शियन, पाली, प्राकृत, भोजपुरी, संस्कृत और एलएसडब्ल्यू विषय को रखा गया है। स्पेशल ग्रुप में रसायन शास्त्र विषय को रखा गया है। सभी परीक्षाएं ग्रुपवार संचालित होगी। 9 से बीबीए, बायोटेक एंड आईएफएफ की परीक्षा आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने बीबीए, बायोटेक एंड आईएफएफ की परीक्षा के लिए प्रोग्राम जारी कर दिया है। यह परीक्षा 9 से 13 जुलाई तक होगी। इस परीक्षा के लिए भी भोजपुर, बक्सर, रोहतास एवं कैमूर जिले में एक-एक केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा नियंत्रण डॉक्टर अनवर इमाम ने बताया कि भोजपुर जिले के सभी कॉलेजों की परीक्षा जगजीवन कॉलेज, बक्सर जिले के सभी कॉलेजों की परीक्षा एलबीटी कॉलेज बक्सर, कैमूर जिले के सभी कॉलेजों की परीक्षा एसएसएस महिला कॉलेज भभुआ और रोहतास जिले के सभी कॉलेजों की परीक्षा रोहतास महिला कॉलेज सासाराम में होगा। यह परीक्षा एक पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक होगा। परीक्षा के लिए जल्द ही एडमिट कार्ड जारी कर दिया जाएगा। राजभवन सचिवालय की तरफ से लंबित परीक्षाओं को कराने का काफी दबाव है। विश्वविद्यालय निर्धारित परीक्षा कैलेंडर के अनुसार सभी लंबित परीक्षाओं का संचालन करने में जुट गया है।

### वार्षिक गतिविधि और क्रिया कलापों की गुणवता की जांच

**कोईलवर**। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आरसेटी भोजपुर का ग्रेडिंग वित्तीय वर्ष 23–24 के वार्षिक गतिविधि एवम क्रिया कलापों की गुणवता की जांच की गई। साथ ही प्रशिक्षण से संबंधित कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। ग्रेडिंग अधिकारी आशीष मेहरोत्रा के द्वारा आरसेटी के क्रिया कलापों की समीक्षा की गई। ज्ञात हो ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष पूरे देश में सभी प्रशिक्षण संस्थान की ग्रेडिंग की जाती है। ताकि प्रशिक्षण संस्थान की गुणवाता में और सुधार लाया जा सके एवम संस्थान की मौजूदा संसाधन में और विकास किया जा सके। फिलहाल आरसेटी में रेफ्रिजरेटर एवम एसी मरम्मत एवम पापड़, आचार एवम मसाला पाउडर मेकिंग का प्रशिक्षण चल रहा है। कुल 70 प्रशिक्षणार्थी भाग ले रहे है। निदेशक राणा संजीत ने बताया कि संस्थान में आवासीय प्रशिक्षण की निशुल्क व्यवस्था शुरू हो गई है। अब दूर दराज के लोगो को रोजाना आना जाना नही पड़ेगा। प्रशिक्षण अवधि तक रह कर प्रशिक्षण कर सकेंगे। इस अवसर पर पीएनबी के एलडीएम राजेश कुमार चौधरी, डीडीएम नाबार्ड रंजीत सिन्हा, एसआरएमएम के अधिकारी कमल आनंद, आरसेटी निदेशक राणा संजीत, संकाय प्रेम कुमार एवम देव कुमार, आशीष कुमार, मुकेश कुमार चौरसिया उपस्थित थे।

### नगर पंचायत गड़हनी में मेघा बनीं कार्यपालक पदाधिकारी

**गड़हनी**। प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी के भरोसे चल रहे नगर पंचायत गड़हनी को इस पद पर नए अधिकारी की नियुक्ति की गई है। नगर पंचायत गड़हनी में स्थायी कार्यपालक पदाधिकारी मेघा ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। गड़हनी नगर पंचायत के निवर्तमान प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन ने सुश्री मेघा को पदभार दिया। मौके पर नगर पंचायत गड़हनी के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गुड्डू मुखिया, उप मुख्य पार्षद सुनय कुमार परमार, अविनाश राव, पार्षद मुन्ना कुमार राम, पार्षद राजकिशोर पाल, पार्षद चन्दन सोनी व अन्य थे।

# झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिले

## बक्सर में धान रोपाई की तैयारी में जुटे लोग, 95484.97 हेक्टेयर में धान की खेती का लक्ष्य

निज संवाददाता। बक्सर



मानसून के दस्तक देने की साथ ही किसानों के चेहरे खिल गए हैं। बक्सर में तीन दिनों से हो रही लगातार झमाझम बारिश के कारण किसान अपने खेतों में धान की रोपाई के लिए तैयार में जुट गए है। वहीं खेतों में पानी होने से जुताई के साथ खेतों के मेड़ को मजबूत करने में जुट गए है। इसके साथ ही जो किसान रोहिणी नक्षत्र में बिचड़ा डाले थे वे रोपनी भी शुरू कर चुके है। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस बार खरीफ 2024-25 में 95484.97 हेक्टेयर में धान की खेती का लक्ष्य है। इसके लिए 9548.35 हेक्टेयर में धान का बिचड़ा तैयार करने का टारगेट विभाग को मिला है। टारगेट के खिलाफ यहां के किसानों ने 9010.937 हेक्टेयर में धान का बिचड़ा डाल भी दिया है। अब किसान रोपाई की तैयारी में लग चुके है।

**अपने खेतों के मेड़ को मजबूत करें किसानः** विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह केंद्र प्रमुख डॉ देवकरण ने कहा कि तीन दिनों में अच्छी बारिश हुई है। ऐसे में वर्षा का जल बर्बाद न हो और इसका संचयन करने के लिए खेतों की मेड़ को ऊंचा करें। मेड़ की मरम्मती करें ताकि पानी खेत में ही रहे। धान रोपनी के लिए यह सब खेतों में करना शुरू कर दें। पशुओं के लिए चारा की भी बुआई करें। अरहर, उरद आदि की बुआई करें। वहीं किसान सब्जी पौधशाला की भी तैयारी करें।

**जुलाई का महीन किसानों पर मेहरबान दिख रहा हैः** 1 जुलाई से 3 जुलाई तक जिले में जमकर बारिश हुई। जून माह में जितनी बारिश नहीं हुई उससे डेढ़ गुना बारिश तीन दिनों में हो चुकी है। 1 से 3 जुलाई तक जिले में 65.47 एमएम जिले में बारिश रिकार्ड की गई है। वहीं 4 जून को दिन भर आकाश साफ रहा। धूप निकलने के चलते काफी उमस रही। वहीं शाम पांच बजे के बाद झमाझम बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। बता दें कि इन तीन दिनों की बारिश के बाद खेतों में पानी दिखने लगा है।

# गंगा में डूबने से युवक की हुई मौत



निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के सिन्हा थाना क्षेत्र के महुली घाट पर गुरुवार को गंगा नदी में डूबने से युवक की मौत हो गई। युवक भैंस को नहलाने ले गया था। जानकारी के अनुसार मृतक सिन्हा थाना क्षेत्र के परशुरामपुर गांव निवासी स्व. गणेश यादव का 22 वर्षीय पुत्र दशरथ यादव है और वह दिल्ली में रहकर प्राइवेट कंपनी में काम करता था।

**गोताखोरों ने लाश निकालीः** मृतक के चाचा महेश यादव ने बताया कि वह पांच दिन पूर्व दिल्ली से वापस गांव लौटा था। वह भैंस को नहलाने के लिए महुली घाट स्थित गंगा नदी के किनारे गया था। जहां पर भैंस को नहलाने के दौरान वह गंगा नदी में डूब गया। इसके बाद वह मौजूद लोगों ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे। इसके बाद स्थानीय गोताखोरों की मदद से उसके शव को पानी से बाहर निकाल गया। परिजनों ने सूचना स्थानीय थाने को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई और एक बहन में तीसरे स्थान पर था।

# 2012 के बाद की जन्मतिथि वाले छात्र नहीं कर पाएंगे रजिस्ट्रेशन



निज संवाददाता। बक्सर

जिले के हाई स्कूलों की नौवीं कक्षा में पढ़ रहे छात्रों का रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। बिहार बोर्ड के निर्देश के अनुसार नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन 14 जुलाई तक होगा। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की अधिकृत वेबसाइट से डाउनलोड कर विद्यार्थी फॉर्म भर सकेंगे।

अब जो भी छात्र, जिस स्कूल से नौवीं कक्षा में रजिस्ट्रेशन कराएंगे, उन्हें उसी स्कूल से मैट्रिक की परीक्षा देनी होगी। इससे पहले 10वीं कक्षा में छात्रों का रजिस्ट्रेशन कराया जाता था। फॉर्म भरने के दौरान विद्यालय प्रधान अभिलेख से मिलान करेंगे और उसके बाद संबंधित विद्यार्थियों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फार्म भरेंगे। देना होगा 350 रजिस्ट्रेशन शुल्क नियमित कोटि के छात्रों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 350 रुपये व स्वतंत्र कोटि के लिए 480 रुपये जमा करना होगा। ऑनलाइन डाटा इंट्री शुल्क 50 रुपये से 30 रुपये तक शिक्षण संस्थान रखेंगे।

मैट्रिक परीक्षा 2026 में शामिल होने वाले विद्यार्थी सेक्यूरिटी, रिटेल, ट्यूरिज्म, ऑटोमोबाइल, रिटेल मैनेजमेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर, ब्यूटी एंड वेलनेस, टेलीकॉम एवं आइटी- आइआटीज ट्रेड को आठवें विषय के रूप में चयन कर सकते हैं। बोर्ड ने नौवीं से वोकेशनल कोर्स पढ़ने का भी छात्रों को मौका दिया है।

# अपराध की साजिश रचते चार बदमाश गिरफ्तार, गैंग बनाकर बाइक चोरी करते थे

## छापेमारी में अपराधियों के पास से हथियार भी बरामद

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के नवादा थाना क्षेत्र के विष्णुनगर मोहल्ला में पुलिस ने छापेमारी कर अपराध की साजिश रचते चार बदमाशों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। एक देसी पिस्टल, चोरी की दो बाइक, सात बाइक की चाबी और एक एटीएम कार्ड बरामद किया है। इसकी जानकारी भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव ने दी। उन्होंने बताया कि आयर थाना के लक्ष्मीपुर गांव निवासी छोटू कुमार, चरपोखरी थाना के धनौती गांव निवासी पिंटू कुमार और नवादा थाना के महाराजा हाता निवासी प्रिंस कुमार समेत एक नाबालिग को गिरफ्तार किया गया है। इसे लेकर पुलिस ने नए कानून के तहत प्राथमिकी की है। गैंग की संलिप्तता बाइक चोरी समेत अन्य कांडों में रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि विष्णुनगर मोहल्ला निवासी एक घर में किराएदार छोटू कुमार के पास चोरी की बाइक और अवैध हथियार है।

**रमना मैदान के पास गैंग बाइक चोरी करता थाः** सूचना के आधार पर सदर एएसपी परिचय कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर छापेमारी की गई। किराए के मकान की चारों तरफ से घेराबंदी कर तलाशी ली गई। कमरे से एक देसी पिस्टल के साथ चारों सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद निशानदेही पर मकान के पूरब-उत्तर स्थित बरामदे से दो बाइक, सात बाइक की चाबी, एटीएम कार्ड बरामद किया गया। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि यह गैंग रमना मैदान के आसपास से बाइक चोरी करता था।

**कुछ और बाइक के बारे में जानकारी मिली हैः** कुछ और बाइक के बारे में जानकारी मिली है। चोरी की बाइक शराब धंधेबाजों को कम से कम 10 से 15 हजार में बेचते थे। जैसी

# किसानों के मुआवजा भुगतान को लेकर कोर्ट कैंप का आयोजन, बक्सर में 4 को मिला अपना मुआवजा

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर जिले के चौसा में निर्माणाधीन 1320 मेगावाट थर्मल पॉवर के लिए अधिग्रहित की जाने वाली भूमि के मुआवजे के भुगतान को लेकर महर्षि च्यवन महाविद्यालय में कोर्ट कैंप का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भू-अर्जन पुनर्वासन व व्यवस्थापन प्राधिकार(लारा) कोर्ट के न्यायाधीश शिवानन्द मिश्र के द्वारा किया गया। इस कैम्प में पहुंचे कुल चार किसानों को मुआवजा का भुगतान किया गया। जिनको मौके पर लारा कोर्ट के जज द्वारा चेक प्रदान किया गया। हालांकि अधिकतर किसानों ने इस कोर्ट कैंप का बहिष्कार किया है। जिससे कैंप मुआवजा लेने वाले किसानों की संख्या काफी कम देखा गया। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार चार किसानों को मिलाकर आज कुल सोलह लाख सात हजार सात सौ साठ रुपए का चेक दिया गया। जिसमें चौसा के चांदी मोड़ निवासी राधा मोहन शर्मा उर्फ चानी मिस्त्री को 170409, विनोद कुमार पाण्डेय को 538878, दीपक दुबे को 898473, रैयतों का मुआवजा भुगतान किया गया। कल 5 जुलाई को भी यह कोर्ट कैंप जारी रहेगा। संभावना जताया जा रहा है कि आज की अपेक्षा कल किसानों की संख्या ज्यादा हो सकती है। बता दें कि अधिकतर किसानों ने आज के इस कैंप का बहिष्कार कर दिया था। लेकिन इसके बावजूद कैंप में कुछ किसान इस उम्मीद से पहुंचे थे कि इस बार मुआवजा बढ़कर मिलने वाला है। लेकिन जब आपत्ति के साथ मुआवजा लेने की बात सुन कुछ किसानों ने घर वापस जाना ही अच्छा समझा। तो वहीं कई किसान मुआवजा लेने के लिए सक्रिय दिखे। लेकिन उनके कागजात में कई कमियों के कारण निराश होकर वापस लौटना पड़ा। कैंप में इसके साथ ही अपर समाहर्ता बक्सर, निबंधक लारा प्राधिकार पटना, अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर, जिला भू अर्जन पदाधिकारी बक्सर, अपर जिला भू अर्जन पदाधिकारी बक्सर, अंचलाधिकारी चौसा, प्रखंड विकास पदाधिकारी चौसा एवं एसजेवीएन के पदाधिकारी उपस्थित थे। इसके साथ ही कैंप के पास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। जहां मुफस्सिल थाना के साथ भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद था।

# डोर टू डोर जाकर करें कचरे का उठावः जिला समन्वयक

निज संवाददाता। चौसा



चौसा प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को स्वच्छता पर्यवेक्षक की बैठक हुई। प्रखंड समन्वयक सीताराम ठाकुर की अध्यक्षता में स्वच्छता पर्यवेक्षक व कार्यालय कर्मियों ने साथ-साथ समीक्षा की। जिसमें लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत डब्लूपीयू निर्माण कार्य पूर्ण जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिन-जिन पंचायत में सामग्री क्रय नहीं हुआ है, उन सभी पंचायत में सामग्री क्रय करने निर्देश दिया गया। इसके अलावा सभी पंचायत में सोकपीट निर्माण, कचड़ा उठाव, स्वच्छता शुल्क आदि से संबंधित सभी कार्यों को समय से पूरा करने को कहा। वहीं जिला समन्वयक ऋषि कुमार ने कहा कि जहां-जहां कचरा उठाव का कार्य चल रहा है वहां नियमित कचरा उठाव करें और प्रत्येक घर से यूजर चार्ज कलेक्शन करें ताकि स्वच्छता कर्मी का भुगतान यूजर चार्ज से की जा सके। स्वच्छता पर्यवेक्षक प्रत्येक दिन प्रत्येक वार्ड के सफाई कर्मी से रोजाना कार्य का निगरानी करें ताकि किसी तरह की शिकायत नहीं मिले। प्रखंड समन्वयक सीताराम ठाकुर को निर्देश देते हुए कहा कि शौचालय का प्रोत्साहन राशि भुगतान में सबसे पीछे चौसा है, इसको ठीक करें। मौके पर स्वच्छता पर्यवेक्षक संजय कुमार, यासीर हामीद, विकास कुमार पंडित, राहुल कुमार यादव, मो. अली, संतोष कुमार, मो. नफीस आलम, नित्यानंद कुमार, रतन कुमार, मो. सद्दाम हुसैन, मो. शमशाद आलम आदि मौजूद रहे।

# 18 बार ब्लड डोनेट कर चुके हैं भोजपुर के अनूप

- 6 साल में 1800 लोगों को दिलवाया खून, गर्भवती महिला की कोरोना काल में बचाई जान



निज संवाददाता। आरा

आपने रील लाइफ वाले हीरोज को तो देखा ही होगा, बहुत से आपके फेवरेट भी होंगे। लेकिन कई रीयल लाइफ वाले हीरो भी होते है। जो हम सब के बीच में रह कर हम सब की जरूरत पड़ने पर मदद करते है। ऐसे ही शख्स के बारे में हम आपको बताने वाले है जो अपना खून देकर जरूरतमंदों को जीवन दे रहे थे है। वो शख्स भोजपुर जिले के अजीमाबाद थाना क्षेत्र के चिल्हर गांव के रहने वाले अश्विनी कुमार सिंह के 23 वर्षीय पुत्र अनूप कुमार सिंह है।

**एक रुपया तक नहीं लेते हैं अनूपः** अनूप महज 23 साल की उम्र में खुद 18 बार जरूरतमंदों को अपना खून दे चुके है। अनूप के पिता अश्विनी कुमार सिंह सरकारी शिक्षक है और अनूप की माता पूनम सिंह गृहणी है। अनूप कुमार सिंह आरा शहर के महाराजा कॉलेज से मास्टर ऑफ आर्ट्स से फिलॉस्पी के छात्र है। अनूप का AB नेगेटिव ब्लड ग्रुप है। जिनको भी ब्लड की जरूरत होती है वहां अनूप पहुंचकर खून की जरूरत को पूरा करते है। जिससे मरीज की जान बच जाती है। सबसे नेक बात ये है कि अनूप इसके लिए किसी से भी एक रुपया तक नहीं लेते है और ऐसा काम वो लगभग छह वर्षों से करते आ रहे है।

**18 बार इमरजेंसी में अनूप ने दिया खूनः** वहीं अनूप कुमार सिंह ने बताया कि 18 साल की उम्र से ही वो रक्तदान कर रहे है। साल में दो से तीन बार जरूरतमंदों को खून दे देते है। इतना ही नहीं अपने साथियों और सहयोगियों से भी जरूरतमंदों को खून दिलवाले के लिए प्रेरित करते है। ताकि लोगों की मदद हो सके। अनूप खुद अबतक छह वर्षों में 18 बार इमरजेंसी में लोगों को खून दे चुके है। कोरोना काल हो या डेंगू के मरीज सब को खून देकर अनूप ने एक नई जिंदगी देने का काम किया है। इन छह वर्षों में 35 ब्लड कैंप लगा चुके है। वहीं कारीसाथ की वीना देवी(AB ब्लड ग्रुप) को जब डिलीवरी होनी थी तब अनूप खुद वहां पहुंचकर अपना खून दिया था।

**2 हजार से ज्यादा लोगों का ब्लूड ग्रुप मुंह जुवानी है यादः** वहीं अनूप सिंह ज्यादातर लोगों का मोबाइल नंबर उस व्यक्ति के नाम और ब्लूड ग्रुप से सेव करके रखे है। ऐसे में भोजपुर जिले के लगभग दो हजार से ज्यादा लोगों का नाम और ब्लूड ग्रुप अनूप को मुंह जुवानी याद है। आप किसी व्यक्ति का नाम लेंगे तो अनूप उनका ब्लूड ग्रुप बता देते है। इससे भी बड़ी बात यह है कि अनूप कुमार सिंह बिहार के ज्यादातर शहरों में जाकर भी ब्लड का इंतजाम कर देते है। पटना, वाराणसी जैसे बड़े शहरों में जाकर खून दिया है। 18 से ज्यादा राज्यों में डोनर से संपर्क रखते है।

**छह वर्षों में 1800 से ज्यादा लोगों को दिलवाया खूनः** वहीं अनूप सिंह ने अपने इन छह वर्षों में 1800 से ज्यादा लोगों को खून दिलवा चुके है। अनूप 10 सदस्यीय टीम के साथ मिलकर लोगों की मदद करने में निस्वार्थ भावना से जुटे हुए है। इस 10 सदस्यीय टीम के साथ काम करते करते आज के समय में अनूप लगभग 50 टीम में शामिल है। जो अलग अलग शहरों में जरूरतमंदों को रक्तदान कर रहे है। जब कोराना का समय आया था तब सबसे ज्यादा परेशानी गर्भवती महिलाओं को खून की होती थी। उस समय में भी अनूप और उनकी टीम ने 80 गर्भवती महिलाओं को 80 यूनिट ब्लड की जरूरत को पूरा करवाया था। वहीं अब तक डेंगू के 19 मरीजों को पटना भेजकर खून दिलवाने का काम अनूप कुमार सिंह के द्वारा किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

# पंचायत सफाईकर्मियों को मिलेगा बकाया वेतन

**मुंगेर।** जिला समन्यवक असीम कुमार ने बताया कि मुंगेर जिले में पंचायत सफाई कर्मियों को पिछले 6 माह से ज्यादा समय से मासिक भुगतान नहीं किया गया है। सरकार ने सफाई कर्मियों के पेमेंट के लिए पैसा अलाट नहीं किया था, जि सकारण जिले के 96 पंचायतों के कुल 1283 वार्ड में कार्य कर रहे सफाई कर्मियों के वेतन का भुगतान नहीं किया जा सका था। उन्होंने कहा कि अब सरकार ने इस मद में पैसा अलॉट कर दिया है, इसलिए जुलाई माह के अंत तक सभी पंचायत सफाई कर्मियों के वेतन का बकाया राशि भुगतान कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रखंड कार्यालय से सफाई कर्मियों के पेडिंग वेतन भुगतान का ब्योरा मांगा गया है। प्रखंडवार सफाई कर्मियों पेमेंट की बकाया सूची आते ही भुगतान कर दिया जाएगा।

## लोस प्रत्याशियों ने चुनावी खर्च का ब्योरा सौंपा

**मुंगेर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मुंगेर लोकसभा क्षेत्र-28 के सभी 12 लोकसभा प्रत्याशियों ने अपने चुनावी खर्च-व्यय पंजी को राज्य कर संयुक्त आयुक्त कार्यालय में जमा कर दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिक ारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि सभी उम्मीदवारों के खर्च पंजी का ब्योरा निर्वाचन आयोग के आब्जर्वर जांच करेंगे। मालूम हो कि सभी उम्मीदवारों के द्वारा संपूर्ण प्रचार-प्रसार की अवधि के दौरान जिस-जिस मद में खर्च किया गया, उसका व्यय पंजी बनाकर दिया गया है। गौरतलब है कि मुंगेर लोकसभा सीट-28 के लिए कुल 12 प्रत्याशी चुनावी लड़े थे,। राजद प्रत्याशी कुमारी अनिता दूसरे स्थान पर रही। इन दोनों प्रत्याशियों के अलावा मोकामा से बीएसपी के कुमार नवनीत हिमांशु, नौवागढ़ी के एसयूसीआई उम्मीदवार रविन्द्र मंडल, निर्दलीय प्रियदर्शी पियूष, निर्दलीय नीतीश कुमार उर्फ गुरुजी, नयागांव वासुदेवपुर के आदित्य सिंह मधुकर, कासिम बाजार के पंकज कुमार, बेटवन बाजार मुंगेर के एके सिंह अशोक, मानिकपुर लखीसराय के प्रबल कुमार, असरगंज के शंकर प्रसाद बिंद, झारखंड जामताड़ा के हिन्दुस्तान पीपुल्स पार्टी डेमोक्रेटिक के कुलदीप यादव की ओर से चुनावी खर्च ब्योरा का पंजी जमा किया गया।

# मुंगेर में बारिश में भींगने से 2 मंजिला मकान ध्वस्त

## NH पर आ गया मकान का मालवा, घर-सामान क्षतिग्रस्त हुआ

निज संवाददाता। मुंगेर



मुंगेर के साफियाबाद थाना क्षेत्र के हसनगंज शिव मंदिर के पास आज गुरुवार को बारिश के कारण एक 50 साल पुराना दो मंजिला भवन बारिश में भींग कर अचानक दो मंजिला मकान का अगला भाग मुख्य सड़क की ओर गिर गया। हालांकि, इस वक्त घर के सभी लोग भवन के पिछले भाग में आराम कर रहे थे। जिस कारण सभी परिवार के सदस्य बच गए और सिर्फ घर सामान क्षतिग्रस्त हुआ। इस घटना में एक बड़ा हादसा होने से टल गया। जरा सी अनदेखी के कारण एक ही परिवार के दर्जनों लोगों की जान जा सकती थी। मकान का मालवा सड़क पर गिरने के कारण यात्री वाहनों के अलावा अन्य वाहन भी इसकी चपेट में आ जाती। जिला के लिए एक बड़ा हादसा बन जाता। घटना के बाद आवाज इतनी ज्यादा थी की आसपास के लोग भी सहम गए। परिवार वालों ने आनन-फाान में भाग कर जान बचाई। जबकि घटना के वक्त छोटे-छोटे बच्चे भी उस जगह पर खेल रहे थे। सूचना पर प्रशासन पहुंची और घटना से अवगत होने के बाद वापस चले गए। बताया जाता है कि वह मकान हसनगंज निवासी स्व.धीरेंद्र प्रसाद गुप्ता और राम चन्द्र प्रसाद गुप्ता जो दोनों सहोदर भाई हैं, उसी का मकान है। अभी दोनों भाई का परिवार उस मकान में रह रहा है। पीड़ित परिवार ने बताया कि मकान लगभग 50 साल पुराना होने के कारण थोड़ी बहुत जर्जर पड़ी हुई थी। लेकिन बारिश के कारण तीन दिनों से लगातार भींगने के बाद गुरुवार को अचानक मकान का अगला भाग तेज आवाज के साथ ध्वस्त हो गया। पीड़ित परिवार ने कहा कि मकान गिरने के बाद अब रहने में काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने जिला प्रशासन से रहने के लिए आवास की मांग की है। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक पीड़ित परिवार खुद मालवा को हटाने में लगे हुए थे।

# सड़क हादसे में मां की मौत, बेटा बाल-बाल बचा



ब्रेकर की वजह से बाइक अनियंत्रित हो गई थी, भागलपुर-जगदीशपुर मुख्य मार्ग किया जाम

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में बीती रात सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। घटना बायपास थाना क्षेत्र के चौहान पब्लिक स्कूल के पास की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने स्थानीय लोगों के मदद से भागलपुर-जगदीशपुर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। मृतक की पहचान मिल्की गांव के रहने वाले बीवी लाडो रानी (45) के रूप में हुई है। अपने बेटे के साथ बाइक पर सवार होकर पंखा टोली रिश्तेदार के बारात में जा रही थी। तभी बायपास थाना क्षेत्र के चौहान पब्लिक स्कूल के सामने ब्रेकर आने से संतुलन बिगड़ गया और मां-बेटे सड़क पर गिर गए। तभी जगदीशपुर की तरफ से आ रहे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बीवी लाडो रानी की मौके पर मौत हुई है। हालांकि उनका बेटा मोहम्मद सुरक्षित है।

**लोगों को समझाकर जाम हटवाया:** घटना की जानकारी मिलने के बाद बाइपास थाना अध्यक्ष सूरज कुमार वैभव, जगदीशपुर थाना अध्यक्ष गणेश कुमार अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर कर जाम को खत्म करवाया। जिसके बाद बाइपास थाना अध्यक्ष कार्रवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

# कृषक कॉलेज धेवधा में कनीय शिक्षक को प्रभारी प्राचार्य बनाये जाने पर वरीय शिक्षक ने जताया एतराज

## मगध विश्वविद्यालय के नियमों के विरूद्ध कनीय शिक्षक को बनाया प्रभारी प्राचार्य




**नवादा।** जिले के पकरीवरावाँ प्रखंड अंतर्गत कृषक महाविधालय धेवधा में पूर्व प्राचार्य श्यामसुंदर सिंह के सेवा निवृति के उपरान्त विद्यालय में वरीय शिक्षक के रहने के बावजूद नियम के विरूद्ध कनीय शिक्षक प्रो देवेन्द्र कुमार को प्रभारी प्राचार्य बना दिया गया है। देवेन्द्र कुमार को प्रभारी प्राचार्य बनाये जाने पर महाविद्यालय है वरीय शिक्षक प्रो० शशिभूषण प्रसाद ने मगध विश्विधालय के कुलपति एवं राजभवन सचिवालय बिहार सहित अन्य सबंधित अधिकारियों को आवेदन देकर विधि सम्मत प्रक्रिया के तहत गलत तरीके प्राचार्य के पद पर बनाये गए कनीय शिक्षक को हटाने एवं वरीयता के आधार पर वरीय शिक्षक को प्राचार्य के पद पर नियुक्त करने की मांग की है। वरीय शिक्षक शशिभूषण प्रसाद ने अपने दिये गये आवेदन में कहा कि में विगत 35 वर्षो से महाविधालय में कार्यरत है। हिदी विषय में विभागाध्यक्ष भी हूँ। मेरी नियुक्ति दिनांक 16.12.1985 को हुई थी, स्थायी नियुक्ति महाविद्यालय में गठित चयन समिति के निर्णय के अनुसार 17.02-1988 को अनुमोदित भी की गई थी। जबकि प्रभारी प्राचार्य के पद पर नियुक्त शिक्षक देवेन्द्र सिंह की नियुक्ति 08.10.1988 को हुई तथा गठित चयन समिति के द्वारा तथा स्थायी नियुक्ति 24-11-2008 को अनुमोदित की गयी, इस प्रकार प्रभारी प्राचार्य पद पर नियुक्त प्रो० देवेन्द्र सिंह मुझसे करीब 20 वर्ष जूनियर है। उन्होंने कहा कि मगध विश्व विद्यालय के कुलपति को दिये गये आवेदन के आलोक में अपना पक्ष भी प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया था। मगध विश्वविद्यालय बोध गया के पत्रांक- 128/1115 ) एवं पत्रांक 139/71118/24 के आलोक में साक्ष्य सहित पक्ष प्रतिवेदन भी समर्पित किया गया है उन्होंने कहा कि पूर्व प्राचार्य श्यामसदर सिंह ने महाविद्यालय में अपना प्रभाव के बल पर मनमानी तरीके से मगध विश्व विद्यालय के द्वारा जारी दिशा निर्देश एवं आदेश के विरुद्ध गलत तरीके से कनीय शिक्षक देवेन्द्र सिंह को प्रभारी प्राचार्य के पद पर नियुक्त करना अनुचित ही नहीं बल्कि महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के आदेशों का अवहेलना भी है। वरीय शिक्षक शशि भूषण प्रसाद ने देवेन्द्र सिंह के उपर आरोप लगाते हुये कहा का की शासी निकाय कमिटि ने नियमों के विपरीत कनीय शिक्षक एवं भारतीय जीवन बीमा निगम में लाभ के पद पर (अभिकर्ता) के रूप में कार्यरत शिक्षक देवेन्द्र सिंह को प्रभारी प्राचार्य बनाये जाने से महाविद्यालय में अराजकता, मनमानी का माहौल व्याप्त है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल सचिवालय ने पत्रांक MU 01/2024-310 दिनांक -021/02/2074 के तहत मगध विश्वविद्यालय बोध गया के कुलपति तथा कुलसचिव को नियमानुसार विधिसम्मत प्रार्थी के आवेदन के आलोक में आवश्यक कारवाई करने का भी आदेश भी दिया है। वरीय शिक्षक शशि भूषण प्रसाद ने कहा कि पूर्व सेवा निवृत प्रभारी प्राचार्य श्याम सुन्दर प्रसाद सिंह रिटायर होने के बावजूद महाविद्यालय आकर अपना प्रभाव जमाते है तथा महाविधालय के कार्यों में हस्तक्षेप भी करते है। उन्होंने कुलपति को दिये गये आवेदन में किसी षडयंत्र के तहत फंसाने एवं व्यक्तिगत तौर पर हानि पहुंचाने की भी आशंका व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि मुझसे अधिकारिक तौर पर २०वर्ष जूनियर शिक्षक को प्रभारी प्राचार्य बनाने में नियमों का उलंघन किया गया है वही वरीय शिक्षक के गरिमा को भी ठेस पहुंचा है। उन्होंने कहा कि मगध विश्वविद्यालय की भी इस आशय की जानकारी पत्रों के माध्यम से कई बार अवगत कराया गया है परन्तु इस दिशा मैं कोई कारवाई नहीं किया गया है। उन्होंने सबंधित कागजातों एवं अभिलेखों से छेड़छाड़ करने की भी संभावना व्यक्त की है। आवेदक ने इस आशय की जानकारी उपयुक्त साक्ष्य एवं प्रथम श्रेणी दंडाधिकारी के समक्ष शपथ पत्र दायर कर दिया है।

इस सबंध में वर्तमान प्रभारी प्राचार्य से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने अपना मोबाइल रिसिभ करता मुनासिव नही समझा । आवेदक ने कहा कि इसके लिये मेरी लडाई जारी रहेगी

# कल काला बिल्ला लगाकर कमी जताएंगे विरोध

**मुंगेर।** बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ मुंगेर प्रक्षेत्र शुक्रवार से विभिन्न मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत करेगा। शुक्रवार को समस्याओं के निराकरण के लिए कॉलेजों के प्रभारी प्राचार्यों एवं विवि के अधिकारियों को महासंघ के नेता गुलाब फूल देकर अनुरोध करेंगे। महासंघ के प्रक्षेत्र मंत्री रविन्द्र कुमार ने कहा कि 5 जुलाई को विश्वविद्यालय के अधिकारियों को सभी मांगों को पूरा करने के लिए ससम्मान गुलाब का फूल भेंट किया जाएगा। उसके बाद आंदोलन का रूख उत्तरोत्तर वृहत एवं निर्णायक होता जाएगा। 6 जुलाई को काला बिल्ला लगाएंगे। रविन्द्र कुमार ने बताया कि सीनेट की बैठक से पूर्व जुलाई में सीनेट चुनाव कराने, अनुकंपा आश्रितों की शत प्रतिशत नियुक्ति, वेतन सत्यापन कोषांग द्वारा निर्गत वेतन पर्ची में व्याप्त त्रुटियों का निवारण, वेतनांतर की राशि का भुगतान, प्रोन्नति की अधिसूचना तथा प्रोन्नत कर्मियों का वेतन निर्धारण, डीजे कॉलेज में एसीपी एवं एमएसीपी के अंतर की राशि की कटौती पर रोक, आउटसोर्सिंग कर्मियों को वेतन भुगतान, संविदाकर्मियों को सरकारी सुविधा देने की मांग प्रमुख है।

## मासिक शिवरात्रि पर मंदिरों में रही भीड़

**भागलपुर।** मासिक शिवरात्रि पर गुरुवार को बूढ़ानाथ, शिवशक्ति, भूतनाथ सहित अन्य मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ रही। लोगों ने घरों में भी भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि मांगी। पंडित सौरभ कुमार मिश्र ने बताया कि भगवान शिव की कृपा पाने के लिए मासिक शिवरात्रि का दिन बहुत ही खास है।

## श्रावणी मेले में गोरखपुर, रक्सौल से आएंगी ट्रेनें

**भागलपुर।** श्रावणी मेला में रेलवे सुल्तानगंज के लिए मेला स्पेशल ट्रेन की तैयारी कर रहा है। इसी के साथ सुल्तानगंज से होकर गुजरने वाली ट्रेनों का स्टापेज भी दिया जाएगा। जिससे कांवरियों को किसी तरह की असुविधा नहीं हो। इसी के साथ स्टेशन पर यात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। किसी अनहोनी से बचने के लिए रेलवे की टीम कांवरियों को ट्रैक पार करने से रोकेगी। प्रभावी अनाउंसमेंट सिस्टम बनाया जाएगा। वाट टावर में आरपीएफ की नियुक्ति की जाएगी। श्रावणी मेला शुरू होते ही मालदा मंडल तैयारियों में लग जाता है। इस बार गोरखपुर, गया और दानापुर से स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। साथ ही कुछ ट्रेनों को श्रावणी मेला के लिए विस्तार दिया जाएगा। डीआरएम विकास चौबे ने बताया कि पिछली बार की ही तरह इस बार भी व्यवस्था रहेगी। कांवरियों व श्रद्धालुओं को परेशानी नहीं हो इसके लिए ट्रेनों के ठहराव बढ़ाया जाएगा।

**दक्षिण पूर्व रेलवे में ट्रैफिक-सह-पावर ब्लॉक के लिए ट्रेनों का नियंत्रण**

तुपकाडीह-राजबेरा खंड में समपार फाटक संख्या एमआर-45 के स्थान पर सामान्य ऊंचाई के सबवे की स्थापना के लिए, ट्रैफिक-सह-पावर ब्लॉक की आवश्यकता होगी तथा बोकारो स्टील सिटी स्टेशन पर पैदल ऊपरी पुल के गार्डरों की स्थापना के लिए ब्लॉक की आवश्यकता होगी तथा इसके साये में आद्रा मंडल के पुरुलिया-कोटशिला खंड में समपार फाटक संख्या पीके-07 के स्थान पर सीमित ऊंचाई के सबवे की स्थापना के लिए तथा तुलिन एवं मूरी (अप लाइन) के बीच एमके-1 (अप) पर आरसीसी बॉक्स (सामान्य ऊंचाई के सबवे) की स्थापना के लिए भी ट्रैफिक-सह-पावर ब्लॉक की आवश्यकता होगी एवं रांची मंडल के हटिया-मूरी खंड में किता स्टेशन पर पैदल ऊपरी पुल गार्डर की स्थापना के लिए मेगा ब्लॉक की आवश्यकता होगी। इसके परिणामस्वरूप, ट्रेनों के आवागमन में निम्नलिखित व्यवस्था की गई है : ● **03598/03597 आसनसोल-रांची-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर** तथा ● **13503/13504 बर्द्धमान-हटिया-बर्द्धमान एमईएमयू एक्सप्रेस** (दोनों ट्रेनों की यात्रा शुरू की तारीख 07.07.2024) **रद्द रहेंगी।** ● **13319/13320 दुमका-रांची-दुमका एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू की तारीख 07.07.2024) धनबाद स्टेशन पर/से यात्रा समाप्त करेगी/यात्रा शुरू करेगी तथा यह ट्रेन धनबाद और रांची के बीच रद्द रहेगी। असुविधा के लिए खेद है।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं. 79, 80-एमएलडीटी-24-25, दिनांक 02.07.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं.1, निविदा सं.: 79-एमएलडीटी-24-25,, कार्य का नाम:** मंडल अभियंता-III/पूर्व रेलवे/मालदा के कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता (पी.वे)/जमालपुर-I के तहत, सहायक अभियंता/लाइन/जमालपुर के अधीन भागलपुर (छोड़कर) से जमालपुर (छोड़कर) की शाखा में अप एवं डाउन किमी. 307/0 से 356/6 में विभिन्न ट्रैक गतिविधियों के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 91,80,145.19, **क्रम सं.2, निविदा सं.: 80-एमएलडीटी -24-25, कार्य का नाम:** मंडल अभियंता-III/पूर्व रेलवे/मालदा के कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता /पी.वे/जमालपुर-II के तहत, सहायक अभियंता/लाइन/जमालपुर के अधीन जमालपुर से किऊल (छोड़कर) की शाखा में, अप एवं डाउन किमी. 356/6 से 402/5 में विभिन्न ट्रैक गतिविधियों के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 90,94,795.15, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 24.07.2024 को 15.30 बजे क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट: www.ireps.gov.in/** डीआरएम कार्यालय /एमएलडीटी। MLD-61/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**रद्द किए जाने हेतु शुद्धिपत्र सूचना**

**निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1111-2024-25,** जो कि वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, पूर्व रेलवे, सियालदह द्वारा स्वीकार्य नियम और शर्तों के अनुसार **www.ireps.gov.in** में दिनांक 25.06.2024 को पूर्व में प्रकाशित किया गया था, को प्रशासनिक कारण से रद्द कर दिया जाएगा। यह शुद्धिपत्र आईआरईपीएस पोर्टल में उल्लिखित निविदा को रद्द किए जाने के बारे में है। SDAH-116/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# 754 छात्र-छात्राओं ने भरा सेमेस्टर 2 का परीक्षा फॉर्म

**मुंगेर।** मुंगेर विवि में सीबीसीएस पर आधारित चार वर्षीय स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य, सेमेस्टर-2, सत्र 2023-27 (परीक्षा-2024) के विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि 20 जुलाई तक निर्धारित की गई है। परीक्षा फॉर्म सोमवार से ही भरा जा रहा है। पीआरओ डा. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि गुरूवार तक इस सत्र के कुल 754 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा फॉर्म भरा है। जिसमें 681 छात्र-छात्राओं ने कला संकाय में, 72 छात्र-छात्राओं ने विज्ञान संकाय में तथा 1 छात्र ने वाणिज्य संकाय में परीक्षा फॉर्म जमा किया है। उन्होंने बताया कि 20 जुलाई तक बिना विलंब शुल्क के परीक्षा फॉर्म भरा जा सकता है। जो छात्र 20 जुलाई तक किसी कारणवश फॉर्म नहीं भर पाएंगे, वे 21 और 22 जुलाई को 100 रूप विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं।

**पश्चिम रेलवे पर नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों का विनियमन**

पश्चिम रेलवे पर अकोला जं.-रतलाम जं. खंड में गेज परिवर्तन कार्य के संबंध में खंडवा यार्ड रीमॉडलिंग के लिए, 04.07.2024 (गुरुवार) से 20.07.2024 (शनिवार) तक प्री नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य और 21.07.2024 (रविवार) से 22.07.2024 (सोमवार) तक नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। परिणामस्वरूप, ट्रेन विनियमन निम्नानुसार होंगे: ● **मार्ग परिवर्तन: 22947** सूरत-भागलपुर एक्सप्रेस (यात्रा आरंभ होने की तिथि 16 और 20.07.2024)/**22948** भागलपुर-सूरत एक्सप्रेस (यात्रा आरंभ होने की तिथि 15 और 18.07.2024) को दोनों दिशाओं में वडोदरा जं.-रतलाम जं.-भोपाल जं. के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा। **19435** अहमदाबाद जं.-आसनसोल एक्सप्रेस (यात्रा आरंभ होने की तिथि18.07.2024)/**19436** आसनसोल-अहमदाबाद जं. एक्सप्रेस (यात्रा आरंभ होने की तिथि 20.07.2024) को दोनों दिशाओं में वसई रोड-सूरत-वडोदरा जं.-रतलाम जं.-भोपाल जं. के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा। **12361** आसनसोल-छत्रपति शिवाजी टर्मिनस (मुंबई) एक्सप्रेस (यात्रा आरंभ होने की तिथि 21.07.2024) को इटारसी जं.-नरखेड़ जं.-बडनेरा जं.-भुसावल जं. के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा। ● **विनियमन: 11428** जसीडीह-पुणे एक्सप्रेस (यात्रा आरंभ होने की तिथि 21.07.2024) को 1 घंटे तक विनियमित किया जाएगा। असुविधा के लिए खेद है।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार सरकार

**खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग**

दलहन (तूर और चना, काबुली चना सहित) की स्टॉक सीमा के निर्धारण के संबंध मे।

**प्रेस विज्ञप्ति**

भारत सरकार के राजपत्र संख्या–का0आ0 2403(अ) दिनांक–21.06.2024 द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 (10) की धारा–3 द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए विशिष्ट खाद्य पदार्थो पर लाईसेंसी अपेक्षाएं, स्टॉक सीमाएं और संचलन प्रतिबंध हटाना (प्रथम संशोधन) आदेश, 2024 लागू किया गया है। उक्त संशोधन आदेश के आलोक में बिहार सरकार खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के पत्रांक–3126 दिनांक–28.06.2024 के द्वारा दलहन नामतः तूर और चना, काबुली चना सहित, की स्टॉक सीमा राजपत्र निर्गत होने की तिथि से 30.09.2024 तक की अवधि के लिए संसूचित की गई है, जो निम्नवत है:–

- **थोक विक्रेता: प्रत्येक दाल के लिए 200 मीट्रिक टन।**
- **खुदरा विक्रेता: प्रत्येक दाल के लिए 5 मीट्रिक टन।**
- **बड़ी श्रृंखला वाले खुदरा विक्रेता (बिग चैन रिटेलर्स)– प्रत्येक दाल के लिए, प्रत्येक खुदरा आउटलेट पर 5 मीट्रिक टन और डिपो में 200 मीट्रिक टन।**
- **मिलर: स्टॉक सीमा विगत 3 माह के उत्पादन अथवा वार्षिक संस्थापित क्षमता का 25%, इनमें से जो अधिक हो, होगी।**
- **आयातक: आयातक द्वारा सीमा–शुल्क की मंजूरी की तारीख से 45 दिनों से अधिक के लिए आयातित स्टॉक को धारित नहीं किया जाएगा।**

अतः बिहार राज्य के सभी जिला अंतर्गत दलहन नामतः तूर और चना, काबुली चना सहित, से संबंधित विधिक ईकाईयों यथा– थोक/खुदरा/बिग चेन रिटेलर/मिलर/आयातक व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार के निर्धारित पोर्टल fcainfoweb.nic.in/psp पर उनके द्वारा धारित स्टॉक की स्थिति की घोषणा एवं उक्त पोर्टल पर उक्त का अपलोड कराना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यदि दलहन से संबंधित किसी भी विधिक ईकाई यथा– थोक/खुदरा/बिग चेन रिटेलर/मिलर/आयातक द्वारा अब तक उक्त पोर्टल पर निबंधन नहीं कराया गया है तो अनिवार्य रूप से उनका निबंधन कराते हुए उनके स्टॉक की प्रविष्टि उक्त पोर्टल पर साप्ताहिक रूप से किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

PR. No. 003470 (FOOD) 2024-25

**सरकार के सचिव**

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper

# बिहार में धड़ाधड़ गिर रहे ब्रिज, राजधानी पटना में सभी पुल-पुलियों का रख-रखाव है भगवान भरोसे



**पटना, एजेंसी।** बिहार में इन दिनों एक के बाद एक धड़ाधड़ पुलों के गिरने की घटनाएं हो रही है। 15 दिनों के भीतर अररिया, सीवान, छपरा, मोतिहारी समेत कई जिलों में 10 पुल टूट चुके हैं जिसे लेकर काफी राजनीति हो रही है। सीएम नीतीश कुमार और पीएम नरेंद्र मोदी पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के हमले के बाद बीजेपी प्रवक्ता की भी टिप्पणी आ चुकी है। उसके बाद भी राजधानी पटना में ही पुलों का रखरखाव बेहतर ढंग से नहीं हो रहा है। पटना में आरडब्लूडी और आरसीडी के पुल-पुलियों और क्लवर्ट की संख्या 3389 हैं, लेकिन इसके रखरखाव को लेकर क्या कुछ करना है इसकी कोई नीति नहीं है। यानी पटना में पुल-पुलियों का रख-रखाव भगवान भरोसे है। पथ निर्माण विभाग और ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन जो पुल हैं उसकी देखभाल पांच वर्षों तक निर्माण एजेंसी को करनी है, लेकिन इसके बाद पुलों की मरम्मत कैसे होगी इसके लिए फिलहाल कोई नीति निर्धारित नहीं है। इस वजह से पुलों को सही देखभाल नहीं हो पा रही है। हालांकि, संबंधित विभाग के अभियंता पुलों का निरीक्षण करते हैं और जहां आवश्यकता होती है वहां मरम्मत कराई जाती है। इस तरह की मरम्मत कराई भी गई है। पटना जिला में ग्रामीण कार्य विभाग के 2781 छोटे-बड़े पुल हैं। जिले में पथ निर्माण विभाग की ओर से बनवाए गए 608 पुल, पुलिया, ह्यूमन पाइप क्लवर्ट और बॉक्स क्लवर्ट के जरिए भी आवगमन होता है जिससे जिले के विभिन्न इलाकों को जाया जा सकता है।

### भौतिक सत्यापन के आधार पर पुलों की होती है मरम्मत

आरडब्लूडी और आरसीडी के अभियंता भौतिक सत्यापन के आधार आवश्यकता अनुसार पुलों की मरम्मत करवाते हैं। आरडब्लूडी के अधीन जो पुल सड़क के साथ बना हुआ है, उसका रखरखाव सड़कों के साथ होता है, लेकिन जहां पर केवल पुल बना हुआ है। उसके रखरखाव के लिए कोई दिशा निर्देश नहीं है। आरसीडी के एक अभियंता ने बताया कि नियमित तौर पर पुलों का भौतिक तौर पर सत्यापन किया जाता है। इस दौरान अगर आवश्यकता होती है तो मरम्मत करायी जाती है। वहीं आरडब्लूडी के अभियंताओं के मुताबिक सड़क के साथ जहां भी पुल का निर्माण होता है, उसके 5 वर्षों तक रखरखाव की जिम्मेदारी निर्माण एजेंसी की रहती है। इसके बाद पुनः 5 वर्षों के रखरखाव के लिए निविदा जारी कर एजेंसी का चयन किया जाता है। जो नियमित तौर पर सड़क की देखभाल करते हैं। लेकिन जहां पर सिर्फ पुल का निर्माण किया जाता है। उसके रखरखाव की जिम्मेदारी 5 वर्षों तक ही निर्माण एजेंसी की होती है। उसके बाद कोई दिशा निर्देश प्राप्त नहीं है।

### पटना में 3389 पुल-पुलिया और क्लवर्ट हैं

जानकारी के अनुसार पथ निर्माण विभाग के न्यू राजधानी डिविजन में 23 पुल, पटना पश्चिम डिविजन में 38 पुल जबकि पटना सिटी डिविजन में 547 पुल, पुलिया, ह्यूमन पाइप और बॉक्स क्लवर्ट हैं। वहीं ग्रामीण कार्य विभाग के मसौढ़ी डिविजन में 461, बाढ़ डिविजन में 290, दानापुर डिविजन में 324, पटना डिवीजन में 360 और पालीगंज डिविजन में पुल-पुलियों की कुल संख्या 1346 है।

# मोतिहारी में लेखापाल को बाइक सवार अपराधियों ने मारा चाकू

## मोटरसाइकिल और मोबाइल लूटा, 3 थाने की पुलिस जांच में जुटी

**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी के कल्याणपुर थाना क्षेत्र में बेखौफ अपराधी ने बीआरसी के लेखापाल को चाकू मारकर बाइक और मोबाइल लूट कर फरार हो गया। घायल लेखापाल को इलाज के लिए सदर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर चकिया एसडीपीओ सतेंद्र सिंह पहुंच कर मामले की जांच कर रहे हैं। घटना कल्याणपुर थाना क्षेत्र के सेमरा बाजार के आगे पेट्रोल पंप के निकट रोहुआरा पुल के पास की है। घायल युवक की पहचान छतौनी थाना क्षेत्र के छोटा बरियापुर के उमेश कुमार शर्मा के बेटे रितेश कुमार शर्मा (30) के रूप में हुई है।

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि कल्याणपुर बीआरसी के लेखपाल को रितेश कुमार शर्मा घायल लेखापाल बीआरसी से काम निपटाकर अपने घर मोतिहारी जा रहा था। इसी बीच घात लगाए 3 अपराधियों ने वारदात को अंजाम दे दिया। उनके दाहिने साइड पाजर में चाकू मार कर मोटरसाइकिल और मोबाइल छीन कर पिपरा कोठी की तरफ फरार हो गए।

### ग्रामीणों ने घायल को पहुंचाया हॉस्पिटल

चाकू मार कर लेखपाल से बाइक और मोबाइल लूट कर अपराधी वहां से फरार हो गया। इसके बाद ग्रामीण वहां पहुंच कर घायल को इलाज के लिए हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां इलाज के बाद घायल को रेफर कर दिया। इसका मोतिहारी सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### घटनास्थल पर पहुंचे एसडीपीओ

घटना कि सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे चकिया एसडीपीओ सतेंद्र सिंह के साथ पिपरा और कल्याणपुर पुलिस के साथ केसरिया इंस्पेक्टर घटनास्थल पर पहुंच मामले कि जांच शुरू कर दिया। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी को खंगालने में जुटे हैं। चकिया एसडीपीओ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है। दोषी बख्शे से नहीं जाएंगे।






## प्रेमी-प्रेमिका ने जहर खाकर की खुदकुशी

### रेलवे लाइन के किनारे दोनों बेहोशी की हालत में मिले थे, एक ही गांव के हैं मृतक

**पटना, एजेंसी।** फतुहा में प्रेमी और प्रेमिका ने जहर खाकर खुदकुशी कर ली। फतुहा स्टेशन और बुद्धदेवचक हाल्ट के बीच पोल संख्या 520/16 के पास रेलवे लाइन के किनारे दोनों बेहोशी की हालत में दिखे। इसके बाद लोगों ने सीएचसी फतुहा में भर्ती कराया। दोनों को पटना रेफर कर दिया गया। वहीं, रास्ते में ही प्रेमी ने दम तोड़ दिया। जबकि, इलाज के दौरान प्रेमिका की मौत हो गई।

### एक ही गांव के हैं दोनों

गुरुवार की रात ग्रामीणों ने डायल 112 की पुलिस को कॉल कर जानकारी दी थी। लोकल थाने की पुलिस के साथ आरपीएफ भी मौके पर पहुंची। दोनों को पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर फतुहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालांकि, गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया था।

युवक नीरज कुमार (19) नालंदा जिले के खरजम्मा गांव का रहने वाला है। जबकि, लड़की भी उसी गांव की ब्यूटी कुमारी (18) है। हालांकि, दोनों ने जहर क्यों खाया। इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।

# वियतनाम से आई बोधगया के युवक की डेड बॉडी



**गया, एजेंसी।** वियतनाम के हिनोई में बोधगया के एक युवक की मौत हो गई थी। अपार्टमेंट में आग लगने से सोहेल और उसकी वियतनामी पत्नी ने दम घुटने की वजह से दम तोड़ दिया था। घटना के 10वें दिन सोहेल की डेड बॉडी को बोधगया लाया गया। विदेश से डेड बॉडी लाने में परिजनों को पुरजोर कोशिश करनी पड़ी। भारत सरकार की मदद से उसे वापस इंडिया लाया जा सका। देर रात सोहेल (22 वर्ष) को बोधगया स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। सोहेल वियतनाम में बीते 6 माह से गाइड की नौकरी कर रहा था। सोहेल बीते दिनों बकरीद के मौके पर बोधगया स्थित अपने घर आया था। सोहेल हिनोई में अगलगी से तीन दिन पहले ही बोधगया से वियतनाम गया था। मृतक के परिजनों ने शॉर्ट-सर्किट घटना की वजह बताई है।

### वियतनाम एंबेसी तक गुहार लगाई थी

सभी लोग मृतक सोहेल को एक झलक देखने के लिए परेशान थे। इस घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन डेड बॉडी को बोधगया लाने में जुटे थे। मृतक के परिजन चाहते थे कि भारत सरकार की मदद से सोहेल की बॉडी वियतनाम से बोधगया लाई जाए। ताकि उसके परिजन उसका अंतिम दर्शन कर सकें। परिजन दिन रात एक कर के भारत सरकार की मदद से सोहेल की डेड बॉडी वियतनाम से मंगवाने में सफल हुए। सोहेल के परिजनों ने बोधगया के क्षेत्रीय विधायक, हम पार्टी के नेताओं और जिला प्रशासन से लेकर कोलकाता स्थित वियतनाम एंबेसी तक गुहार लगाई थी।

# जेवर दुकान में घुस स्टाफ की 2 लाख की चेन लूटी, पिस्टल की बट से मार सिर फोड़ा



**पटना, एजेंसी।** आलमगंज थाना क्षेत्र के नया गांव जल्ला रोड में एक बाइक पर सवार दो हथियारबंद बदमाशों ने उज्जीवन फाइनेंस बैंक के कर्मचारी हरिकिशोर कुमार को हथियार का भय दिखा कर 55 हजार रुपए लूट कर फरार हो गए। वहीं सूचना के बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। हरिकिशोर ने बताया कि दिन में करीब एक बजे कर्जदाताओं के संग बैठक के बाद रुपए लेकर जैसे ही गली के मोड़ महारानी स्थान दुर्गा मंदिर सड़क पर पहुंचे कि पूर्व से घात लगाए एक बाइक पर सवार बदमाशों ने बाइक को घेर लिया और बैग छीनने लगे। विरोध करने पर कमर से पिस्टल निकाल बाइक के पीछे बैठे अपराधी ने कहा कि मार दें गोली। कर्मचारी को लगा कि अपराधी फायर कर सकते हैं, तब बैग अपराधियों के हवाले कर दिया। अपराधियों के हाथों में कट्टा देख कर हल्ला नहीं कर सके। बैग में बैंक के कर्जदारों से लिए गए 55 हजार, पैन, आधार व ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य कागजात थे।

**सीसीटीवी फुटेज में अपराधी:** फुलवारीशरीफ 7 सिपारा स्थित नटराज ज्वेलर्स में दिनदहाड़े घुसकर नकाबपोश अपराधियों ने स्टाफ गौतम कुमार के गले से करीब 2 लाख की सोने की चेन लूट ली। विरोध करने पर सिर पर पिस्टल की बट से मारकर घायल कर दिया। इससे पहले गौतम की लुटेरों से हाथापाई भी हुई। घटना गुरुवार की दोपहर करीब 2:30 बजे की है। लाल रंग की पल्सर पर सवार होकर तीन नकाबपोश और हेलमेट पहने अपराधी पहुंचे। दो दुकान में गए और एक बाहर रहा। गौतम से लॉकर की चाबी मांगी। चाबी नहीं देने पर उसके सिर पर पिस्तौल तान दी। उस वक्त दुकान में गौतम ही था। ग्राहक नहीं थे। इतने में अपराधी ने गौतम के गले से 30 ग्राम की चेन और लॉकेट लूट लिया। सिर पर पिस्टल से मारकर घायल कर दिया। नटराज ज्वेलर्स के पास ही एक शृंगार की दुकान है। उसके दुकानदार पप्पू को कुछ हलचल का पता चला तो वह बाहर निकले। उन्होंने शोर मचाया तो आसपास के लोग पहुंचे। भीड़ देख तीनों अपराधी बाइक से भागने लगे। भीड़ ने इन तीनों को करीब आधा किमी तक खदेड़ दिया। इतने में बेउर पुलिस पहुंच गई। नटराज ज्वेलर्स के मालिक राजीव कुमार किसी काम से पटना से बाहर हैं। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में तीनों बदमाशों की तस्वीर कैद हो गई है। बदमाशों की उम्र 25 से 30 वर्ष रही होगी। ट्रेनी डीएसपी सह बेउर थानेदार निशांत गौरव ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से लुटेरों की पहचान की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### जीवन की दृष्टि से पर्यावरण मानव के लिए है जरूरत : प्राचार्य

**गया, एजेंसी।** जगजीवन कॉलेज परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से गुरुवार को वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सत्येंद्र प्रजापति ने कहा कि जीवन की दृष्टि से पर्यावरण मानव के लिए सर्वोच्च जरूरत है। जल जंगल और जमीन तीनों उसके प्रमुख आधार है। विकास की मौजूदा मॉडल की विफलता यह जीवन के इन तीनों आधार को प्रदूषण ने लील लिया है। यह वजह है कि आज देश की आजादी का बड़ा हिस्सा स्वच्छ व सुरक्षित पानी शौचालय और शुद्ध हवा जैसे मुलभूत आवश्यकताओं से भी वंचित है। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार, डॉ. आचार्य शंकर, डॉ. दीनानाथ और डॉ. अनु रानी आदि रहे।

### स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि मनायी

**गया, एजेंसी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, गया महानगर ने गुरुवार को स्वामी विवेकानंद जी के पुण्यतिथि मनायी। मंत्री विनायक कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी आधुनिक भारत के महान चिंतक, महान देशभक्त, दार्शनिक, युवा सन्यासी व आदर्श व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने सनातन संस्कृति के दिव्यतम आदर्शों को और भी विश्वव्यापी बनाया। बिहार प्रदेश के विशेष आमंत्रित सदस्य सूरज सिंह ने कहा उनकी शिक्षाएं लाखों लोगों को शक्ति प्रदान करती हैं। इस मौके पर आलोक कुमार, अजीत कुमार, अमरजीत कुमार, शिवम कुमार, आकाश कुमार, सागर कुमार, दीपक कुमार, शिवम कुमार व, दिव्यांश कुमार आदि मौजूद रहे।

### चचेरे भाई के साथ ब्राउन शुगर की तस्करी करता था दिलशाद

**भागलपुर, एजेंसी।** तातारपुर थाना क्षेत्र से ब्राउन शुगर के साथ पकड़े गए अभियुक्त दिलशाद ने पूछताछ में पुलिस को बताया है कि वह अपने चचेरे भाई इजहार के साथ मिलकर ब्राउन शुगर की तस्करी करता है। दिलशाद को गुरुवार को पुलिस ने कोर्ट में प्रस्तुत किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने शहादत हुसैन लेन के रहने वाले दिलशाद को 149.68 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया था। उसके पास से पुलिस ने दो वेट मशीन, स्टील का एक प्लेट, दो मोबाइल, सिल्वर फॉयल पेपर और नगद 1290 रुपये बरामद किया है। उसने यह भी बताया है कि वह और उसका चचेरा भाई पश्चिम बंगाल से ब्राउन शुगर लाता था और शहरी क्षेत्र में बिक्री करता था।

### नाथनगर बीडीओ पर प्रपत्र 'क की अनुशंसा

**नाथनगर/भागलपुर , एजेंसी।** नाथनगर की बीडीओ अंतिमा कुमारी के खिलाफ कार्रवाई के लिए सदर एसडीओ ने आरोपपत्र का गठन कर (प्रपत्र-क) साक्ष्य सहित उप विकास आयुक्त को भेजा है। आरोप पत्र में तीन बिंदुओं का जिक्र किया गया है। उन पर अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने, उच्चाधिकारी के आदेश का उल्लंघन करने और अनुशासनही का आरोप है। डब्ल्यूपीयू निर्माण में गोलमोल जानकारी देने का भी आरोप है। प्रखंड प्रमुख ने शिकायत किया था कि एक जुलाई को पीएम आवास योजना की बैठक में अनुपस्थित रहीं और किसी को प्रतिनिधि के रूप में भी नहीं भेजा। एसडीओ ने तीन कॉपी में आरोपपत्र डीडीसी को दिया है।

### बालू घाटों पर छापेमारी के दौरान दो ट्रेक्टर जब्त, दो गिरफ्तार

**गया, एजेंसी।** शेरघाटी में बालू के अवैध उत्खनन और इसकी ढुलाई को रोकने के लिए बालू घाटों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस के मुताबिक शेरघाटी में मोरहर और बुढ़िया नदी के विभिन्न घाटों से बालू के गैरकानूनी ढंग से उठाव की सूचना पर पुलिस कार्रवाई के दौरान पिछले दो हफ्तों के दौरान जहां दो ट्रैक्टरों को जब्त किया गया है, वहीं दो व्यक्तियों की गिरफ्तारी भी हुई है। शेरघाटी के थानेदार अजीत कुमार ने बताया कि बुढ़िया नदी के घाघर घाट से बालू का उठाव कर भाग रहे एक ट्रैक्टर को 1 जुलाई को शेखपुरा के समीप जब्त किया गया था और उसके चालक गणेशी मांझी सहित दो व्यक्तियों को गिरफ्तार भी किया गया था। इससे पूर्व मोरहर नदी के पलकिया घाट से बालू के उठाव की सूचना पर पहुंची पुलिस की धंधेबाजों के साथ भिड़ंत भी हो गई थी। तब बालू लेकर भाग रहे ट्रैक्टर को बदमाशों ने छुड़ा लिया था, मगर पुलिस ने फिर बनियाडीह गांव के पास भागते हुए ट्रैक्टर को जब्त कर थाने लाया।

# मोतिहारी में 3 युवकों की पेड़ से बांधकर पिटाई



## फाइनेंसकर्मी को लूट कर भाग रहे थे, ग्रामीणों ने पकड़ा ; देसी कट्टा और कैश बरामद

**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी में तीन युवकों को बांधकर लोगों ने पीटा। इस मारपीट का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें तीनों को पेड़ से रस्सी के सहारे बांधकर लोग पीटते दिख रहे हैं। चारों तरफ से लोगों ने घेर रखा है, और तीनों की पिटाई कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ये तीनों अपराधी हैं, और एक फाइनेंसकर्मी को लूट कर भाग रहे थे। तीनों के पास से एक देसी कट्टा और 32 हजार कैश भी मिले हैं। मामला गुरुवार का है। घटना कल्याणपुर थाना क्षेत्र की है। पिटाई के बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस तीनों अपराधी को थाने ले गई। जहां पूछताछ कर रही है।

**प्राइवेट फाइनेंस कंपनी से कर्मचारी से लूट :** आरबीएल फाइनेंस कंपनी के कर्मी सुधीर कुमार भारती यमुनापुर से गुरुवार को कलेक्शन करके लौट रहे थे। इसी दौरान शंभूचक पंचायत के मुसहर टोली के पास एक बाइक पर सवार 3 अपराधी आए और सुधीर को रोकने लगे। बदमाशों ने पिस्टल का भय दिखाकर सुधीर के पास रखे बैग को छीन लिया और भागने लगे। बैग में लगभग 32 हजार 640 रुपए थे।

### ग्रामीणों ने दिखाई हिम्मत

इसके बाद फाइनेंसकर्मी ने घटना की जानकारी अपने बीएम को दी। वहीं, ग्रामीणों ने आरोपी को भागता देख हिम्मत दिखाई और तीनों बदमाशों को पकड़ लिया। तीनों को एक पेड़ में बांधकर उनकी जमकर पिटाई की। इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस आई और तीनों बदमाशों को थाना लेकर चली गई। वहीं, कैश भी बरामद कर लिए गए हैं।

**आरोपियों के पास से 1 देसी कट्टा बरामद :** मिली जानकारी के अनुसार अपराधियों में केसरिया थाना क्षेत्र के सिसवा पटना गांव के नबी आलम (21), सिसवा खरार गांव के नीरज कुमार (19) और यमुनापुर गांव के अनिकेत सिंह (21) को ग्रामीणों ने पकड़ा है। इसके पास से 1 देसी कट्टा और 4 गोली बरामद की गई है।

### पुलिस खंगाल रही क्रिमिनल रिकॉर्ड

फाइनेंसर सुधीर भारती पूर्वी चंपारण जिला के राजेपुर थाना क्षेत्र के नरहा पानापुर गांव के निवासी हैं। चकिया एसडीपीओ सतेंद्र सिंह ने बताया कि एक फाइनेंस कर्मी से लूट की घटना को अंजाम दिया है। इसमें तीनों अपराधी को ग्रामीणों ने देसी कट्टा के साथ पकड़ लिया है। तीनों से पूछताछ की जा रही है। इनका आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।



## भगवान जगन्नाथ मंदिर में अविवाहित जोड़ों को नहीं जाना चाहिए, राधा रानी ने दिया था श्राप

पंचांग के अनुसार आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा बेहद उत्साह के साथ निकाली जाती है। इस यात्रा को गुंडिचा यात्रा और रथ महोत्सव के नाम से भी जाना जाता है। भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा में लोग जप-कीर्तन कर गुंडीचा नगर तक जाते हैं। जगन्नाथ पुरी मंदिर में भगवान जगन्नाथ, भाई भगवान बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा जी विराजमान हैं। हर वर्ष भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाती है। यह यात्रा में देश-विदेश में अधिक प्रसिद्ध है। इसमें अधिक संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। ऐसा माना जाता है कि भगवान जगन्नाथ मंदिर में अविवाहित जोड़ों को नहीं जाना चाहिए। आइए जानते हैं इसके पीछे की वजह के बारे में।

पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार श्री राधा रानी ने जगन्नाथ मंदिर में दर्शन करने का विचार किया। जब वह मंदिर में प्रवेश कर रही थीं, तो उनको पुजारी ने रोक दिया। इसके बाद पुजारी से इसके बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि आप श्री कृष्ण की प्रेमिका हैं और विवाहिता भी नहीं हैं। इस वजह से भगवान श्री कृष्ण की पत्नियों को मंदिर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं मिली, तो आपको भी मंदिर में जाने की अनुमति नहीं है। इस वजह से राधा रानी पुजारी की इस बात से नाराज हो गईं। इसके बाद राधा रानी ने जगन्नाथ मंदिर को श्राप दिया कि यदि जीवन में कोई अविवाहित जोड़ा एक साथ मंदिर में प्रवेश करेगा, तो उसे कभी भी प्रेमी या प्रेमिका का प्यार नहीं मिलेगा।

### यात्रा में होते हैं 3 रथ

यात्रा के लिए 3 रथ बनाए जाते हैं। इन रथ में भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा अलग-अलग रथ पर सवार होकर अपनी मौसी के घर जाते हैं। वहां कुछ दिन विश्राम करने के बाद वापस आते हैं। ऐसा बताया जाता है कि इन रथों को नेम के पेड़ की लकड़ियों की सहायता से बनाया जाता है। सबसे खास बात यह है कि इन रथ को बनाने के लिए किसी भी धातु और कील का प्रयोग नहीं किया जाता है।

### मिलते हैं ये लाभ

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र का रथ को खींचने से साधक को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है और जीवन में आने वाली सभी बाधाओं से मुक्ति मिलती है। रथ यात्रा में शामिल होने से इंसान को मोक्ष की प्राप्ति होती है।



# 53 साल बाद बना अद्भुत संयोग

## 2 दिन की होगी जगन्नाथ रथयात्रा

**हिंदू धर्म में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का बड़ा धार्मिक महत्व है। यह यात्रा हर साल आषाढ़ माह में शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को निकलती है। यह यात्रा ओडिशा के पुरी में स्थित जगन्नाथ मंदिर से बड़े धूमधाम और भव्यता के साथ निकाली जाती है। यह मंदिर चार पवित्र धामों में से एक है। यह यात्रा कुल 10 दिनों कि होती है और इसके बाद आषाढ़ शुक्ल पक्ष के 11वें दिन जगन्नाथ जी की वापसी के साथ इस यात्रा का समापन होता है। इस यात्रा में शामिल होने के लिए देश के कोने-कोने से श्रद्धालु आते हैं। जगन्नाथ मंदिर पर श्रीहरि विष्णु के आठवें अवतार भगवान श्रीकृष्ण के साथ उनके बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की भी पूजा होती है।**

उड़ीसा के पुरी में होने वाला जगन्नाथ रथ यात्रा देश के साथ-साथ पूरी दुनियाभर में प्रसिद्ध है। जहां पर दुनियाभर के लोग उस अद्भुत नजारे को देखने के लिए पहुंचते हैं। बता दें हर साल अषाढ़ माह में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जाती है। इस यात्रा में भगवान कृष्ण के साथ-साथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को भी विराजमान किया जाता है। बता दें कि इस साल जगन्नाथ रथयात्रा 7 जुलाई से आरंभ हो रही है, जो 16 जुलाई को समाप्त होगी। इस साल जगन्नाथ यात्रा पर काफी दुर्लभ संयोग सालों बाद बन रहा है। इस बार तिथियों की हेरफेर के कारण लगातार दो दिन रथ यात्रा होगी। इसके बाद गुंडिचा मंदिर पहुंचेंगे। आपको बता दें कि हर साल आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को जगन्नाथ रथ यात्रा का आरंभ होता है। इसके साथ ही आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष के 11वें दिन जगन्नाथ जी की वापसी के साथ होता है।

### कब है जगन्नाथ यात्रा

इस साल जगन्नाथ यात्रा की शुरुआत 07 जुलाई 2024 से 16 जुलाई 2024 तक होगी। इस बीच में 10 दिन की अवधि भगवान जगन्नाथ के भक्तों के लिए बेहद शुभ और मंगलकारी मानी जाती है। यही कारण है कि इस यात्रा में दूर-दूर से श्रद्धालु आकर शामिल होते हैं।

### 53 साल बाद बना दुर्लभ संयोग

इस साल पुरी में निकलने वाली जगन्नाथ रथयात्रा पूरे दो दिन चलेंगे। पंचांग के अनुसार, इस साल आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की तिथियां घट गई है। ऐसे में रथयात्रा के पहले की सभी परंपराएं 7 जुलाई तक चलेंगी। इसके बाद सुबह के बजाय शाम को रथयात्रा शुरू होगी। लेकिन रथयात्रा के बाद रथ नहीं हांका जाता है। इसलिए रात को रथ रोक दिया जाएगा और 8 जुलाई को जल्द सुबह रख चलाना शुरू होगा। इसके बाद इस दिन गुंडिचा मंदिर पहुंच जाएंगे। बता दें कि तिथियों का ऐसा संयोग साल 1971 को बना था।

### अलग-अलग रथ में सवार होते हैं श्री कृष्ण, बलराम और सुभद्रा जी

बता दें कि भव्य जगन्नाथ रथयात्रा में 3 रथ निकाले जाते हैं, जो कृमशः श्री कृष्ण, बलराम और उनकी बहन सुभद्रा का होता है। हर एक रथ अपने आप पर खास होता है।

### भगवान जगन्नाथ का रथ

पहला रथ जगन्नाथ जी का होता है, जिसे नंदीघोष कहा जाता है। इसके साथ ही इसमें लहरा रही ध्वजा को त्रैलोक्य मोहिनी कहा जाता है। इसके साथ ही इस रथ में कुल 16 पहिए होते हैं। इस रथ में पीला रंग का इस्तेमाल किया जाता है।

### भगवान बलराम विराजेंगे दूसरे रथ पर

भगवान बलराम के रथ को तालध्वज कहा जाता है। इसके साथ ही रथ में लगे ध्वज को उनानी कहा जाता है। इस रथ में कुल 14 पहिए होते हैं। इसके साथ ही इस रथ को जिस रस्सी से खींचते हैं उसे वासुकी कहा जाता है।

### मां सुभद्रा का तीसरा रथ

भगवान जगन्नाथ की छोटी बहन सुभद्रा का भी रथ निकाला जाता है। इस रथ को पद्म ध्वज कहा जाता है। इस रथ में कुल 12 पहिए होते हैं। इस रथ लाल रंग के कपड़ों का इस्तेमाल किया जाता है। इसके साथ ही खींचने वाली रस्सी को स्वर्णाचूड़ा कहा जाता है।





## धार्मिक ही नहीं बल्कि वैज्ञानिक कारणों से भी मौली बांधी जाती है

**हिंदू धर्म में किसी भी पूजा-पाठ या फिर यज्ञ, हवन आदि से समय पंडित (पुरोहित) यजमान की दायीं कलाई में कलावा बांधते हैं। कलावा को मौली और रक्षासूत्र के नाम से भी जाना जाता है। लेकिन क्या कभी आपने ये सोचा है कि इसके पीछे क्या कारण है। अगर आपको लगता है कि इसके पीछे सिर्फ धार्मिक कारण है तो ऐसा नहीं है। जी हां, धार्मिक ही नहीं बल्कि वैज्ञानिक कारणों से भी मौली बांधी जाती है।**

### देवी लक्ष्मी ने की कलावा बांधने की शुरुआत

शास्त्रों में ये कहा गया है कि कलावा या मौली बांधने का प्रारंभ माता लक्ष्मी और राजा बलि ने की थी। माना जाता है हाथ पर मौली बांझने से जीवन में आने वाले संकट से रक्षा होती है। कलावा को हमेशा बांधते समय एक मंत्र को बोला जाता है-

*येन बद्धो बलि राजा, दानवेन्द्रो महाबल:,*
*तेन त्वाम प्रतिबद्धनामि रक्षे माचल माचल:।*

### कलावा धारण करने होती है इनकी कृपा

शास्त्रों में कहा गया है कि कलावा बांधने से त्रिदेव यानी ब्रह्मा, विष्णु और महेश का आशीर्वाद मिलता है। साथ ही लक्ष्मी, सरस्वती और पार्वती तीनों देवियों की अनुकूलता का भी फायदा मिलता है। जानें कलावा धारण करने को लेकर क्या कहता है विज्ञान विज्ञान के मुताबिक, शरीर के ज्यादातर अंगों तक जाने वाली नसें कलाई से होकर गुजरती हैं। वहीं जब कलाई पर मौली या कलावा बांधा जाता है तो इससे नसों की क्रिया नियंत्रित रहती हैं। इससे वात, पित्त और कफ की समानता बनी रहती है। माना ये भी जाता है कि कलावा बांधने से हृदय संबंधी रोग, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर और पैरालिसिस जैसे रोगों से काफी सुरक्षा होती है।

### इन स्थानों पर मौली बांधने से मिलता है लाभ

मौली को शादी शुदा महिलाओं के बाएं हाथ और पुरुषों एवं अविवाहित कन्याओं के दाएं हाथ में बांधने का विधान है। चाबी के छल्ले, बही-खाता और तिजोरी जैसी जगहों पर पवित्र मौली बांधने से फायदा होता है, ऐसी मान्यताएं कहती हैं।

### आर्थिक समस्याओं में कलावा

मान्यता है कि कलावे में देवी या देवता अदृश्य रूप में विराजमान रहते हैं। इसका निर्माण कच्चे सूत से तैयार होता है और यह कई रंगों जैसे पीला, सफेद, लाल या फिर नारंगी रंग से मिलकर बनता है। ऐसा माना जाता है कलाई पर इसे बांधने से आर्थिक समस्या भी दूर होती है।



**जगन्नाथ रथयात्रा के पहले प्रभु जगन्नाथ को 108 कलशों से शाही स्नान कराया जाता है। फिर 15 दिन तक प्रभु जी को एक विशेष कक्ष में रखा जाता है। जिसे ओसर घर कहते हैं। आखिर उन्होंने क्यों एकांत में 15 दिन के लिए रखा जाता है और उसके बाद ही रथयात्रा प्रारंभ होती है? जानते हैं इस रहस्य को।**

# रथयात्रा से पहले 15 दिन तक एकांतवास में रहते हैं भगवान जगन्नाथ?

कथा के अनुसार प्रभु जगन्नाथ के कई भक्तों में से एक थे माधवदास। बचपन में ही उनके माता पिता शांत हो गए थे तो बड़े भाई के आग्रह पर उन्होंने विवाह कर लिया और अंत में भाई भी उन्हें छोड़कर संन्यासी बन गए तो उन्हें बहुत बुरा लगा। फिर एक दिन पत्नी का अचानक देहांत हो गया तो वे फिर से अकेले रह गए। पत्नी के ही कहने पर वे बाद में जगन्नाथ पुरी में जाकर प्रभु की भक्ति करने लगे। माधवदास के संबंध में बहुत सारी कहानियां प्रचलित है उन्हीं में से एक कहानी है प्रभु जगन्नाथ के 15 दिन तक बीमार पड़ने की कहानी। प्रभु जगन्नाथ रथयात्रा के 15 दिन पहले बीमार पड़ जाते हैं और 15 दिन तक बीमार रहते हैं।

माधवदासजी जगन्नाथ पुरी में अकेले ही रहते थे। वे अकेले ही बैठे बैठे भजन किया करते थे और अपना सारा काम खुद ही करते थे। प्रभु जगन्नाथ ने उन्हें कई बार दर्शन दिए थे। वे नित्य प्रतिदिन श्री जगन्नाथ प्रभु का दर्शन करते थे और उन्हीं को अपना मित्र मानते थे। एक बार माधवदास जी को अतिसार (उलटी-दस्त) का रोग हो गया। वह इतने दुर्बल हो गए कि चलना-फिरना भी मुश्किल हो गया। फिर भी अपना सारा काम खुद किया करते थे।

उनके परिचितों ने कहा कि महाराज हम आपकी सेवा करें तो माधवदासजी ने कहा कि नहीं, मेरा ध्यान रखने वाले तो प्रभु श्रीजगन्नाथजी है। वे कर लेंगे मेरी देखभाल, वही मेरी रक्षा करेंगे।

फिर धीरे धीरे उनकी तबीयत और बिगड़ गई और वे उठने-बैठने में भी असमर्थ हो गए तब भगवान श्रीजगन्नाथ जी स्वयं सेवक बनकर इनके घर पहुंचे और माधवदासजी से कहा कि हम आपकी सेवा करें। उस वक्त माधवदासजी की बेसुध से ही थे। उनका इतना रोग बढ़ गया था की उन्हें पता भी नहीं चलता था कि कब मल-मूत्र त्याग देते थे और वस्त्र गंदे हो जाते थे। भगवान जगन्नाथ ने उनकी 15 दिन तक खूब सेवा की। उनके गंदे कपड़ों को भी धोया और उन्हें नहलाया भी। जब माधवदास जी को होश आया, तब उन्होंने तुरंत पहचान लिया कि यह तो मेरे प्रभु ही हैं। यह देखकर माधवदासजी ने पूछा, प्रभु आप तो त्रिलोक के स्वामी हैं, आप मेरी सेवा कर रहे हैं। आप चाहते तो मेरा रोग क्षण में ही दूर कर सकते थे। परंतु आपने ऐसा न करके मेरी सेवा क्यों की?

प्रभु श्री जगन्नाथ जी ने कहा- देखो माधव! मुझसे भक्तों का कष्ट नहीं सहा जाता। इसी कारण तुम्हारी सेवा मैंने स्वयं की है। दूसरी बात यह कि जिसका जैसा प्रारब्ध होता है उसे तो वह भोगना ही पड़ता है। मैं नहीं चाहता था कि तुम्हें प्रारब्ध का भोगना न पड़े और फिर से जन्म लेना पड़े। अगर उसको भोगेगे-काटोगे नहीं तो इस जन्म में नहीं तो उसको भोगने के लिए फिर तुम्हें अगला जन्म लेना पड़ेगा। इसीलिए मैंने तुम्हारी सेवा की। परंतु तुम फिर भी कह रहे हो तो अभी तुम्हारे हिस्से के 15 दिन का प्रारब्ध का रोग और बचा है तो अब 15 दिन का रोग मैं ले लेता हूं और अब तुम मुक्त हो। इसके बाद प्रभु जगन्नाथ खुद 15 दिन के लिए बीमार पड़ गए।

इस घटना की स्मृति में तभी से रथयात्रा के पूर्व प्रभु जगन्नाथ बीमार पड़ जाते हैं। तब 15 दिन तक प्रभु जी को एक विशेष कक्ष में रखा जाता है। जिसे ओसर घर कहते हैं। इस 15 दिनों की अवधि में महाप्रभु को मंदिर के प्रमुख सेवकों और वैद्यों के अलावा कोई और नहीं देख सकता। इस दौरान मंदिर में महाप्रभु के प्रतिनिधि अलारनाथ जी की प्रतिमा स्थपित की जाती हैं तथा उनकी पूजा अर्चना की जाती है। 15 दिन बाद भगवान स्वस्थ होकर कक्ष से बाहर निकलते हैं और भक्तों को दर्शन देते हैं। जिसे नव यौवन नैत्र उत्सव भी कहते हैं। इसके बाद द्वितीया के दिन महाप्रभु श्री कृष्ण और बडे भाई बलराम जी तथा बहन सुभद्रा जी के साथ बाहर राजमार्ग पर आते हैं और रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकलते हैं।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### न्याय की ओर

तीन नए आपराधिक कानून- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का लागू होना सुखद व स्वागतयोग्य है। इसके साथ ही भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव का दौर शुरू हो गया है। औपनिवेशिक युग के निर्मम या आम नागरिक विरोधी कानूनों को समाप्त करने की मांग लंबे समय से हो रही थी और अंततः अब पुलिस को अनुशासित के साथ-साथ कारगर बनाने की ओर देश ने अपने कदम बढ़ा दिए हैं। पुलिस को अब सबसे पहले यह ध्यान में रखना होगा कि कोई भी कानून अगर लागू हो, तो सभी पर समान रूप से लागू हो। पुलिस प्रशासन की सफलता इसी में है कि तमाम लोगों को यह महसूस हो कि कानून न्यायपूर्ण ढंग से लागू किया जा रहा है। एक पहलू यह भी है कि पुलिस प्रशासन को कुशल और सक्षम बनाने के लिए संसाधनों की कमी आड़े नहीं आए। जिस स्तर की सेवा की उम्मीद लोग पुलिस से कर रहे हैं, उसके लिए सरकारों को पुलिस पर व्यय बढ़ाना होगा। सक्षम और सहयोगी पुलिस हमारे तेज विकास में कारगर होगी। ध्यान रहे, पिछले कानूनों में यह बड़ी कमी थी कि उनका इस्तेमाल गरीबों के खिलाफ जितनी आसानी से होता था, उससे कहीं ज्यादा कठिनाई से अमीरों के खिलाफ मामले दर्ज होते थे। आरोप सिद्ध होने या सजा के मामले में भी गरीबों को ही ज्यादा भुगतना पड़ता था। हम बार-बार कह रहे हैं कि इन तीन कानूनों ने ब्रिटिश काल के तीन कानूनों की जगह ले ली है, तो जमीन पर वास्तव में लोगों को यह एहसास कराना होगा कि ब्रिटिश हिसाब से बने कानून अब देश में नहीं चल रहे हैं। नए कानूनों में यह ताकत है कि इनसे अपने यहां संपूर्ण न्याय प्रणाली में आम नागरिकों के अनुरूप आधुनिक बदलाव हो सकता है। जीरो एफआईआर, पुलिस शिकायतों का ऑनलाइन पंजीकरण, एसएमएस जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से सम्मन और सभी जघन्य अपराधों के लिए अपराध स्थलों की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान ज्यादा कारगरता के साथ लागू हो जाएंगे। केंद्र सरकार ने अपना काम कर दिया है और अब राज्यों को अपने स्तर पर इन अच्छे कानूनों को लागू करने की पूरी तैयारी करनी पड़ेगी और देश के ज्यादातर राज्यों में पुलिस जिस तरह से प्रशिक्षित हो रही है, इससे जुड़ी खबरों का सामने आना भी सुखद है। यह कहने में कोई हर्ज नहीं कि इन कानूनों के माध्यम से देश में पुलिस सुधार को भी बल मिलेगा।

### अंतरिक्ष में होड़

अमेरिका इन दिनों अंतरिक्ष में जूझ रहा है, वहीं चीन ने कामयाबी के नए झंडे गाड़ दिए हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर एक तरह से फंस गए हैं, तो दूसरी ओर, चीन चांद से मिट्टी लाने में कामयाब हो गया है। अंतरिक्ष स्टेशन को करीब 25 साल हो चुके हैं, अमेरिका, रूस, जापान, कनाडा, यूरोप के संयुक्त प्रयास से स्थापित अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अब तक 270 से ज्यादा अंतरिक्ष यात्री जा चुके हैं, पर ऐसा पहली बार हुआ है कि अमेरिकी बोइंग स्टारलाइनर परियोजना का यान वहां एक तरह से फंस गया है। स्टेशन पर पहुंचने से पहले ही यान में हीलियम का रिसाव और थ्रस्टर में खराबी आ गई थी। यान को 14 जून को वापसी यात्रा करनी थी, पर अभी तक वह लौटा नहीं है और आशंका है कि इसे लौटने में 90 दिन तक लग सकते हैं। इतने दिनों में वैज्ञानिक यह कोशिश करेंगे कि यान की खराबी को दूर किया जा सके। अभी नासा यान की पृथ्वी पर वापसी की सटीक तारीख की कोई घोषणा नहीं कर पा रहा है।कुल मिलाकर, यही कहा जा सकता है कि अंतरिक्ष में फंसी भारतीय मूल की अमेरिकी सुनीता विलियम्स और अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर को धरती पर लौटने में कुछ महीने लग सकते हैं। नासा के वाणिज्यिक क्रू कार्यक्रम प्रबंधक स्टीव स्टिच ने कहा है कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी स्टारलाइनर की अवधि को 45 से 90 दिनों तक बढ़ाने के बारे में सोच रही है। वास्तव में, नासा किसी तरह का खतरा मोल नहीं लेना चाहता, दो अंतरिक्ष यात्रियों की बहुमूल्य जिंदगी का सवाल है। वैसे, बेहद प्रतिभावान व साहसी सुनीता विलियम्स, सहित दोनों अंतरिक्ष यात्री ज्यादा चिंतित नहीं हैं और निरंतर अपने प्रयोग में लगे हुए हैं। दोनों को घर लौटने की कोई जल्दी नहीं है। यह ध्यान देने की बात है कि अंतरिक्ष स्टेशन जब से बना है, वहां लगातार पांच या सात अंतरिक्ष यात्री रहते आए हैं। नासा के ताजा अभियान पर इसरो की भी नजर टिकी है। इसरो वैज्ञानिक एम अन्नादुराई ने बताया है कि किसी भी अंतरिक्ष कार्यक्रम को पारगमन करते समय यह देखना ही होगा कि अगली उड़ान के लिए सभी सिस्टम तैयार हैं या नहीं। स्टारलाइनर को लॉन्च करते समय भी यह देखा गया था और तब भी कुछ देरी हुई थी।

## भारत में शारीरिक निष्क्रियता का बढ़ना चिन्ताजनक

(ललित गर्ग)

*देर राज तक जगना एवं सुबह देर तक सोना, इस तरह बिगड़ती दिनचर्या एवं शरीर की प्राकृतिक घड़ी का चक्र बिगड़ने से दिन भर आलस्य बना रहता है। ताजा अध्ययन में पता चला कि 195 देशों में भारत अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता के मामले में 12वें स्थान पर है। इसके अलावा, लैंसेट की रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर एक तिहाई वयस्क लगभग 1.8 बिलियन लोग 2022 में अनुशंसित शारीरिक सक्रियता को पूरा करने में विफल रहे।*

भविष्य के भारत को लेकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश की साठ प्रतिशत आबादी अगर शारीरिक रूप से पर्याप्त सक्रिय नहीं रहे तो आने वाले वक्त में यहां की आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक रूप से कैसी तस्वीर बनेगी। भारत में बढ़ती शारीरिक अकर्मण्यता एवं आलसीपन एक समस्या के रूप में सामने आ रहा है, लोगों की सक्रियता एवं क्रियाशीलता में कमी आना एवं वयस्कों में शारीरिक निष्क्रियता का बढ़ना चिन्ता का सबब है। इस दृष्टि से प्रतिष्ठित लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की वह हालिया रिपोर्ट आईना दिखाने वाली है जिसमें पचास फीसदी भारतीयों के शारीरिक श्रम न करने का उल्लेख है। महिलाओं की स्थिति ज्यादा चिंता बढ़ाने वाली है। उनकी निष्क्रियता का प्रतिशत 57 है। वैसे अकेले पुरुषों की निष्क्रियता का प्रतिशत 42 है। इस अध्ययन में यह अनुमान लगाया गया है कि अगर वर्तमान में तेजी से पसर रहा आलसीपन एवं शारीरिक निष्क्रियता इसी तरह जारी रहा तो 2030 तक भारत में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता वाले वयस्कों की संख्या बढ़कर साठ प्रतिशत तक पहुंच जायेगी, जो चिन्ताजनक है। लैंसेट ग्लोबल हेल्थ रिपोर्ट के अनुसार, भारत की आधी वयस्क आबादी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के शारीरिक गतिविधि संबंधी मानदंडों को पूरा नहीं कर रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के वयस्कों में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता का पैमाना 2000 में 22.3 फीसदी से बढ़कर 2022 में 49.4 फीसदी हो गई है, साथ ही इसमें बताया गया है कि देश में महिलाएं पुरुषों की तुलना में ज्यादा शारीरिक रूप से ज्यादा निष्क्रिय हुई हैं। इस निष्क्रियता, आलसीपन एवं उदासीनता का कारण बढ़ते उपभोक्तावाद एवं शहरीकरण से उपजी सुविधावादी एवं आरामदायक जीवनशैली है। इसके कारण बीमारियां भी बढ़ रही है। क्योंकि जब व्यक्ति को सुस्त, निढ़ाल एवं निस्तेज देखा जाता है तो इसका सीधा अर्थ यही लगाया जाता है कि शायद उसकी तबीयत ठीक नहीं है। विडम्बना यह भी है कि समय के साथ विस्तृत होने दायरे के बीच ज्यादातर लोगों की व्यस्तता तो बढ़ी है, मगर उनकी शारीरिक सक्रियता, उत्साह एवं जोश में तेजी से कमी आई है, जो नये बनते भारत एवं सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प के सामने एक बड़ी चुनौती है। भविष्य के भारत को लेकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश की साठ प्रतिशत आबादी अगर शारीरिक रूप से पर्याप्त सक्रिय नहीं रहे तो आने वाले वक्त में यहां की आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक रूप से कैसी तस्वीर बनेगी। जिस देश की अधिकांश आबादी के सामने रोजी-रोटी की समस्या जटिल एवं अहम है, वहां के लोगों को जीवन चलाने के लिये शारीरिक रूप से जरूरत से ज्यादा सक्रिय रहते हुए श्रम करना पड़ता है। इन स्थितियों में बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि भारत में ऐसे हालात कैसे पैदा हो रहे हैं कि यहां इतनी बड़ी आबादी सुस्त एवं आलसी होती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित शोधकर्ताओं का मानना है कि भारत एशिया प्रशांत में उच्च आय वर्ग वाले देशों में निष्क्रियता के क्रम में दूसरे स्थान पर है। निस्संदेह, लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की हालिया रिपोर्ट आंख खोलने वाली है, रिपोर्ट गंभीर चिन्तन-मंथन की आवश्यकता को भी उजागर कर रही है।। यह जानते हुए भी कि भारत लगातार मधुमेह और हृदय रोग जैसी बीमारियों में जकड़ता हुआ बीमार राष्ट्र बनता जा रहा है। इन असाध्य बीमारियों का कारण कहीं-न-कहीं श्रम की कमी एवं सुविधावादी जीवनशैली ही है। दरअसल, आजादी के बाद देश में आर्थिक विकास को गति मिली है। अब हम दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। औसत भारतीय के जीवन स्तर में सुधार जरूर आया है तो आम नागरिक का जीवन सुविधावादी भी बना है। इस संकट की वजह शहरीकरण और जीवन के लिये जरूरी सुविधाओं का घर के आस-पास उपलब्ध हो जाना भी है, आनलाइन प्रचलन भी बड़ा कारण बन रहा है। पहले देश की साठ फीसदी से अधिक आबादी कृषि व उससे जुड़े श्रमसाध्य कार्यों में सक्रिय थी। लेकिन अब मेहनतकश किसान को कोई शारीरिक श्रम करने की जरूरत नहीं पड़ती है, कृषि की ही तरह अन्य श्रम से जुड़े कार्यों में भी मेहनत एवं श्रम पहले ही तुलना में कम करना पड़ता है क्योंकि धीरे-धीरे कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में आधुनिक यंत्रों व तकनीकों ने शारीरिक श्रम की महत्ता को कम किया है। कृषि-क्रांति से बड़ी संख्या में निकले लोगों ने शहरों को अपना ठिकाना बनाया, लेकिन वे शारीरिक सक्रियता को बरकरार नहीं रख पाये। इन स्थितियों ने भी व्यक्ति को आलसी, अकर्मण्य एवं सुस्त बनाया है। इस शारीरिक निष्क्रियता के मूल में भारतीय पारिवारिक संरचना व सांस्कृतिक कारण भी हैं। घर-परिवार संभालने वाली महिलाओं में भी बढ़ते सुविधा के साधनों के कारण श्रमशीलता कम हुई है। कुछ दूर पर सब्जी-फल लेने जाने पर भी हम वाहनों का इस्तेमाल करते हैं। ऐसा भी नहीं है कि शहरों में स्वास्थ्य चेतना का विकास नहीं हुआ, लेकिन इसके बावजूद शहरों के पार्कों में सुबह गिने-चुने लोग ही नजर आते हैं। व्यक्तियों में प्रातः भ्रमण, योग, ध्यान, व्यायाम की गतिविधियों में भी कमी देखने को मिल रही है। इस जटिल से जटिलतर होती समस्या से मुक्ति के लिये हर व्यक्ति को जागरूक होना होगा। खुद को छोटी-मोटी असुविधाओं के लिए तैयार करना होगा। कभी-कभार थोड़ा कम नींद लेने, कम खाने या फिर ज्यादा देर काम कर लेने की मानसिकता को बल देना होगा। जरा सी चुनौती सामने आने पर बेचैन न हों, उसे नया सीखने के मौके व नए अनुभव के रूप में देखना होगा। अक्सर जब कुछ नया करने के लिए कदम बढ़ाते हैं, तो पुरानी आदतें एवं आराम की मानसिकता तुरंत परीक्षा लेने आ जाती हैं। हमें ललचाती हैं या फिर खुद को थोड़ा ढील देने के लिए कहती हैं। मन भी खुद को बड़ी आसानी से समझाने लगता है कि कुछ देर और सो जाने, और मीठा खा लेने, फोन पर बात करने या काम को कल पर टालने से कुछ गड़बड़ नहीं होगा। कुल मिलाकर हम मन के बहकावे में आने लगते हैं और खुद को छूट देने लगते हैं जो हमें सुस्त, आलसी एवं निस्तेज बनाता है। विचित्र स्थिति यह भी है कि लोगों में व्यस्तता में एक अजीब किस्म की बढ़ोतरी हुई, जीवन व्यस्त से ज्यादा अस्त-व्यस्त हुआ है। जरूरी कामों को छोड़कर तमाम लोग रोजाना पांच से सात घंटे या इससे भी ज्यादा समय अपने स्मार्टफोन या अन्य तकनीकी संसाधनों, सोशल मीडिया एवं अन्य आभासी मंचों पर समय बर्बाद करते हैं।

## हमारी शिक्षा व्यवस्था को फेल करती परीक्षाएं

(हरजिंदर, वरिष्ठ पत्रकार)

रूस के महान क्रांतिकारी व भूगोलविद पीटर क्रोपोटकिन ने 19वीं सदी के अंत या शायद 20वीं सदी की शुरुआत में एक छोटी सी पुस्तिका उन नौजवानों के लिए लिखी थी, जो अपनी स्कूली पढ़ाई खत्म करने के बाद कोई करियर अपनाना चाहते हैं। भारत में इसका हिंदी अनुवाद नवयुवकों से दो बातें शीर्षक से छपा था। क्रोपोटकिन इसमें बताते हैं कि जो डॉक्टर बनना चाहते हैं, उनकी सोच क्या होनी चाहिए और जो इंजीनियर-प्रोफेसर वगैरह बनना चाहते हैं, उनका जज्बा कैसा होना चाहिए? क्रोपोटकिन यह मानकर चल रहे थे कि जो बच्चे स्कूली शिक्षा पूरी कर चुके हैं, उन्होंने बहुत कुछ सीख-जान लिया होगा, इसके बाद असल सवाल उनकी सोच व जज्बे का ही बच जाता है। इससे ही अच्छे प्रोफेशनल तैयार हो सकते हैं, बाकी का ज्ञान तो वे जिस संस्थान में जाएंगे, वहां उनको मिल ही जाएगा। करियर अपनाने के लिए नीट, जेईई, नेट जैसी परीक्षाओं वाले हमारे समाज में सोच और जज्बा ही वे दो चीजें हैं, जिनको अब कोई नहीं पूछता। अक्सर कहा जाता रहा है कि भारत में शिक्षा व्यवस्था तो दरअसल है ही नहीं। बस एक परीक्षा व्यवस्था है। इसे जो पास कर लेता है, वह योग्य व विद्वान मान लिया जाता है। कुछ पढ़ा-नहीं पढ़ा, कुछ सीखा-नहीं सीखा इससे ज्यादा मतलब नहीं रह जाता। ज्ञान की असल कसौटी प्रश्न-पत्र में छपे कुछ सवाल हैं। किसी भी जुगत से उनको हल करने वाला हर बाधा को पार कर जाता है। क्या जाना, क्या समझा, क्या गुना, क्या सीखा इसके आगे ये सब निरर्थक हैं। यही वजह है कि बच्चा परीक्षा पास कर ले, इसके लिए अभिभावक कोई भी रकम चुकाने को तैयार हो जाते हैं। यहां तक कि परिवार के लोग, दोस्त-रिश्तेदार तो इसके लिए जान की बाजी तक लगाने को तैयार रहते हैं। पूरी पीढ़ी के अच्छे भविष्य की बाधा जब परीक्षा ही है, तो व्यवसाय के इस युग में इसे पार कराने के बहुत से कारोबार भी शुरू हो गए हैं। कोचिंग है, ट्यूशन है, गाइड बुक हैं और अब तो ऑनलाइन व्यवस्थाएं भी हैं। बाकी कई कारोबार की तरह इस सारे कारोबार की निचले तल पर एक स्याह दुनिया भी है, जहां नियमित रूप से पेपर लीक होते हैं। कीमत दीजिए, प्रश्न-पत्र परीक्षा से पहले ही हासिल कर लीजिए। फिर भी अगर दिक्कत है, तो सॉल्वर गैंग है, वह आप तक प्रश्नों के जवाब भी पहुंचा देगा। यहां तक कि मोटी रकम लेकर आपकी जगह परीक्षा देने वाले भी मिल जाएंगे। चंद साल पहले आईआईटी के कुछ विद्वान प्रोफेसरों ने कोचिंग संस्थानों को लेकर काफी कुछ कहा-लिखा था। उनके शब्दों में ये कोचिंग दरअसल ऐसे कारखाने हैं, जो आईआईटी प्रवेश परीक्षा पास करने योग्य नौजवान तैयार करते हैं। उनका कहना था कि हमें प्रतिभाशाली नौजवान चाहिए, कारखानों में तैयार युवक-युवतियां नहीं। मगर वे प्रोफेसर भी कोई समाधान नहीं दे सके। उन परीक्षाओं का विकल्प उनके पास भी नहीं था, जिनके लिए देश भर में हजारों कोचिंग कारोबार ही नहीं चल रहे, बल्कि एक ऐसा तंत्र भी बन गया है, जिसे कोचिंग माफिया कहा जाता है। इन प्रोफेसरों ने एक और बात कही थी, जो महत्वपूर्ण है। उनका कहना था कि स्कूली शिक्षा ऐसी होनी चाहिए कि उसके बाद कोचिंग की जरूरत न पड़े। मगर एक दूसरा सच यह भी है कि हमारे स्कूल भी बहुत हद तक कोचिंग संस्थानों सा काम करते हैं। उनका लक्ष्य भी बच्चों को परीक्षा पास कराना भर होता है। इन दिनों लगभग हर दूसरी या तीसरी परीक्षा के पर्चे लीक हो रहे हैं और उनमें से कई को मजबूरीवश रद्द भी करना पड़ रहा है। नीट और नेट के मामले में जो सीबीआई की जांच चल रही हैं, उम्मीद है कि वे अंजाम तक पहुंचेंगी और दोषियों को सजा भी मिलेगी। मगर शायद समस्या इससे खत्म नहीं होगी। अगर ऐसा होता, तो हम न जाने कब अपराधमुक्त समाज बन चुके होते। वैसे भी शिक्षा की समस्याएं किसी फौजदारी से हल होने वाली चीज नहीं हैं। इसके लिए लंबे विमर्श की जरूरत है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5422

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | | 8 | | 5 | | 7 | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | 1 | 5 | 7 | | | | | |
| | | 2 | | | | | 3 | 1 |
| | 4 | | 3 | 9 | 1 | | 5 | |
| 1 | 5 | | | | | 8 | | |
| | | | | | 7 | 3 | 4 | |
| 8 | | | | | | 9 | | |
| | 3 | | 1 | | 4 | | 6 | 7 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5421

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |

## वर्ग पहेली 5422



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री जिनका जन्म दिवस 20 अगस्त 1944 है (5)
5. बेबाक, चुकता किया हुआ (2)
7. यत्न का अपभ्रंश (3)
8. इस्लामी नवां महीना जिसमें मुस्लिम दिन भर रोजा रखते है (4)
9. अवाम, पब्लिक, सर्वसाधारण (3)
11. नया, नवीन, नूतन (2)
12. एक प्रकार के देवता जो कुबेर के सेवक और उसकी निधि के रक्षक कहे गए है (2)
15. इज्जत, प्रतिष्ठा, इस्मत (3)
17. काव्यमर्मज्ञ, रसपान रकने वाला (3)
19. समेत, संग-संग, समाविष्ठ, संयुक्त (3)
21. गंधा बिरोजा, पायस, लक्ष्मीवेस्ट (4)
23. दार्शनिक प्रणाली, वोट, राय (2)
24. पानी के साथ निचोड़ना या घिसना, गलाना (3)

**ऊपर से नीचे**

1. शासकीय, राज्यीय (4)
2. फतह, विजय, यह फिल्म करीना कपूर की अभिनेत्री मां की अंतिम फिल्म थी 1972)(2)
3. वन में उत्पन्न वस्तु (3)
4. धैर्य, धीरज, ढ़ाढस (3)
5. नमाज की सूचना के शब्द जो जोर से पुकारे जाते है (3)
6. दानवों के गुरू होने के कारण शुक्राचार्य को य हभ्झी कहते थे (5)
10. नव या नया अभ्युदल काल, आरंभिक बढ़ती का समय (4)
13. हानि, नुकसान, हर्जाना (2)
14. प्रार्थना करना (5)
16. भारत के इस राज्य का प्राचीन नाम प्राग ज्योतिषपुर था (3)
18. रविशंकर नाम इस वाद्य के साथ जुडा है (3)
20. भलाई, उपकार, कल्याण (2)
22. कोई तमाशा, करतब आदि दिखाकर आजीविका चलाने वाला, डिबरी, बाजीगर (2)

### वर्ग पहेली 5421 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | फ | गा | नि | स्ता | न | | खा |
| म | ल | ना | | व | र | दा | ता |
| ज | न | | र | क | म | | |
| द | | त | म | | पं | च | म |
| अ | क | रा | | सा | थी | | ह |
| ली | ल | ना | | र | | त | त्व |
| खां | | | | ना | या | ब | |
| | | श | प | थ | | ला | भ |

## आज का राशिफल

### मेष

आज नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बन रहेगा। संतान की शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में अशातीत सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा। सांयकाल में कोई रूका कार्य पूरा होगा, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

### वृष

आज का दिन संतोष और शान्ति का है। राजनीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। शासन व सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है। नये अनुबंधों के द्वारा पद, प्रतिष्ठ में वृद्धि होगी। रात्रि में कुछ अप्रिय व्यक्तियों से मिलने से अनावश्यक कष्ट का सामना करना पड़ेगा।

### कर्क

जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में चुनौतियां बढ़ सकती हैं। सांयकाल के समय कोई रूका काम बनने की संभावना है। शाम को रूका हुआ काम बनने से आपको राहत महसूस होगी। बिजनेस में आपको नई डील मिल सकती है। बृहस्पति का त्रिकोण योग मूल्यवान वस्तुएं चोरी करा सकता है।

### सिंह

आज स्वास्थ्य सुख में व्यवधान आ सकता है। राशि का स्वामी शनि अब मार्गी चल रहा है। आपको किसी कार्यों में ही हानि और निराशा हो सकती है। कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है, इसलिए सावधान रहें और झगड़े और विवाद से बचें।

### मिथुन

कार्यक्षेत्र में आपको चुनौती का सामना करना पड़ेगा। खासकर बिजनेस में किसी पार्टी से बात बिगड़ सकती है। सेहत का असर आपके काम पर पड़ सकता है। बिजनेस के मामले में धैर्य बनाकर रखें।

### कन्या

आज दाम्पत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। बहनोई और साले से आज लेन-देन न करें सम्बन्ध खराब होने का खतरा है। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्चा हो सकता है। यात्रा में सावधान अवश्य रहें।

### तुला

आज भाव में उत्तम संपत्ति का संकेत कर रहा है। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। राज्य-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद व लाभदायक रहेगी। सांयकाल से लेकर रात्रि तक प्रिय व्यक्तियों का दर्शन व शुभ समाचार मिलेगा।

### वृश्चिक

आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। विरोधियों का पराभव होगा। पास व दूर की यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित होगा।

### मकर

आज विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। सांयकाल से लेकर रात्रि तक सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के अवसर प्राप्त होंगे।

### कुंभ

आज आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर व सहयोग भी पर्याप्त मिलेगा। सांयकाल के समय किसी झगड़े विवाद में न पड़ें। रात्रि में प्रिय अतिथियों के स्वागत का योग बना रहेगा।

### धनु

आज आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगा। सूर्य के कारण अधिक भागदौड़ और नेत्र विकार होने की संभावना है। शत्रु आपस में लड़कर ही नष्ट हो जाएंगे।

### मीन

आज आपका राशि स्वामी बुध सुख की वृद्धि कर रहा हैं। रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमों में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है। शुभ खर्चा व कीर्ति की वृद्धि होगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

## संक्षिप्त समाचार

### ईचा डैम में घोटाले का होगा पर्दाफाश-मरांडी

**चाईबासा, एजेंसी।** ईचा खरकई बांध विरोधी संघ कोल्हान के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री सह प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से मिल कर ईचा डैम रद्द करने के लिए मांग पत्र सौंपा। स्वर्णरिखा बहुउद्देशीय परियोजना (ईचा खरकई बांध) संविधान के उपबंधों से असंगत तथा झारखंड सरकार द्वारा संवैधानिक संस्था जनजातीय सलाहकार परिषद द्वारा गठित उपसमिति के निर्णयों का अवहेलना कर निर्माण करने के संबंध में जानकारी साझा किया और अनुरोध किया कि आगामी मानसून सत्र के गैर सरकारी संकल्प सत्र में इस मुद्दे को उठा कर डैम रद्द कराने की पहल करें। बबूलाल मरांडी ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि कोल्हान के 87 गांव के विस्थापित होने के मुद्दा मानसून सत्र के गैर सरकारी संकल्प सत्र में ईचा डैम निर्माण में जालसाजी का पर्दाफाश करते हुए ईचा डैम रद्द कराने और 6000 करोड़ रुपये के घोटाले की सीबीआई जांच कराने के लिए हम विस्थापितों को न्याय दिलाने के लिएविधानसभा में आवाज बुलंद करेंगे।

### नोवामुंडी में भाजपा की अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा को लेकर हुई बैठक

**नोवामुंडी, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा गुरुवार को विधानसभा स्तरीय विशेष बैठक नोवामुंडी स्थित भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक नोवामुंडी मंडल अध्यक्ष चंद्र मोहन गोप की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में पूर्व सांसद सह अभिनंदन एवं विजय संकल्प सभा कोल्हान संयोजक गीता कोड़ा और पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की उपस्थिति में 13 जुलाई को नोवामुंडी कल्याण मंडप में आयोजित होने वाली अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा के निमित तैयारी बैठक की गई। बैठक में पूर्व सांसद गीता कोड़ा के निर्देशानुसार कार्यक्रम संचालन कमेटी का गठन किया गया और कार्यक्रम का दायित्व भी दिया गया जिसमें स्वागत समिति, भोजन व्यवस्था, टेंट व्यवस्था, स्वागत बाजा व्यवस्था, वालंटियर व्यवस्था, प्रचारद्रुप्रसार, चयन समिति, प्रेस मीडिया, वाहन व्यवस्था, अतिथियों की व्यवस्था, सोशल मीडिया के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया है। बैठक में कार्यक्रम विधानसभा संयोजक अजीत सिंह, सह संयोजक बंगाली प्रधान जगन्नाथपुर मंडल अध्यक्ष राई भूमिज, विपिन पूर्ति, अशोक पान, रानी करवा, बेबी मैत्रा, पिंकी चंपिया, विक्रम तिरिया गुरु हेंब्रम, सुब्रतो घोष आदि उपस्थित थे।

### साहिबगंज के राजमहल में ट्रैक्टर की चपेट में आने से 7 वर्षीय बच्चे की मौत

**राजमहल, एजेंसी।** साहिबगंज के राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत मानसिंहा ग्रामीण सड़क पर शुक्रवार को एक सीमेंट लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक 7 वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी. जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं. मृत बच्चे का नाम अकबर शेख है. घायलों के नाम अब्दुल रकीब (6 वर्ष) और नूर इस्लाम (15 वर्ष) है. उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए राजमहल अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया. हालत नाजुक होने के कारण दोनों को भागलपुर रेफर कर दिया गया है. इधर घटना की सूचना मिलते ही राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर घटनास्थल पहुंचकर मृत बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेजा. इससे पूर्व पुलिस पदाधिकारियों ने शव का पंचनामा किया. इस दौरान बच्चे के परिजन भी अस्पताल में मौजूद थे. बच्चे की मां शव को देखकर बेहोश हो जा रही थी. परिजनों ने पुलिस से ट्रैक्टर चालक के ऊपर कार्रवाई करने की मांग की, बच्चे को अपनी चपेट में लेने वाले ट्रैक्टर चालक को पुलिस ने अपनी हिरासत में लेकर वाहन को जब्त कर लिया. फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है.

### इंटक नेताओं ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी से की मुलाकात

**देवघर, एजेंसी।** देवघर जिला इंटक के जिलाध्यक्ष अनंत मिश्रा एवं झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर से रांची के सर्किट हाउस में मुलाकात की। इस दौरान इंटक के दोनों नेताओं ने लोकसभा चुनाव के दौरान इंटक द्वारा किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी को दी। इसके साथ ही इस साल राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव में इंटक के लोगों को बड़ी जिम्मेवारी देने पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की।

# हॉट सीट बनी जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा, कांग्रेस में टिकट की रेस में आधा दर्जन से अधिक दावेदार



**जमशेदपुर, एजेंसी।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की सरगर्मी तेज हो गयी है. सियासी पार्टियां अपने-अपने तरीके से वोटरों को साधने में जुट गयी हैं. वहीं विभिन्न पार्टियों के नेताओं की आपसी जोर-आजमाइश भी शुरू हो गयी है. इसी क्रम में जमशेदपुर पूर्वी सीट से पूर्व सांसद सह वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ अजय कुमार ने दावा ठोक दिया है. उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर पार्टी मौका देती है तो वे जमशेदपुर पूर्वी से चुनाव लड़ेंगे.

उनकी इस घोषणा से यह सीट एक बार फिर झारखंड की सबसे हॉट सीट के रूप में उभरने लगी है. यहां कांटे की लड़ाई होगी, इसके संकेत मिलने लगे हैं. भाजपा व कांग्रेस के साथ ही वर्तमान विधायक सरयू राय भी अपनी दावेदारी अभी छोड़ी नहीं है. उनके रुख से भी इस सीट का सियासी दशा और दिशा तय होगी. अगर कांग्रेस पार्टी से इस सीट के लिए दावेदारों की बात करें तो इसकी संख्या आधा दर्जन से अधिक है. सभी अपने-अपने स्तर पर टिकट की दावेदारी को लेकर जुगाड़ में जुटे हुए हैं.

डॉ अजय कुमार वर्तमान में कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य हैं तथा झारखंड में कांग्रेस के बड़े चेहरों में से एक हैं. वर्ष 2011 में राजनीति में प्रवेश किया तथा जमशेदपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉ दिनेशानंद गोस्वामी को हराकर सांसद बने. पुडुचेरी से जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च से 1985 में एमबीबीएस की डिग्री हासिल की. वर्ष 1986 में आइपीएस बने. डॉ अजय को वीरता के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार भी मिल चुका है. राजनीतिक चेहरा बनने से पूर्व एक आइपीएस पदाधिकारी के रूप में डॉ अजय अपनी अलग छाप छोड़ चुके थे. जमशेदपुर में क्राइम कंट्रोल करने में इन्होंने अहम भूमिका निभाई थी. टाटा स्टील के तत्कालीन एमडी जेजे ईरानी के विशेष अनुरोध पर तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने बतौर एसपी डॉ अजय कुमार को जमशेदपुर भेजा था. स्पेशलिस्ट के नाम से मशहूर डॉ अजय कुमार ने 1994 से 1996 के बीच जमशेदपुर में बतौर एसपी सेवा की. इसके बाद उन्होंने कॉरपोरेट सेक्टर में टाटा मोटर्स में ज्वाइन किया.

अशोक चौधरी राजनीति में 1977 से सक्रिय हैं. वर्तमान में एआइसीसी मेंबर हैं. 1989 में श्री चौधरी जमशेदपुर आये. इनकी दो पीढ़ियां कांग्रेस से जुड़ी रही हैं. इनके पिता स्वतंत्रता सेनानी थे. अशोक चौधरी प्रदेश अध्यक्ष छोड़ कर कांग्रेस के अन्य सभी पदों पर रह चुके हैं. पिछली कमेटी में वे जोनल को ऑर्डिनेटर रह चुके थे. अशोक चौधरी की पहचान अनुभवी व सुलझे हुए नेता की है.

रघुनाथ पांडेय शुरू से मजदूरों की राजनीति करते आ रहे हैं. वर्ष 1984 से इन्होंने सक्रिय राजनीति की शुरुआत की. दो-दो बार टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष रहे. साथ ही वर्तमान में इंटक के राष्ट्रीय सचिव है. रघुनाथ पांडेय के मुताबिक उन्होंने हमेशा मजदूरों के हितों में कार्य किया. अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में मजदूरों के शहर में मजदूर हित में जो कुछ भी हो सकता था, उन्हें फायदा दिया.

# सेल मेघाहातुबुरु : 20 किलोवाट के सोलर पावर प्लांट ग्रिड का उद्घाटन



**गुवा, एजेंसी।** सेल मेघाहातुबुरु के गेस्ट हाउस-दो (बैचलर हॉस्टल) में 20 किलोवाट के सोलर पावर प्लांट ग्रिड का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि सीजीएम आरपी सेलबम ने किया। इस सोलर पावर प्लांट से गेस्ट हाउस-दो में सुबह से शाम तक लगातार बिजली आपूर्ति होगी। यहां लगभग 30 किलोवाट बिजली की खपत है, लेकिन इस सोलर पावर प्लांट से 20 किलोवाट बिजली मिलेगी। इस बिजली से एसी, कूलर, फ्रीज आदि गेस्ट हाउस के सभी उपकरण चलेंगे। इस प्लांट को लगाने में लगभग 13 लाख रुपये का खर्च आया है। सीजीएम आरपी सेलबम ने कहा कि मेघाहातुबुरु खदान सेल, जेजीओएम का पहला खदान हो गया है, जहां यह प्लांट लगाया गया है।

उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा के उत्पादन से ग्लोबल वार्मिंग व वायुमंडल में फैलने वाले कार्बन फुटप्रिंट, प्रदूषण को कम किया जा सकेगा। ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा मिलेगा। इस प्लांट को लगाने में हमें जितना पैसा खर्च हुआ है उसकी भरपाई छह वर्ष में हो जायेगी। इसके मेंटेनेंस पर काफी कम खर्च आयेगा।

उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में सेल की मेघालया गेस्ट हाउस, केन्द्रीय विद्यालय समेत अन्य जगहों पर भी ऐसा प्लांट लगाया जायेगा। भारत सरकार भी इस दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया है, ताकि कोयला के सहारे बिजली का उत्पादन कम कर खनिज व पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। इस दौरान सीजीएम एसएस साहा, महाप्रबंधक संजय कुमार सिंह, महाप्रबंधक योगेश प्रसाद राम, महाप्रबंधक विकास दयाल, महाप्रबंधक एके पटनायक, महाप्रबंधक मनीष राय, महाप्रबंधक केबी थापा, उप महाप्रबंधक जी के नायक, संजय कुमार सिंह, सहायक महाप्रबंधक अवधेश कुमार, अजीत कुमार, सरस साहू, डॉ मनोज कुमार, संदीप भारद्वाज, मोहन कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक बी राजू बेलध, सहायक प्रबंधक अफजल हुसैन समेत कई लोग मौजूद थे।

# टाटा से 7 घंटे में पटना पहुंचाएगी वंदे भारत एक्सप्रेस

जमशेदपुर, एजेंसी। टाटानगर से पटना तक वंदे भारत एक्सप्रेस जल्द चलेगी। लगभग सात घंटे में यह ट्रेन टाटा से पटना पहुंचाएगी। चक्रधरपुर रेल मंडल वंदे भारत एक्सप्रेस को चलाने को तैयार है। सिर्फ रेलवे बोर्ड के आदेश और कोच का इंतजार हो रहा है।

बताया जाता है कि टाटानगर में रेलवे की सिक लाइन में वंदे भारत के लिए मेंटेनेस सेंटर बनाने का काम युद्धस्तर पर शुरू है। विभिन्न विभागों के रेलकर्मी लाइन मरम्मत के साथ ट्रैक्शन सुविधा शुरू करने के साथ अन्य व्यवस्था में जुटे हैं। इसपर मंडल के रेल अधिकारियों की नजर है। मंत्रालय से आदेश आने पर पुरानी वाशिंग लाइन में ट्रेन के कोच की देखरेख करने की योजना है। अभी टाटानगर होकर रांची से हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस सप्ताह में छह दिन (मंगलवार छोड़कर) चलती है। जबकि दक्षिण पूर्व रेलवे जोन में टाटानगर से पटना, पुरी और बनारस वंदे भारत ट्रेन चलाने पर विचार विमर्श जारी है। सीनियर डीसीएम आदित्य चौधरी ने बताया कि रेलवे बोर्ड से आदेश आने पर ही ट्रेन का परिचालन शुरू होगा। मालूम हो कि रेलवे ने 2027 तक वंदे भारत ट्रेनों के लिए 32 सौ कोच बनाने का ऑर्डर तीन कंपनियों को दिया है। जानकार बताते हैं कि अभी दो दर्जन से ज्यादा वंदे भारत ट्रेन चलाने योग्य कोच रेलवे में तैयार हैं। दक्षिण पूर्व रेलवे जोन ने तीन महीने पूर्व भीड़भाड़ वाले 19 मार्ग पर वंदे भारत मेट्रो ट्रेन जल्द चलाने का भी सर्वे कराया था। इससे टाटानगर को विभिन्न मार्ग से चलने वाली वंदे भारत ट्रेन की भी सुविधा मिल सकती है।

# स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड में निकली भर्ती, 1 लाख 80 हजार रुपये तक मिलेगा वेतन



**बोकारो, एजेंसी।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड सेल में 249 नए अधिकारियों की बहाली होगी। उम्मीदवारों का चयन प्रबंध प्रशिक्षु तकनीकी यानी की एमटीटी के पद पर ई-1 ग्रेड में किया जाएगा। इसके लिए उन्हें 5 जुलाई से 25 जुलाई 2024 तक सेल की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन जमा करना होगा।

आवेदन जमा होने के बाद उम्मीदवारों की लिखित परीक्षा व साक्षात्कार गेट के माध्यम से होगा। जिसमें सफल उम्मीदवारों के चिकित्सीय जांच के बाद उन्हें कंपनी में स्थायी रूप से नियोजन का नियुक्ति पत्र दे दिया जाएगा।

सेल प्रबंधन बोकारो इस्पात संयंत्र सहित अपने अन्य इकाई में मैनपावर पर संतुलन बनाए रखने के लिए कुल 249 प्रबंध प्रशिक्षु तकनीकी को बहाल करने का निर्णय है।

इनमें केमिकल, सिविल, कंप्यूटर, इलेक्ट्रिकल, मैट्रोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल तथा इंस्ट्रूमेशन पद पर अभियंता को बहाल किया जाएगा। उम्मीदवारों के अंतिम चयन के बाद जहां श्रमशक्ति की कमी पूरी हो सकेगी, वही उत्पादन की गति को भी बढ़ावा मिलेगा।

महारत्न कंपनी सेल में मैनेजमेंट ट्रेनिंग ट्रेड यानी की एमटीटी के कुल 249 पद में मैकेनिकल के 69, मैट्रोलाजी के 63, इलेक्ट्रिकल के 61, सिविल के 21, इंस्ट्रूमेशन के 11, केमिकल के 10, कंप्यूटर के 9 तथा इलेक्ट्रोनिक्स के 5 पद पर उम्मीदवारों की नियुक्ति की जाएगी।

शैक्षणिक योग्यता के मामले में उन्हें मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान से अभियंता की डिग्री अनिवार्य की गई है। जबकि उनकी आयु 28 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अनुसूचित जाति, जनजाति व ओबीसी के आयु सीमा में छूट दी गई है।

एससी-एसटी के लिए 33 वर्ष तो ओबीसी के लिए 31 वर्ष की उम्र सीमा तय की गई है। सामान्य वर्ग के आवेदक के लिए आवेदन शुल्क 700 रुपये तो एससी-एसटी के लिए 200 रुपये निर्धारित किया गया है। आवेदन शुल्क नेट बैंकिंग के जरिए ऑनलाइन देना होगा।

चयनित उम्मीदवारों को कंपनी में एक साल के लिए प्रशिक्षण अवधि में रखा जाएगा। इस दौरान वे चार साल तक अपनी वर्तमान इकाई से किसी दूसरी इकाई में स्थानांतरण के लिए प्रबंधन से मांग नहीं कर सकते हैं।

प्रशिक्षण अवधि में उम्मीदवारों को न्यूनतम वेतन 50 हजार से 1 लाख 60 हजार रुपये तो प्रशिक्षण समाप्ति के बाद न्यूनतम 60 हजार से 1 लाख 80 हजार रुपये तक दिया जाएगा।

# सरायकेला में खेती का काम धीमा, मॉनसून की बारिश के बावजूद केवल 12 फीसदी किसानों ने डाला बीज



**खरसावां, एजेंसी।** मॉनसून की बारिश के साथ ही सरायकेला-खरसावां जिले में किसानों ने धान की खेती शुरू कर दी है. लेकिन इस वर्ष मॉनसून का आगाज काफी कमजोर रहा है. एक से चार जुलाई तक जिला में 133.7 एमएम बारिश का रिकॉर्ड दर्ज किया गया है. इस कारण कृषि से जुड़े कार्य भी धीमी गति से हो रही है. किसान खेतों में हल जोत कर खेत तैयार करने में जुट गये हैं.

लेकिन अच्छी बारिश नहीं होने की वजह से धान की खेती प्रभावित हो रही है. ढलान वाली जमीन में छींटा विधि से धान की खेती होती है. किसान ढलान वाली जमीन में धान के बीज डाल रहे हैं. अब तक करीब 12 फिसदी किसानों ने खेतों में छींटा विधि से धान का बीज डाला है. पर्याप्त मात्रा में बारिश नहीं होने के कारण धान की खेती प्रभावित हो रही है. लैंपस के माध्यम से किसानों को करीब 50 फिसदी अनुदानित मूल्य पर धान के बीज भी उपलब्ध कराये जा रहे हैं. जिला को 564.65 क्विंटल धान का बीज उपलब्ध कराया गया है. लैंपस में अनुदानित मूल्य आईआर-64 (ललाट) व एमटीयू1010 (स्वर्ण) किस्म के धान उपलब्ध है. आईआर-64 के 30 किलो के पैकट पर 630 रुपया का भुगतान करना पड़ रहा है. इसके अलावे खुले बाजार में अलग-अलग किस्म के धान के बीज उपलब्ध हैं. किसानों को बीज भंडारों में धान के बीज की खरीदारी करते देखा जा सकता है.किसान ट्रैक्टर से धान के खेतों को जोत कर मिट्टी को खेती के लिए तैयार कर रहे हैं. ट्रैक्टर से एक घंटे का खेत जुताई का किराया 12 सौ रुपये है. साथ ही बैल से हल जुताई का किराया 500 रुपया है.मॉनसून की बारिश के बावजूद भी जिला के अधिकांश जल स्रोत सूखे पड़े हुए हैं. नदी-तालाब में अब भी पानी न के बराबर है. नहर भी सूखे पड़े हुए हैं. अगर आने वाले दिनों में पर्याप्त मात्रा में बारिश नहीं हुई तो धान की खेती प्रभावित हो सकती है.

सरायकेला-खरसावां जिला में कृषि विभाग ने एक लाख हेक्टयर धान की खेती कराने का लक्ष्य रखा है. 27000 हेक्टयर जमीन पर हाइब्रिड धान, 46000 हेक्टयर से अधिक पर उपजशील धान व 27000 हेक्टयर पर उन्नत धान की खेती का लक्ष्य रखा गया है.

# फ्लोर टेस्ट पास करने के बाद होगा हेमंत मंत्रिमंडल का विस्तार

**रांची, एजेंसी।** मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद हेमंत सोरेन 8 जुलाई को सदन में विश्वासमत हासिल करेंगे। विश्वासमत हासिल करने के बाद ही मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस आलाकमान से चर्चा के बाद 9 जुलाई को मंत्रिमंडल का विस्तार किया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक, चंपाई सोरेन मंत्रिपरिषद के अधिकांश चेहरों को दोबारा मौका मिलेगा। चंपाई सोरेन को गठबंधन दलों के को-आर्डिनेशन कमेटी का संयोजक बनाया जा सकता है। झामुमो की ओर से दीपक बिरुआ, मिथिलेश ठाकुर, हफिजुल हसन, बसंत सोरेन और बेबी देवी के नाम तय माना जा रहा।

वहीं, 12वें मंत्री के तौर पर लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम को मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है। वहीं, कांग्रेस से डॉ रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता और बादल मंत्री थे, जबकि राजद से सत्यानंद भोक्ता मंत्री थे। झामुमो और राजद की ओर से मंत्रियों के कोटे बदलने के आसार कम नजर आ रहे हैं। वहीं, कांग्रेस में आलाकमान के निर्देश पर एक-दो मंत्री को बदलने पर निर्णय हो सकता है। टेंडर मैनेज करने के मामले में कांग्रेस के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के जेल जाने के बाद खाली सीट पर कांग्रेस डॉ इरफान अंसारी को मंत्री बनाने का नाम तय कर चुकी है।



दो मंत्रियों के काम और लोकसभा चुनाव में उनकी सहभागिता पर नाराजगी भी जताई गई। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि अगर तीन में से दो मंत्रियों को बदला गया तो हेमंत सोरेन की नए कैबिनेट में कांग्रेस से दीपिका पांडेय सिंह और रामचंद्र सिंह चेरो की एंट्री हो सकती है। अगले चार-पांच महीने के लिए सरकार है, ऐसे में आलाकमान मंत्रियों को नहीं भी बदल सकती है और उन्हें फिर से मौका दे सकती है।

# रांची में सात जुलाई को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा, सुरक्षा में तैनात होंगे 7 हजार जवान

**रांची , एजेंसी।** रांची के जगन्नाथपुर में रथ यात्रा सात जुलाई को निकाली जाएगी। रांची पुलिस की ओर से रथ यात्रा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। सुरक्षा के मद्देनजर मेला परिसर और उसके आसपास में एक हजार जवानों को तैनात किया जाएगा। महिला और पुरुष दोनों पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। इसके अतिरिक्त डीएसपी और इंस्पेक्टर स्तर के कई अधिकारियों को भी मेले की सुरक्षा में लगाया जाएगा। एसएसपी ने बताया कि सीसीटीवी के अलावा चार ड्रोन कैमरे के जरीए रथ मेला की निगरानी की जाएगी।

मेला परिसर में विवाद या फिर अप्रिय घटना को रोकने के लिए तीन दर्जन से ज्यादा पुलिसकर्मियों को सादे लिबास में भी तैनात किया जाएगा। एसएसपी ने कहा कि मेले के दौरान अगर कोई व्यक्ति विवाद



उत्पन करता है तो ऐसे लोगों से सख्ती से निपटा जाएगा। चोर व बदमाशों पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी। मेला को लेकर धुर्वा इलाके की ट्रैफिक व्यवस्था में भी बदलाव किया जाएगा। चोर उच्चकों और पॉकेटमारों पर भी पुलिस निगरानी करेगी। इसके लिए पूरे मेला परिसर में 40 सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएंगे। कंट्रोल रूम में 50 से ज्यादा जवान रहेंगे। कोई उत्पात मचाता है या फिर लड़कियों के साथ छेड़खानी करता है तो इसकी सूचना तुरंत कंट्रोल रूम से पदाधिकारियों को दी जाएगी।

**स्कूल को बनाया जाएगा अग्निशमन केंद्र :** जगन्नाथपुर रथ मेला के दौरान किसी तरह की अनहोनी से निपटने के लिए रांची पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है। इसके लिए जगन्नाथपुर स्थित राजकीय मध्य विद्यालय को अग्निशमन केंद्र बनाया जाएगा। केंद्र में अग्निशमन की टीम के साथ चार गाड़ियां भी रखी जाएगी। अप्रिय घटना की सूचना मिलने पर तुरंत दमकलकर्मी हरकत में आएंगे। एसएसपी के अनुसार करीब एक दर्जन कर्मियों की तैनाती की गई है।

**स्थानीय कारोबारियों की संख्या बढ़ी न्यास समिति :** मेला न्यास समिति से जुड़े लोगों ने बताया कि मेले में पारंपरिक सामानों के व्यवसायियों में स्थानीय लोगों की भीड़ बढ़ी है। पहले रांची और आसपास के ग्रामीण जनजीवन के लिए जगन्नाथपुर मेला ही एक बड़ा व्यवसायिक केंद्र हुआ करता था। इसलिए यहां मछुआरे से लेकर, ढोल नगाड़े व अन्य वाद्य उपकरण, कृषि उपकरण, घर गृहस्थी के सामान और अन्य ग्रामीण परिवेश से जुड़े सामानों की बिक्री बहुतायत मात्रा में होती थी। लेकिन आज स्थित काफी बदल गई है। आवागमन के साधन बन गए हैं। गांव और कस्बे में भी बाजार लगने लगे हैं। इससे उनकी बिक्री स्थानीय स्तर पर ही हो जाती है। वैसे भी पारंपरिक और छोटे दुकानदारों के लिए मेला में टैक्स शुल्क केवल सौ रुपए रखे गए हैं।

**परिसर में सात स्थानों पर की जाएगी बैरिकेडिंग :** मेला परिसर और उससे पांच किलोमीटर के दायरे में भारी वाहनों को प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। इसके लिए पुलिस की ओर से मेला परिसर के इर्द-गिर्द सात स्थानों पर बैरिकेडिंग की जाएगी। बैरिकेडिंग वाले स्थान में पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की जाएगी। चार पहिया वाहनों को भी बैरिकेडिंग से पार नहीं करने दिया जाएगा।

**पांच टावर लगाए जाएंगे बड़ो वाहनों की नो एंट्री :** मेला की सुरक्षा के लिए असमाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए बाजार परिसर के चारों ओर पांच वाच टावर होंगे। इससे मेले पर नजर रखी जाएगी। मेला में बड़े वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा। सात स्थानों में बैरिकेडिंग की गई है। ठेकेदार की ओर से करीब दो सौ बाउंसर रखे गए हैं। ड्रोन कैमरे से भी निगरानी होगी।

# मौसमी बीमारी से अस्पताल पहुंच रहे मरीज, स्ट्रेचर पर इलाज

**चाईबासा, एजेंसी।** बरसात के दस्तक देते ही चाईबासा और आसपास के क्षेत्र में एक बार फिर से मौसमी बीमारियों ने लोगों को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया है। वर्तमान में लोग मौसमी बीमारी का शिकार हो रहे हैं। प्रतिदिन लगभग 400 सौ मरीज उपचार कराने के लिए सदर अस्पताल पहुंच रहे हैं। इसमें अधिकतर लोग बुखार, बदन दर्द, सर्दी, खांसी पेट दर्द, उल्टी और दस्त जैसे बीमारी से ग्रस्त हैं। अतिरिक्त बेड लगाने का बावजूद मरीजों को स्ट्रेचर पर इलाज उपचार किया जा रहा है। रुक-रुक के बारिश होने और कड़ाके की धूप अचानक निकलने से मौसम में सर्दी और गर्मी का मिश्रण होने से लोग मौसमी बीमारी से ग्रस्त हो रहे हैं। चार दिनों में ओपीडी में लगभग 1256 लोग उपचार कराने पहुंचे हैं। सोमवार को 430 और मंगलवार को 236 (बारिश होने के कारण कम) बीमार अस्पताल पहुंचे। बुधवार को 456 और गुरुवार को 334 लोग उपचार करने के लिए सदर अस्पताल पहुंचे।सदर अस्पताल के दवा वितरण कक्ष के कर्मी ने बताया कि इस समय मौसमी बीमारी का सभी दवा उनके पास उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. शिवचरण हासदा के निर्देश पर तीन दिन के बजाय 5 दोनों का दवा दी जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### जगदलपुर में पहली ही बारिश में ढह गई स्कूल की दीवार, कई बच्चे घायल

**जगदलपुर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आई है, जहां स्कूल भवन मानसून की पहली ही बारिश में ढह गया। इस दौरान स्कूल में मौजूद कई बच्चे घायल हो गए हैं। वहीं कई बच्चों को चोटें आई है। जिन्हें इलाज के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अब तक घायल और चोटिल बच्चों की स्थिति को स्थिर बताया जा रहा है। पूरी घटना जगदलपुर के छोटे गुडरा का बताया जा है। पहली बरसात के पानी में स्कूल भवन ढह गया। इससे स्कूल में मौजूद बच्चों को चोटें आई है। कई बच्चे घायल भी हुए हैं। गांव का प्राथमिक शाला का भवन बरसात का पहला पानी ही झेल नहीं पाया और ढह गया। बताया जा रहा है कि प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा था, इस दौरान स्कूल ही ढह गया। इस घटना के दौरान स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। स्कूल प्रवेश उत्सव में ग्रामीण लोग भी शामिल हुए थे। ग्रामीणों की मदद से बच्चों को स्कूल से बाहर निकल गया उसके बाद अस्पताल पहुंचाया गया।

### बॉम्बे हाई कोर्ट से कांग्रेस नेता को बड़ा झटका, सजा पर रोक लगाने से इनकार

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील केदार को राज्य विधानसभा चुनाव से पहले बॉम्बे हाई कोर्ट ने तगड़ा झटका दिया है। अदालत ने 150 करोड़ के घोटाला मामले में सजा पर रोक लगाने से साफ इनकार कर दिया है। इससे पहले नागपुर के जिला सहकारी बैंक में करोड़ों के घोटाले के आरोप में जिला अदालत सुनील केदार को पांच साल कैद और 12.50 लाख रुपए के जुर्माने की सजा सुना चुकी है। हाई कोर्ट की नागपुर पीठ की न्यायमूर्ति उर्मिला जोशी-फाल्के ने गुरुवार को यह फैसला सुनाया। सुनील केदार को इससे पहले नागपुर जिला केंद्रीय सहकारी बैंक (एनडीसीसीबी) में करोड़ों रुपये के घोटाले के लिए दोषी ठहराया गया था। उस वक्त वह बैंक के अध्यक्ष थे। दोषी ठहराए जाने के बाद केदार को जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत विधायक के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया था। जिला सत्र अदालत के खिलाफ उन्होंने बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दायर करते हुए सजा पर रोक लगाने की मांग की थी। बताते चलें कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव इस साल अक्टूबर-नवंबर में हो सकते हैं। ऐसे में बॉम्बे हाई कोर्ट का गुरुवार को सुनील केदार को सजा पर राहत न देने का फैसला उनके चुनाव लड़ने की इच्छा पर पानी फेर सकता है। वह पिछले चार बार से लगातार नागपुर जिले के सावनेर सीट विधानसभा चुनाव जीतते रहे हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील केदार ने इससे पहले ने सत्र अदालत में जमानत के लिए आवेदन किया था जिसे अदालत ने खारिज कर दिया था। तब उन्होंने बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच का दरवाजा खटखटाया था और उन्हें अदालत ने जमानत दे दी थी। करीब पांच महीने बाद केदार ने सजा पर रोक लगाने की अर्जी लगाई।

### 1.25 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किये

**जम्मू, एजेंसी।** कश्मीर में अमरनाथ मंदिर में पिछले छह दिनों में 1.25 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए। वहीं 6 हजार 919 यात्रियों का एक और जत्था शुक्रवार को कश्मीर के लिए रवाना हुआ। श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारियों ने बताया, आज 6,919 यात्रियों का एक और जत्था भगवती नगर यात्रा निवास से दो सुरक्षा काफिलों में घाटी के लिए रवाना हुआ। इनमें से 2542 तीर्थयात्री सुबह 4 बजे 109 वाहनों के सुरक्षा काफिले में उत्तरी कश्मीर के बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुए। वहीं 4,377 यात्रियों को लेकर 150 वाहनों का एक और सुरक्षा काफिला सुबह 4.30 बजे दक्षिण कश्मीर के नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। मौसम विभाग ने दोनों यात्रा मार्गों पर आमतौर पर बादल छाए रहने और दिन में गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है। श्रद्धालु या तो 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम गुफा मंदिर मार्ग से यात्रा करते हैं या फिर 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से यात्रा करते हैं।पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वालों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में चार दिन लगते हैं।

# यमुना के कितने पानी पर किसका हक, अगले साल 5 राज्य करेंगे बात

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली में गर्मी बढ़ते ही पानी की किल्लत शुरू हो जाती है। कई इलाके पानी की बूंद-बूंद को तरस जाते हैं। इसके बाद दिल्ली और हरियाणा के बीच पानी को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू होता है। इस साल भी पानी की लड़ाई सुप्रीम कोर्ट तक पहुंची। माना जा रहा है कि अगले साल लड़ाई और बढ़ सकती है क्योंकि पांच राज्यों के बीच 30 साल पुराना समझौता खत्म होने वाला है। 1994 में पांच राज्यों ने यमुना के पानी के बंटवारे को लेकर समझौता किया था। जिसकी वजह से अपर यमुना नदी बोर्ड का गठन हुआ था। अब इस समझौते पर फिर से बातचीत होगी।



दिल्ली अपनी जल आपूर्ति के लिए मुख्य तौर पर पड़ोसी राज्य पर निर्भर है (असल में 86.5 फीसदी तक) और यमुना के पानी पर उसका हिस्सा 1994 में उत्तर भारत के पांच राज्यों के मुख्यमंत्रियों के बीच हस्ताक्षरित जल-बंटवारे समझौते के तहत है। तीन दशक बाद, जब पूरे उत्तर भारत में पानी की कमी साफतौर पर नजर आ रही है, विशेषज्ञों का कहना है कि नए सिरे से आम सहमति बनाना काफी मुश्किल होगा। अपर यमुना नदी बोर्ड में सुधार की भी मांग की जा रही है, जो नदी के स्रोत से दिल्ली में ओखला बैराज तक नदी को नियंत्रित करता है।

जल संकट के पीक पर वजीराबाद बैराज पर सूखी यमुना नदी के किनारे खड़े होकर, दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने कहा था कि राजधानी में हर साल होने वाले जल संकट की समस्या का समाधान जल-बंटवारे के समझौते पर फिर से बातचीत करके अधिक जल आवंटन करके ही किया जा सकता है। उन्होंने तर्क दिया था कि दिल्ली की आबादी कई गुना बढ़ गई है और लोग बेहतर जीवन और रोजगार के अवसरों की तलाश में दिल्ली की ओर पलायन कर रहे हैं। 1994 में दिल्ली की आबादी जहां 10 मिलियन थी। वहीं राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग के अनुमानों के अनुसार, अब यह 21 मिलियन से ज्यादा है। हालांकि परेशानी यह है कि जल बंटवारे पर साइन करने वाले दूसरे राज्यों में भी लगभग इसी अनुपात में जनसंख्या बढ़ी है। उदाहरण के लिए, हरियाणा का गुरुग्राम 1990 के दशक की शुरुआत में एक गांव था। अब यह 2 मिलियन से ज्यादा की आबादी वाला शहर है। 1994 के समझौते के अनुसार, यमुना के वार्षिक उपयोग योग्य प्रवाह का अंतरिम मौसमी आवंटन होगा। दिल्ली के लिए, जुलाई-अक्टूबर में आवंटन 0.580 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम), नवंबर-फरवरी में 0.068 बीसीएम और मार्च-जून की अवधि में 0.076 बीसीएम होना चाहिए। एक बीसीएम का मतलब लगभग 1,000 बिलियन लीटर पानी है। इस समझौते पर दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश (तब उत्तराखंड अलग राज्य नहीं था) के मुख्यमंत्रियों ने 12 मई, 1994 को हस्ताक्षर किए थे। समझौते के क्लॉज 7(3) में कहा गया है कि राज्यों के बीच उपलब्ध प्रवाह का आवंटन एक बोर्ड द्वारा रेगुलेट (विनियमित) किया जाएगा। ऐसे में केंद्र सरकार ने 11 मार्च, 1995 को जल संसाधन मंत्रालय के अधीनस्थ कार्यालय के तौर पर अपर यमुना नदी बोर्ड का गठन किया, जिसका मुख्यालय दिल्ली के आरके पुरम सेक्टर- 4 में है।

## डब्ल्यूडीसीडी ने लिया 181 का नियंत्रण, मालीवाल बोलीं- लड़कों की आवाज सुनकर ही लड़कियां फोन रख देंगी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग ने महिला हेल्पलाइन नंबर 181 का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया है। इससे पहले इसका नियंत्रण दिल्ली महिला आयोग के पास था। नई व्यवस्था के तहत हेल्पलाइन नंबर 181 पर बुधवार शाम 4.58 बजे से कंट्रोल रूम में कॉल आना शुरू हो गए। गुरुवार दोपहर 2 बजे तक हेल्पलाइन पर कुल 1,024 कॉल आ चुकी थीं।

इस बारे में दिल्ली महिला एवं बाल विकास मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा, दिल्ली में महिलाओं की सहायता के लिए स्थापित हेल्पलाइन नंबर 181 का संचालन डब्ल्यूडीसीडी की देखरेख में फिर से शुरू किया गया है। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हर सूचना को अत्यंत सावधानी से लिया जाए और संकट में फंसी महिलाओं को समय पर और प्रभावी सहायता दी जाए।

उन्होंने कहा, दिल्ली सरकार हिंसा, दुर्व्यवहार और अन्य समस्याओं से जूझ रही महिलाओं की मदद के लिए प्रतिबद्ध है और महिलाओं की सुरक्षा और कल्याण के प्रति समर्पित है। इससे पहले हेल्पलाइन का प्रबंधन दिल्ली महिला आयोग द्वारा किया जाता था। लेकिन, पिछले साल 4 मई को मुख्य सचिव को लिखे गए पत्र के अनुसार, केंद्र सरकार के निर्देश के बाद इसकी जिम्मेदारी दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग को सौंप दी गई है। महिला हेल्पलाइन नंबर 181 पर हर महीने लगभग 40,000 कॉल आती हैं। यह एक टोल-फ्री, 24 घंटे की टेलीकॉम सेवा है जो सहायता चाहने वाली महिलाओं को सहायता और जानकारी प्रदान करती है। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए दिल्ली महिला आयोग की पूर्व प्रमुख और आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली सरकार ने दिल्ली महिला आयोग की 181 हेल्पलाइन बंद करके खुद चलाने का जो निर्णय लिया है, इसकी सच्चाई मंत्री कैलाश गहलोत जी द्वारा ट्वीट की गई फोटो से खुद जाहिर होती है।

## छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक वैष्णव मंदिर में अंग्रेज भी हार मानकर मत्था टेकने को हुए मजबूर

**रायपुर, एजेंसी।** वैसे तो भगवान नारायण को अपने तारीफ वा किसी चीज का अवस्कता नही होता क्योंकि भगवान सर्वत्र है,केवल अपने भक्तो की चिंता यानी भगवान जगन्नाथ भक्तो के वश में रहते है। भगवान जगन्नाथ शब्द संस्कृत शब्द है। जिनका अर्थ जगत के मालिक होता है। पूरे देश में 7 जुलाई को रथ यात्रा निकाली जाएगी जिनकी तैयारी जोरों पर है, वैसे तो पूरे देशभर में जगन्नाथ के मंदिर बने हुए है। लेकिन धमतरी में एक ऐसे ऐतिहासिक वैष्णव मंदिर है जो 135 वर्ष पुराना होने के साथ कई आलोकिक चमत्कारों से मंदिर ही नही बल्कि भक्तो को समेटे हुए है। यह ऐतिहासिक वैष्णव मंदिर भगवान विष्णु के 8 वां अवतार भगवान कृष्ण को समर्पित है, जहा से अंग्रेजो ने भी हार मानकर मत्था टेकने को विवश हो गए थे।

दरअसल धमतरी शहर के मध्य सदर रोड मठ मंदिर चौक के पास स्थित जगन्नाथ मंदिर है। जहा सुबह शाम भक्तो के लंबी कतारें लगी रहती है। मंदिर में जो मूर्ति स्थापित किया गया है वो विशेष रूप से नीम वृक्ष के लकड़ियों से पूरी के स्वर्गीय लक्ष्मण दाऊ ने बनाया गया था। जो 135 वर्षो से प्रतिमा आज भी सकुशल विराजमान है। इसमें अभी तक किसी भी प्रकार का खामी नहीं आई है। पुजारी ने बताया की नीम के लकड़ियां काफी मजबूत होने के साथ-साथ खासी लंबी समय तक ठीक ठाक रहता है। यही कारण है आज मूर्ति के चमक पर कोई असर नहीं पड़े। इसके अलावा रथ यात्रा में दूर दराज से लोग धमतरी आते है और भक्त अपने आराध्य जगन्नाथ का एक झलक पाने को बेकरार रहते है। वही रथ यात्रा के तैयारी में मंदिर ट्रस्ट लगी हुई है। इसके अलावा भक्तो को काड़ा प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। फिलहाल भगवान जगन्नाथ का दर्शन अभी नहीं हो पा रहा है।

# नौ महीने में एमसीडी स्कूलों के सवा लाख छात्र कैसे हो गए कम, दिल्ली हाईकोर्ट निगम से मांगा जवाब

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) स्कूलों की बदहाल स्थिति को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान एक चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। निगम की ओर से दाखिल हलफनामे के मुताबिक, एमसीडी स्कूलों में नौ महीने में करीब सवा लाख छात्रों की संख्या कम हुई है।

इस पर हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए दो सप्ताह में निगम को नए सिरे से हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है, जिससे कि इसके कारणों के बारे में पता चल सके।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ के समक्ष दिल्ली नगर निगम ने एक जुलाई 2024 को हलफनामा दाखिल किया था। इसमें बताया गया कि वर्तमान में निगम स्कूलों में 6,50,951 छात्र पढ़ रहे हैं, जबकि सितंबर 2023 में पीठ के सामने पेश हलफनामे में बताया गया था कि निगम स्कूलों में 7,88,224 छात्र पढ़ रहे हैं। पीठ ने हलफनामे पर गौर करते हुए






निगम अधिकारी से मौखिक तौर पर सवाल किया कि महज नौ माह में इतने छात्र कम कैसे हो गए। इस पर निगम के पास कोई स्पष्ट जवाब नहीं था।

निगम अधिकारी ने पीठ को कहा कि नए सत्र में छात्रों की संख्या फिर बढ़ जाएगी। इस पर पीठ ने कहा कि नया सत्र तो अप्रैल 2024 से शुरू हो चुका है। वैसे भी यहां बात 17.41 प्रतिशत कम हुए छात्रों की हो रही है।

याचिकाकर्ता अधिवक्ता अशोक अग्रवाल ने अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि उन्हें आशंका है कि अपनी खामी को छुपाने के लिए निगम ने उन छात्रों के नाम स्कूल से काट दिए हैं, जिनका बैंक खाता खुलने में मुश्किल आ रही थी। निगम ने अपने आप को बचाने के लिए शिक्षा के अधिकार कानून का उल्लंघन किया है। अग्रवाल ने हाईकोर्ट से आग्रह किया है कि पहले भी निगम की तरफ से इस तरह के कृत्य को अंजाम दिया गया है, जिसको वह पीठ के समक्ष रख चुके हैं। यह मामला दिल्ली सरकार और निगम स्कूलों की बदहाल स्थिति को लेकर दायर जनहित याचिका का है। जनहित याचिका सोशल ज्यूरिस्ट, ए सिविल राइट ग्रुप की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक अग्रवाल द्वारा हाईकोर्ट में दायर की गई है। याचिका में स्कूलों में खराब डेस्क, किताबों का समय से वितरण न होने, एक कक्षा में सैंकड़ों की संख्या में बच्चों को बैठने के लिए मजबूर होने सहित अन्य समस्याओं का उल्लेख किया गया है।

## दिल्ली के 120 अस्पतालों और नर्सिंग होम की होगी जांच, ऐक्शन में एसीबी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की एसीबी राष्ट्रीय राजधानी की 120 निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम की तलाशी लेगी। एसीबी की यह कार्रवाई शुक्रवार से शुरू होगी और भ्रष्टाचार-निरोध ब्रांच इस बात की जांच करेगी कि इन अस्पतालों में क्या-क्या विसंगतियां हैं। दरअसल विवेक विहार के एक बेबी केयर अस्पताल में मई के महीने में लापरवाही की वजह से आग लगी थी और फिर 6 नवजातों की जान चली गई थी। इसी को देखते हुए अब एसीबी की टीम कई अस्पतालों में मौजूदा कमियों की जांच करेगी। जून में एसीबी की इस कार्रवाई के पहले चरण के दौरान एसीबी ने 62 प्राइवेट मेडिकल फैसिलिटी की जांच की थी। इस जांच में पता चला था कि इनमें से 4 गैरकानूनी तरीके से चल रहे हैं और 40 अन्य में कई कमियां हैं। अधिकारियों ने कहा कि दूसरे चरण में एसीबी ने 120 बड़े और छोटे मेडिकल फैसिलिटी की पहचान की है। यह सभी साउथ, वेस्ट और नॉर्थ दिल्ली में स्थित हैं। अधिकारी ने कहा कि इस जांच-पड़ताल की शुरुआत शुक्रवार से होगी और उम्मीद है कि जुलाई खत्म होने तक जांच पूरी हो जाएगी।

बताया जा रहा है कि एसीबी की टीम इन अस्पतालों में जाने के बाद यहां डॉक्यूमेंट, लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट की जांच करेगी। इस बात की भी जांच की जाएगी कि क्या वहां चिकित्सीय सुविधाएं तथा सुरक्षा के पर्याप्त संसाधन हैं। बता दें कि विवेक विहार हादसे के बाद एसीबी की जांच का आदेश देते हुए दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने 28 मई को कहा था कि इस घटना में घोर कुप्रबंधन, आपराधिक लापरवाही और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की कमियां उजागर हुई हैं।

## जरा सी बारिश से संगम विहार में सड़क धंसी, लोग परेशान; रोड में समाया पानी का टैंकर

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दक्षिणी दिल्ली के संगम विहार इलाके में बारिश के बाद कई स्थानों पर सड़क धंस गई। स्थानीय निवासी प्रेम ने बताया कि गत गुरुवार को बारिश के बाद इलाके में कई जगह पर सड़क धंसने से लोगो को परेशानी हो रही है। रात के समय हादसा होने का अंदेशा बना रहता है। स्थानीय निवासी सुमित ने बताया कि संगम विहार में पानी की किल्लत से लोग परेशान होते हैं। इसके कारण पानी के टैंकर भी यहां पर पहुंचे हैं। पानी का टैंकर सड़क में समा गया। इससे पानी भर रहे लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



निगम के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जिस जगह पर गुरवार को सड़क धंसी वह बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधीन आती है। दिल्ली जल बोर्ड की तरफ से वहां पर पाइपलाइन के संबंध में खुदाई की गई थी। इस सड़क का निगम से कोई लेना-देना नहीं है। इस समस्या की सूचना प्राप्त होने पर निगम को जानकारी मिली कि दोनों विभागों ने इस पर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है। राजधानी में गुरुवार सुबह हुई बारिश से कई जगह जलभराव हो गया। इसके चलते जाम लग गया। वहीं, कुछ स्थानों पर वाहनों के खराब होने से वाहनों की लंबी कतार लग गई। दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई।

# सेना में कम समय के लिए सेवा करने से भी होगा फायदा, अग्निवीर योजना के समर्थन में बोलीं कंगना

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
सैनिकों की अल्पकालिक भर्ती के लिए देश में शुरू हुई अग्निवीर योजना को लेकर कांग्रेस के विरोध और इस पर चल रही बहस के बीच मंडी से लोकसभा सांसद व अभिनेत्री कंगना रनौत ने इस योजना का बचाव किया है। उनका कहना है कि सेना में कम समय के लिए भी सेवा करने से युवाओं को अपने व्यक्तित्व और चरित्र को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। साथ ही कंगना ने कहा कि काश उन्हें भी बड़े होने के दौरान ऐसा कोई मौका मिला होता।

इस बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कंगना ने लिखा, मैं भी एक छोटे से गांव से आती हूं, हमारे जैसे लोग जो ग्रामीण क्षेत्रों और सरकारी हिंदी मीडियम स्कूलों से आते हैं, के सामने आत्मविश्वास की कमी और खुद को अच्छे से प्रस्तुत करने की बड़ी चुनौतियां रहती हैं। सेना



में थोड़े समय के लिए भी सेवा करने से ना केवल आपका विकास होगा, बल्कि शिष्टाचार और अनुशासन के साथ आपको एक व्यक्तित्व और चरित्र (राष्ट्रवादी और समावेशी जीवन मूल्यों के साथ) भी मिलेगा। साथ ही अगर आप सैनिक बनना चाहते हैं तो एक अवसर भी मिलेगा।

कंगना ने आगे लिखा, दुनिया को जीतने के लिए आपको और क्या चाहिए? और आपको इस सारी ट्रेनिंग के लिए पैसे भी मिलते हैं, सोचिए। उन्होंने लिखा, काश बड़े होने के दौरान मुझे भी ऐसी सुविधाएं मिली होतीं। एक सैनिक बनने के लिए मुझे खुद को मानसिक रूप से, भावनात्मक रूप से और शारीरिक रूप से खुद को तैयार करना पड़ता। उनकी इस पोस्ट के जवाब में जब एक यूजर ने पूछा कि और चार साल बाद आप हमारे तथाकथित सैनिकों को अपने घर के गेट पर गार्ड के तौर पर रखेंगे? जवाब देते हुए कंगना ने लिखा, सरकारी सुरक्षा बलों जैसे कि ष्ट्रक्क, क्र्स्न में उनके लिए आरक्षण की व्यवस्था है और निजी गार्ड होने में क्या बुराई है? वे सम्मान और ईमानदारी से अपना जीवनयापन करते हैं, उन्हें सिर्फ इसलिए अपमानित करना बंद करें क्योंकि आपको लगता है कि वे गैरजरूरी हैं। अगर आज यूनिवर्सिटी टॉपर सड़कों पर डोसा या बिरयानी बेच सकते हैं और अपनी योग्यता के आधार पर धीरे-धीरे अपना व्यवसाय बढ़ाकर हर महीने करोड़ों रुपए कमा सकते हैं तो ऐसे में कोई भी काम छोटा नहीं है, यह आपकी क्षमता पर भी निर्भर करता है, इस आबादी वाले देश में प्रतिस्पर्धा के लिए भी तैयार रहना पड़ता है, हां एक निजी गार्ड बनना या अपनी खुद की सुरक्षा कंपनी शुरू करना भी एक विकल्प है और यह एक बढ़िया विकल्प है। कंगना के इस जवाब की तारीफ करते हुए एक यूजर ने लिखा, बहुत सही कहा, यकीनन कोई काम छोटा नहीं होता। मैं न्यूजीलैंड में रहता हूं और मैंने पहली नौकरी होटल में बर्तन धोने से शुरू की थी, और अब मेरे पास दो घर और 15 लाख डॉलर की सम्पत्ति है। साथ ही मैं भारत में अपने परिवार की आर्थिक मदद भी करता हूं। कोई भी काम छोटा नहीं होता, घर पर बैठने के बजाय कुछ भी शुरू करो। इस यूजर को जवाब देते हुए कंगना ने लिखा, यह बहुत बढ़िया है, मैंने भी छोटी विज्ञापन फिल्मों में एक्स्ट्रा के रूप में रोल करते हुए शुरुआत की और फिर छोटी फिल्मों और सहयोगी भूमिकाएं भी कीं। महत्वाकांक्षा और रोजगार अलग-अलग हैं। अगर आप सिर्फ रोजगार ढूंढ रहे हैं, तो हां आप सरकारी नौकरी से इसे प्राप्त कर सकते हैं, इस आधार पर कि आप कितने उपयोगी हैं और हां इसके बदले में आपको कुछ वेतन भी मिलेगा। लेकिन अगर आप करोड़पति/अरबपति बनना चाहते हैं तो आपको कड़ी मेहनत करनी होगी और अपनी महत्वाकांक्षाओं और सपनों के लिए जिम्मेदारियां उठानी पड़ेंगी और इसे खुद के लिए हासिल करना होगा, मैं जानती थी कि मैं क्या करना चाहती हूं, मैंने कभी सरकारी नौकरी के लिए कोशिश नहीं की। बता दें कि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस समेत अन्य कई राजनीतिक दल इस अग्निवीर योजना का विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस का कहना है कि सेना में भेदभाव हो रहा है और स्थायी सैनिकों की तुलना में अग्निवीरों को कम सम्मान, सुविधाएं मिलने के साथ ही शहादत की स्थिति में उन्हें शहीद का दर्जा भी नहीं मिल रहा है।




पेरिस ओलिंपिक

# नीरज चोपड़ा को मिली बड़ी जिम्मेदारी

## ओलंपिक में 28 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम की करेंगे अगुवाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) ने 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलिंपिक के लिए 28 सदस्यीय भारतीय एथलेटिक्स टीम की घोषणा कर दी है। टोक्यो ओलिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे। नीरज चोपड़ा के साथ ही इस बार जेवलिन में किशोर जेना भी भाला फेंकते हुए नजर आएंगे। वहीं पिछले साल एशियन गेम्स में महिलाओं के जेवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल जीतने वाली अन्नू रानी भी पेरिस में जेवलिन थ्रो में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। पेरिस ओलिंपिक के लिए 28 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम में17 पुरुष और 11 महिला एथलीट शामिल हैं। नीरज चोपड़ा टोक्यो ओलिंपिक में देश के लिए जेवलिन में गोल्ड मेडल जीता था।

**8 एथलीट टोक्यो ओलिंपिक में ले चुके हैं हिस्सा:** नीरज चोपड़ा और अन्नू रानी के अलावा, पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज के एथलीट अविनाश साबले, पुरुषों मे एशिया के टॉप शॉट पुटर में से एक तजिंदरपाल सिंह तूर, महिला रेस वॉकर प्रियंका गोस्वामी और 4×400 मीटर रिले धावक मोहम्मद अनस, अमोज जैकब और सुभा वेंकटेशन तीन साल पहले टोक्यो में हिस्सा ले चुके हैं। मोहम्मद अनस भारतीय पुरुष 4×400 मीटर रिले टीम का हिस्सा हैं और लगातार तीसरी बार ओलिंपिक गेम्स में भाग लेंगे।

**पारुल चौधरी 3000 और 5000 मीटर स्टीपलचेज में करेंगे देश का प्रतिनिधित्व:** पारुल चौधरी 3000 मीटर स्टीपलचेज और 5000 मीटर दौड़ में हिस्सा लेंगी। दो इंडिविजुअल इवेंट में भाग करने के लिए चुनी गई एकमात्र एथलीट हैं। उन्होंने पिछले साल एशियन गेम्स में 5000 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल अपने नाम किया था और 3000 मीटर स्टीपलचेज में सिल्वर मेडल जीता था।

राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक अक्षदीप सिंह, विकास सिंह और परमजीत सिंह बिष्ट पुरुषों की 20 किमी रेस वॉक स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जबकि सूरज पंवार मिक्स्ड मैराथन इवेंट में प्रियंका गोस्वामी के साथ हिस्सा लेंगे।

अक्षदीप सिंह, राम बाबू, विकास सिंह, परमजीत सिंह बिष्ट और सूरज पंवार सभी पेरिस ओलिंपिक में पुरुषों की 20 किमी रेस वॉक स्पर्धा के लिए क्वालिफाई थे। सूरज ने वर्ल्ड रैंकिंग के जरिए जगह बनाई, जबकि बाकी चार ने प्रवेश मानक को पूरा किया था। पारुल चौधरी 3,000 मीटर स्टीपलचेज और 5,000 मीटर रेस में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### पुरुष

अविनाश साबले (3,000 मीटर स्टीपलचेज), नीरज चोपड़ा, किशोर कुमार जेना ( जेवलिन), तजिंदरपाल सिंह तूर (शॉट पुट), प्रवीण चित्रवेल, अबुल्ला अबूबकर (ट्रिपल जंप), अक्षदीप सिंह, विकास सिंह, परमजीत सिंह बिष्ट (20 किमी वॉक रेस), मुहम्मद अनस, मुहम्मद अजमल, अमोज जैकब, संतोष तमिलारासन, राजेश रमेश (4म400 मीटर रिले), मिजो चाको कुरियन (4म400 मीटर रिले), सूरज पंवार (वॉक मिक्स्ड मैराथन), सर्वेश अनिल कुशारे (हाई जंप)।

### महिला



किरण पहल (400 मीटर), पारुल चौधरी (3,000 मीटर स्टीपलचेज और 5,000 मीटर), ज्योति याराजी (100 मीटर हर्डल रेस), अन्नू रानी (जेवलिन थ्रो ), आभा खटुआ (शॉट पुट), ज्योतिका श्री दांडी, सुभा वेंकटेशन, विथ्या रामराज, पूवम्मा एमआर (4म400 मीटर रिले), प्राची (4म400 मीटर), प्रियंका गोस्वामी (20 किमी वॉक रेस)।

## संक्षिप्त समाचार

### Indian Football Coach:

### जुलाई के आखिर तक मुख्य कोच नियुक्त कर लेगा AIFF, कौन होगा स्टिमैक का उत्तराधिकारी?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने कहा कि वह इस महीने के आखिर तक राष्ट्रीय पुरुष टीम के मुख्य कोच की नियुक्ति कर लेगा जिसके लिए उसे दुनिया भर से आवेदन मिले हैं। इस पद के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि बुधवार को समाप्त हो गई और एआईएफएफ ने कहा कि उसे कुल 291 आवेदन मिले हैं। इसमें से 100 आवेदकों के पास यूईएफए प्रो लाइसेंस डिप्लोमा है, जबकि 20 के पास एएफसी प्रो लाइसेंस डिप्लोमा और तीन के पास कॉनमेबोल लाइसेंस हैं।

एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने बयान में कहा, हमें बड़ी संख्या में आवेदन मिले हैं और कई ख्याति प्राप्त कोच ने भारत में दिलचस्पी दिखाई है। हमें उम्मीद है कि हम जुलाई के आखिर तक मुख्य कोच की नियुक्ति कर देंगे ताकि भारत सितंबर में फीफा विंडो का फायदा उठा सके। एआईएफएफ ने भारतीय टीम के विश्व कप क्वालीफायर्स के तीसरे दौर में पहुंचने में नाकाम रहने के बाद पिछले महीने इगोर स्टीमक को मुख्य कोच पद से बर्खास्त कर दिया था। तभी से यह पद खाली पड़ा है।

### Paris Olympics 2024

### ओलंपियंस से मिले पीएम मोदी, बोले- देश का गौरव बढ़ाएंगे भारतीय खिलाड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वास जताया कि ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ी देश को गौरवान्वित करेंगे और 140 करोड़ लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। भारत पेरिस ओलंपिक के लिए लगभग 120 खिलाड़ियों का दल भेज रहा है और उसे उम्मीद है कि इस बार वे तोक्यो ओलंपिक से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। भारत ने तोक्यो ओलंपिक में सात पदक जीते थे जिनमें नीरज चोपड़ा का भाला फेंक में जीता गया स्वर्ण पदक भी शामिल है।

प्रधानमंत्री ने ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के एक बड़े दल से मिलने के बाद एक्स पर पोस्ट किया,''ओलंपिक के लिए पेरिस जा रहे हमारे दल से बातचीत की। मुझे विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और भारत को गौरवान्वित करेंगे। उनकी जीवन यात्रा और सफलता 140 करोड़ भारतीयों की उम्मीद बंधाती है।

भारतीय खिलाड़ियों के दल के साथ खेल मंत्री मनसुख मांडविया, खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा भी थीं। पीएम मोदी ने नीरज चोपड़ा, मुक्केबाज निकहत जरीन और ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु से वर्चुअल बातचीत भी की।

बेटियों ने किया शानदार प्रदर्शन

# भारत ने जीता एशियाई लैक्रोज़ प्रतियोगिता का रजत पदक

**उदयपुर, एजेंसी।** उज़्बेकिस्तान के समरकंद में खेली गई सीनियर महिला लैक्रोज़ प्रतियोगिता में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। गुरुवार को खेले गए संघर्षपूर्ण फाइनल में भारत को अनुभवी सऊदी अरब से 9-11 से हार का सामना करना पड़ा।

इस अत्यंत रोमांचपूर्ण मुकाबले में भारत की ओर से झूला कुमारी गुर्जर व विशाखा मेघवाल ने तीन- तीन, कप्तान सुनीता मीणा ने दो एवं डाली गमेती ने एक गोल किया। वहीं गोलकीपर दीपिका बामनिया का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। टीम में अन्य खिलाड़ी हेमलता डांगी, मीरा दौजा, राधिका जेडे, कीर्ति कुरुवा, राशि गौड़, दिव्यांशी दवे, रिद्धिमा वाघेला, अलका सिंह थी।

टीम के साथ प्रशिक्षक नीरज बत्रा व शकील खान, मैनेजर डॉ. गंगाधरया, सहायक मैनेजर सलीम खान, चीफ डे मिशन शहजाद खान, सौरभ वेताल रहे। भारतीय टीम की कप्तान सुनीता मीणा प्रतियोगिता में 22 गोल कर सर्वश्रेष्ठ स्कोरर रही। विजेताओं को एशिया पैसिफिक




लैक्रोज़ फेडरेशन के चेयरमैन जापान के क्रिश जिन्नो ने सम्मानित किया। भारतीय टीम की ऐतिहासिक उपलब्धि पर लैक्रोज़ फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के महासचिव तौसीफ अहमद लारी, राजस्थान के खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी, विधायक फूलसिंह मीणा, प्रताप भील, उदय लाल डांगी, उदयपुर संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट, जनजाति आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी आदि ने बधाइयां प्रेषित की।

फाइनल में पहुंचने के साथ ही भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया में होने वाली एशिया पेसिफिक चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जहां विश्व कप की टीमों का चयन होना है।



# बाबर, शाहीन और रिजवान को पीसीबी ने नहीं दिया एनओसी, क्या मिली टी20 वर्ल्ड कप 2024 में खराब प्रदर्शन की सजा

**कराची, एजेंसी।** बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन अफरीदी जैसे कई पाकिस्तानी क्रिकेटर्स को पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) ने एनओसी देने से मना कर दिया है। तीनों खिलाड़ियों ने जीटी20 (ग्लोबल टी20 कनाडा) के लिए एनओसी मांगी थी। पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने यह साफ किया कि राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं को हमेशा पहले आना चाहिए, जिसके बाद इन खिलाड़ियों को एनओसी देने से मना कर दिया गया।

### सख्त हुआ पीसीबी

मोहसिन नकवी ने घोषणा की कि जो खिलाड़ी घरेलू लीग के लिए एनओसी मांग रहे हैं, उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली क्रिकेट सीरीज के कारण मना कर दिया जाएगा। प्रमुख टूर्नामेंटों में पाकिस्तान के लगातार खराब प्रदर्शन के बाद प्रोटोकॉल में बदलाव की घोषणा की गई। हाल ही में भारत और यूएसए के खिलाफ मुकाबले हारने के बाद मैन इन ग्रीन टी20 विश्व कप 2024 से ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गया था। पत्रकारों को संबोधित करते हुए नकवी ने बताया कि चयन समिति को प्रदर्शन के लिए कुछ स्तर पर जवाबदेह ठहराया जाएगा और राष्ट्रीय टीम में चयन से पहले घरेलू क्रिकेट में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के लिए नए मानदंड निर्धारित किए जाएंगे।

### घरेलू क्रिकेट खेलना अनिवार्य

उन्होंने यह भी घोषणा की कि जो खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट में भाग नहीं लेंगे, उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने से रोक दिया जाएगा। इसके अलावा, टीम की कप्तानी में बदलाव के बारे में कोई घोषणा नहीं की गई, लेकिन अध्यक्ष ने कहा कि इस निर्णय को लेने में पूर्व क्रिकेटरों को शामिल किया जाएगा। मोहसिन नकवी ने हाल ही में स्टार पेसर हारिस राउफ से जुड़ी घटना के बारे में भी बात की, जब हाल ही में एक प्रशंसक ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया था, जब वह टी20 विश्व कप के दौरान अपने परिवार के साथ यूएसए की सड़कों पर घूम रहे थे।

### खिलाड़ियों की फिटनेस जरूरी

उन्होंने खुलासा किया कि राउफ को परेशान करने वाले व्यक्ति की शिकायत संघीय जांच एजेंसी को कर दी गई। यह निर्णय पीसीबी द्वारा यह घोषणा करने के बाद लिया गया कि खिलाड़ियों के साथ किसी भी तरह का दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसा करते पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पीसीबी अध्यक्ष ने जिन सबसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की, उनमें से एक फिटनेस भी थी। खिलाड़ियों के लिए अब यो-यो टेस्ट सहित विभिन्न फिटनेस आकलन अनिवार्य कर दिए गए हैं और जो खिलाड़ी मानकों पर खरे उतरेंगे, उन्हें ही राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने की अनुमति दी जाएगी।

# इक्वाडोर को पेनल्टी में शूट कर अर्जेंटीना सेमीफाइनल में

**ह्यूस्टन (अमेरिका), एजेंसी।** अर्जेंटीना ने इक्वाडोर को पेनल्टी शूट आउट में 4-2 से हराकर कोपा अमेरिका कप में लगातार पांचवीं बार सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अर्जेंटीना का सेमीफाइनल में वेनेजुएला बनाम कनाडा मैच के विजेता से शुक्रवार को मुकाबला होगा जो 9 जुलाई को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेला जाएगा। एनआरजी स्टेडियम पर मौजूदा चैंपियन के कब्जे के बावजूद, इक्वाडोर अधिक खतरनाक था, मैच के पहले तीन शॉट्स में, जिसमें सरमिएंटो शॉट पर एमिलियानो मार्टिनेज द्वारा महत्वपूर्ण बचाव भी शामिल था।

अर्जेंटीना के लिए पहला अच्छा मौका एंज़ो फर्नांडीज के माध्यम से आया- एक हेडर और एक पलटवार के बाद एक कॉर्नर मिला। मेसी के कार्नर से, मैक एलिस्टर के बाद लिसेंड्रो मार्टिनेज का दूसरा हेडर, अलेक्जेंडर डोमिंगुएज़ ने बचा लिया लेकिन गेंद पहले ही गोल रेखा पार कर चुकी थी। पहले हाफ के



अंतिम मिनटों में, निकोलस गोंजालेज के एक प्रयास ने एल्बीसेलेस्टे को दूसरे गोल का मौका दिया, लेकिन इक्वाडोर की रक्षा फिर से संगठित होने और खतरे को बेअसर करने में कामयाब रही। स्कालोनी की टीम मध्यांतर के बाद 1-0 की बढ़त के साथ उतरी।

दूसरे हाफ की शुरुआत धीमी गति से हुई लेकिन मुकाबला काफी संघर्षपूर्ण रहा। 55वें मिनट में डिबू मार्टिनेज की लंबी गेंद के बाद लुटारो मार्टिनेज ने मौका बनाया। टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर ने इसे अपनी छाती से नियंत्रित किया, मुड़े और डोमिंगुएज़ के गोल के ठीक सामने बाएं पैर से शॉट लगाने से चूक गया।

इंडिया- जिम्बाब्वे

# जिम्बाब्वे को हराते ही इतिहास रचेगी टीम इंडिया




**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम इस वक्त जिम्बाब्वे के दौरे पर है, जहां 5 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले जाएंगे। सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान बीसीसीआई की ओर से पहले ही कर दिया गया था, जिसकी कप्तानी शुभमन? गिल के पास है। इस बीच शुभमन गिल के पास एक बड़ा मौका है। अगर भारत पहले ही मैच में जिम्बाब्वे को हरा देता है तो फिर वो काम हो जाएगा जो अब तक टेस्ट खेलने वाला कोई भी देश नहीं कर पाया है।

टी20 इंटरनेशनल में लगातार सबसे ज्यादा मैच जीतने का कीर्तिमान इस वक्त बरमूडा की टीम के पास है। टीम ने साल 2021 से लेकर 2023 तक लगातार 13 टी20 इंटरनेशनल मैच जीते हैं। वहीं मलेशिया ने भी ये कारनामा किया है। टीम ने साल 2022 में लगातार 13 मुकाबले जीते हैं। ये दोनों देश टेस्ट मैच नहीं खेलते हैं।

# पंकज आडवाणी एशियाई बिलियर्ड्स के फाइनल में

**रियाद, एजेंसी।** भारत के शीर्ष क्यूइस्ट पंकज आडवाणी ने क्वार्टरफाइनल में हमवतन श्रीकृष्ण सूर्यनारायणन को 5-0 से और सेमीफाइनल में सौरव कोठरी को 5-0 से हराकर एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियनशिप के फ़ाइनल में प्रवेश कर लिया है। सूर्यनारायणन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच में, पंकज ने अपने असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया। उनका प्रभुत्व स्पष्ट था

क्योंकि उन्होंने लगातार अपने प्रतिद्वंद्वी को सटीकता और चालाकी से हराया। शुरुआती फ्रेम ने माहौल तैयार कर दिया, जिसमें पंकज ने 100 का स्कोर बनाया, जबकि श्रीकृष्ण ने कड़ी चुनौती पेश करते हुए 78 का ब्रेक हासिल किया। हालांकि, पंकज की बेहतर ब्रेक-बिल्डिंग क्षमता ने उन्हें बढ़त दिलाई और



पहले फ्रेम में जीत हासिल की। दूसरे फ्रेम में उनका कौशल और अधिक स्पष्ट हो गया, जहां उन्होंने श्रीकृष्ण के 26 की तुलना में 100 अंक और बनाए। तीसरे फ्रेम में पंकज ने 102 के ब्रेक के साथ अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखा।

श्रीकृष्ण केवल 32 का स्कोर बनाने में सफल रहे। इसके बाद उन्होंने अपने कुशल स्कोरिंग के साथ श्रीकृष्ण को दूर रखने के लिए अभूतपूर्व ब्रेक बनाए। पंकज ने 101 के एक और ब्रेक के साथ मैच समाप्त किया, जबकि श्रीकृष्ण ने 2 अंक बनाए। सौरव के खिलाफ सेमीफ़ाइनल मैच में, पंकज एक उल्लेखनीय मैच में लगातार पाँच फ्रेमों में अपने प्रतिद्वंद्वी पर हावी रहे। तालिका में उनकी महारत स्पष्ट थी क्योंकि उन्होंने प्रत्येक फ्रेम में 100 का स्कोर बनाया था। मैच की शुरुआत में पंकज ने तेजी से नियंत्रण हासिल करते हुए 100 अंक बनाए, जबकि सौरव अपने सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद 29 अंक बनाने में सफल रहे, लेकिन पंकज के तेज खेल की बराबरी करने में असमर्थ रहे। दूसरे फ्रेम में पंकज ने अपनी गति जारी रखी और एक और 100 का स्कोर बनाया। सौरव ने अपने प्रदर्शन में थोड़ा सुधार किया और 33 का स्कोर बनाया। अगले तीन फ्रेम में पंकज का कौशल पूरे प्रदर्शन पर था क्योंकि उन्होंने सौरव के 38, 21 और 0 की तुलना में 101, 100 और 100 का स्कोर बनाया। पूरे मैच के दौरान पंकज का प्रदर्शन शानदार रहा। लगातार 100 के ब्रेक और टेबल पर प्रभावी उपस्थिति के साथ, उन्होंने शीर्ष स्तरीय बिलियर्ड्स खिलाड़ी के रूप में अपनी स्थिति की पुष्टि की और फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित किया।

## एक नजर

### अपनी मांगों को लेकर औरंगाबाद ट्रक एसोसिएशन की हुई बैठक

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर औरंगाबाद ट्रक एसोसिएशन की एक बैठक गुरुवार को जसोईया मोड़ स्थित एसोसिएशन के अध्यक्ष शंकर सिंह के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में मौजूद एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा सीमेंट प्लांट के द्वारा ट्रक ऑनर के हित को अनदेखा करने पर नाराजगी जताई गई। सदस्यों ने कहा कि ट्रक ऑनर अपनी मांगों को मनवाने के लिए पहले तो मैनेजमेंट से बात करेंगे। यदि वार्ता सफल नहीं हुई तो आंदोलन ही एक मात्र उपाय है।

### शराबी गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज पुलिस ने कर्मी गांव के कैलाश यादव को नशे की हालत में पकड़ा। प्रशिक्षु डीएसपी चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि नशे की हालत में गांव में ही हंगामा कर रहा था। सूचना के आधार पर इसे हिरासत में लेकर रफीगंज थाना लाया गया। जांच में शराब सेवन के पुष्टि के बाद हिरासत में लेकर औरंगाबाद न्यायालय भेजा गया है।

### मारपीट में दो घायल, 10 नामजद

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के भैंसासुर गांव में मारपीट की घटना हुई। जिसमें गुलजार मोविना एवं इसके पुत्र मो हुसैन आलम घायल हो गये। दोनों घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में किया गया। हुसैन आलम की स्थिति गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल गया रेफर कर दिया। इस मामले में घायल गुलजार मोविना ने गांव के ही मो साहिल, रौनक, रौशन, असगर, हैदर, अजहरुद्दीन, मुनाजिर, मो इमरान, मो अहसान एवं सोहेल को नामजद आरोपी बनाया। उल्लेख किया कि गांव के ही मदरसे में उक्त आरोपियों द्वारा मीटिंग बुलाया गया था। जिसमें मेरे पुत्र को जबरदस्ती लेकर गए और मारपीट किया। मेरा पुत्र मदरसे से चिल्लाते हुए घर में आ गया।तो उक्त आरोपी पीछा करते हुए घर का किवाड़ तोड़कर जबरन घर के अंदर घुसकर मारपीट किया। जब बचाने गई तो उक्त सभी मिलकर मेरे साथ मारपीट की। सोने का बाली टूट कर गिर गया। खोजबीन किये नहीं मिला। चिल्लाने की आवाज पर अगल-बगल के लोग दौड़े तब जाकर हम लोगों की जान एवं इज्जत बची। इस संबंध में प्रशिक्षु डीएसपी चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। तथा मामले की जांच की जा रही है।

### राजद कार्यकर्ताओं ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** राजद कार्यकर्ताओं ने शहर के राजा बिगहा स्थित एक निजी भवन में राजद का स्थापना दिवस मनाया।अध्यक्षता युवा राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष संतोष कुमार ने किया। पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रणविजय यादव ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल गरीब, मजदूर और किसानों की की पार्टी है। युवा राजद अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा की लगातार राष्ट्रीय जनता दल 28 वर्षों से मजबूत होता जा रहा है। आज बिहार के सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। इस अवसर पर युवा राजद उपाध्यक्ष अरविंद यादव,सूर्यकांत यादव, रविरंजन कुमार,वार्ड पार्षद माहिद खान,टुनटुन खान,विनोद राठौर, ढ़ोसीला पंचायत मुखिया गुड़िया देवी, आदिल खान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

---

**जिला उपभोक्ता फोरम ने हेल्थ इंश्योरेंस मामले में कंपनी को दिया दोषी करार**

# 2.27 लाख भुगतान करने का आदेश

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिला उपभोक्ता फोरम औरंगाबाद ने एक उपभोक्ता वाद के सुनवाई करते हुए एक इंश्योरेंस कंपनी को सेवा में त्रुटि का दोषी ठहराया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि इस वाद के आवेदक जिला परिषद औरंगाबाद के पूर्व अध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप नारायण सिंह है। जिन्होंने अपने आवेदन में कहा है कि वरीय प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक औरंगाबाद के गुजारिश पर मेडी एसिस्ट इन्श्योरेन्स टीपीए प्राइवेट लिमिटेड चांदनी चौक स्ट्रीट कोलकाता का हेल्थ इंश्योरेंस कराया था और प्रतिवर्ष 7000 रु भुगतान कर रहे थे। कुछ वर्ष बाद 22/07/17 को तबीयत खराब हुई। पटना रुबन हॉस्पीटल में मुझे भर्ती कराया गया। इलाज के क्रम में हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी ने रुबन हॉस्पीटल को पैसे देने से इंकार कर दिया। जिला उपभोक्ता फोरम के सदस्य बद्रीनारायण सिंह ने कहा कि फोरम ने इन्श्योरेन्स कम्पनी को सेवा में त्रुटि के दोषी पाते हुए आवेदक को दो लाख 27 हजार रुपये भुगतान करने का आदेश इंश्योरेंस कंपनी को दिया है।

## जिला उपभोक्ता कोर्ट ने ओबरा थानाध्यक्ष को जारी किया शो-कॉज नोटिस

**औरंगाबाद (का.सं.)।** शुक्रवार को जिला उपभोक्ता कोर्ट ने ओबरा थानाध्यक्ष पर बड़ी कार्रवाई की है। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग औरंगाबाद ने एक वाद के आदेश के अनुपालन न होने पर कार्रवाई की है। जिला उपभोक्ता अदालत के सदस्य बद्रीनारायण सिंह ने परिवाद संख्या -113/23 में सुनवाई करते हुए कहा कि विपक्षी के अनुपस्थित पर वारंट के बाद 02/05/24 को गैर-जमानती वारंट जारी किया था। परंतु इसके अनुपालन से सम्बन्धित कोई भी प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि थानाध्यक्ष ओबरा को शो-कॉज नोटिस जारी करते हुए आदेश दिया गया है कि 07 दिन के अंदर उपभोक्ता अदालत में उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें।

## हत्या मामले में तीन आरोपियों को कोर्ट ने दिया दोषी करार, 9 जुलाई को सुनवाई




कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडीजे तीन सुनील कुमार सिंह ने दाउदनगर थाना कांड -337/22 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए तीन अभियुक्त को हत्या के जुर्म में दोषी ठहराया है। एपीपी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्त आदिल अंसारी अंजान शहीद दाउदनगर, विकास कुमार नालबंद टोला दाउदनगर, रियाज़ हजाम माली टोला दाउदनगर को भादंवि धारा 302 /34 में दोषी करार दिया है। सज़ा के बिन्दु पर सुनवाई के तिथि 09/07/24 निर्धारित किया गया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक दिनेश यादव नालबंद टोला दाउदनगर ने 20/06/22 को थाना में अभियुक्तों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें कहा था कि अभियुक्त विकास कुमार रात्रि 08 बजे फोन कर मेरे किशोर पुत्र अक्षय कुमार को घर से बाहर बुलाता है और शान्ति भवन ले जाकर अन्य अभियुक्तों के साथ मिलकर चाकू से गोद कर बुरी तरह घायल कर देता है। हल्ला सुनकर परिवार के अन्य सदस्यों के साथ पहुंचे तो सभी अभियुक्तों को भागते हुए देखा। अक्षय कुमार का पेट छाती कनपटी से खून बह रहा था। घायल अवस्था मे उसे अनुमंडलीय अस्पताल दाउदनगर ले जाया गया।

# सड़क हादसे में साले की मौत, जीजा घायल

निज संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद के अंबा थाना क्षेत्र के सतबहिनी मंदिर पेट्रोल पंप के पास सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के अंजनवा गांव निवासी राजदेव साव के 25 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार के रूप में की गई है। घायल बारुण थाना क्षेत्र के अरहरवा गांव निवासी मिथिलेश साव हैं। मृतक और घायल दोनों आपस में साला-बहनोई हैं। मृतक के पिता राजदेव साव ने बताया कि हम लोग कुटुंबा में एक परिवार के यहां शादी समारोह में सम्मिलित होने के लिए गए थे। तिलक कुटुंबा से लेकर मुफस्सिल थाना क्षेत्र पूर्णिया गांव में जाना था। रास्ते में अज्ञात वाहन ने रौंद दिया था। अजीत और मिथिलेश साव बाइक से कुटुंबा से औरंगाबाद आने के लिए निकले। हम लोग अन्य परिजनों के साथ कार से मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पूर्णिया गांव पहुंचे। रात 11:00 बजे के आसपास अजीत के मोबाइल पर फोन किया तो कुटुंबा पुलिस फोन उठाई और बोला कि आप लोग कुटुंबा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लिए में आईये। अजीत सड़क दुर्घटना में घायल हो गया है। रात करीब 1 बजे के आसपास औरंगाबाद सदर अस्पताल पहुंचे तब तक डॉक्टर ने अजीत कुमार को मृत घोषित कर दिया। घायल मिथलेश साव को डॉक्टर ने तुरंत रेफर कर दिया। वाराणसी में इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार मृतक अजीत साव एक पेट्रोल पंप पर काम करता था। अजीत की शादी की बात चल रही थी। मृतक के दाह संस्कार की तैयारी अंजनवा में शुक्रवार की सुबह की जा रही थी।

## पत्नी की हथेली काटने वाला पति गिरफ्तार, दो बंदूक भी बरामद



देव (औरंगाबाद)(नि.सं.)। देव थाना क्षेत्र के जंगी मोहल्ला में पत्नी की हथेली काटने वाले पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना 3 जुलाई की देर रात की है। इस मामले में सदर डीएसपी 2 अमित कुमार ने बताया कि सुनील ने गुरुवार को अपनी पत्नी का हथेली काटकर अलग कर दिया था। पुलिस ने देव थाना मोड़ के समीप से आरोपी को गिरफ्तार किया है। सुनील वहां से दूसरे शहर में भागने की फिराक में था। इस मामले में देव थाने में कांड संख्या 146/24 दर्ज की गई थी। घटना की सूचना के बाद प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई थी। एफएसएल की टीम घटनास्थल का निरीक्षण किया था। वहीं एसपी के निर्देश पर अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए एक एसआईटी टीम का गठन किया गया था। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त के निशानदेही पर उसके घर से दो बंदूक और घटना में प्रयुक्त तलवार सहित 8 जिंदा कारतूस बरामद किया है। डीएसपी ने बताया कि छापेमारी दल में देव थाना अध्यक्ष विकास कुमार, पीएसआई नीतू कुमारी, पीएसआई राहुल कुमार, पीएसआई सुशील कुमार, पीएसआई नीतीश कुमार, पीटीसी अर्जुन कुमार, सिपाही लालू कुमार, लालमुनी कुमारी, तुलसी दास, उपेंद्र कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। वहीं सुनील के घर से अवैध हथियार की बरामदगी को लेकर एक और मामला दर्ज किया गया है।

# आरपीएफ द्वारा भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ दो शराब तस्कर को किया गया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय रेल मंडल के वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जेथीन बी. राज के निर्देश पर रेल गाड़ियों से प्रतिबंधित एवं नशीले सामानों का परिवहन रोकने एवं ऐसे विधिविरुध कार्य करने वाले व्यक्तियों पर नकेल कसने हेतु विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया हैं। उक्त निर्देश के अनुपालन में निरीक्षक प्रभारी रेल सुरक्षा बल रफीगंज वी. के. सिंह के नेतृत्व में आरपीएफ रफीगंज की टीम रेलवे से प्रतिबंधित एवं नशीले पदार्थों का परिवहन रोकने एवं ऐसे करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु सक्रिय हैं। इसी अभियान के तहत रेल सुरक्षा बल रफीगंज की टीम के उप निरीक्षक इंदल कुमार मंडल, सहायक उप निरीक्षक बृजेश कुमार पांडेय, प्रधान आरक्षी राकेश कुमार राय, अमित कुमार, संतोष कुमार एवं आरक्षी कपिल कुमार द्वारा गुरारू रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म संख्या 02 के पश्चमी छोर से दो शराब तस्कर को संदेह होने पर उसे घेरकर पकड़ा गया। पटना जिला निवासी थाना धनरूआ के पभेडी गांव के विनोद प्रसाद के 20 वर्षीय पुत्र विमल कुमार उर्फ दीपक कुमार तथा औरंगाबाद जिला के पौथू थाना अंतर्गत लट्टा गांव के रहने वाले मुंगेश्वर् प्रसाद के पुत्र 19 वर्षीय लालू उर्फ धनंजय कुमार हैं। दोनों के पास से अलग अलग ब्रांड के कुल करीब 28 लीटर जिसका दाम करीब 26000 रुपए का अंग्रेजी शराब वरामद हुआ।

दोनों शराब तस्कर को बिहार प्रदेश के भीतर पूर्ण शराब बंदी होने एवं बिहार प्रदेश के भीतर शराबा रखना, शराब बेचना, खरीदना एवं पीना एक संगीन अपराध होने के कारण गिरफ्तार किया गया व राजकीय रेल थाना गया को अग्रिम कार्यवाही वास्ते सुपुर्द किया गया जहाँ पकड़े गए व्यक्ति के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध उत्पाद संसोधन अधिनियम-2018 तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# आकांक्षी जिला व प्रखंड विषयक कार्यक्रम का डीएम ने किया उद्घाटन

कार्यालयसंवाददाता



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद समाहरणालय परिसर स्थित नगर भवन में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के द्वारा में नीति आयोग भारत सरकार द्वारा संचालित संपूर्णता अभियान के माध्यम से आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के चिन्हित 6 संकेतकों में संतृप्ति हेतु जिला स्तरीय उद्घाटन कार्यक्रम समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी, नीति आयोग के सदस्य एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं बिहार गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात अनुग्रह मध्य विद्यालय के छात्राओं के द्वारा स्वागत गान गाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में संपूर्णता अभियान के चिन्हित 06 संकेतकों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मंचन कराकर लोगों को जागरूक कराया गया। जिलाधिकारी संबोधित करते हुए बताया गया कि नीति आयोग, भारत सरकार के द्वारा देश में जिले व प्रखंडों में सेवा वितरण व शासन स्तर में सुधार के उद्देश्य से संपूर्णता अभियान की शुरूआत की है। ऐसे चिह्नित इलाकों में विकास संबंधी निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये नीति आयोग द्वारा 06 इंडिकेटरों का निर्धारण करते हुए विकासात्मक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाना है। इसमें नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत चिह्नित जिला एवं सभी आकांक्षी प्रखण्ड यथा- कुट्म्बा, मदनपुर, नबीनगर एवं देव शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है भारत को विकसित देश बनाना है जिसके लिए देश भर में 500 प्रखंडों को चिन्हित किया गया है जहां 4 जुलाई से 30 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान की सफल हमारे सभी पदाधिकारी पूरी तरह तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि केवल पदाधिकारी के माध्यम से यह संभव नहीं है सभी कार्यक्रम में आप लोगों की भी भूमिका अपेक्षित है। सम्पूर्णता अभियान का मुख्य उद्देश्य 6 प्रमुख संकेतकों की परिपूर्णता करने के लिए निरंतर प्रयास करना है। इस कार्यक्रम के तहत जिले में 14 करोड रुपए की स्वीकृति हुई है जो स्वास्थ्य, शिक्षा, आईसीडीएस, एवं कृषि जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं पर खर्च किए जाएंगे। साथ ही साथ जिला पदाधिकारी के द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों एवं लोगों को संपूर्णता अभियान को सफल बनाने के लिए शपथ भी दिलाया गया।

जिलाधिकारी के संपूर्णता कार्यक्रम के तहत फुटबॉल मैच विजेताओं एवं उपविजेताओं टीमों को ट्राफी एवं समान पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। अंत में उनके द्वारा आम लोकसभा निर्वाचन 2024, काराकाट-35, में स्विप कार्यक्रम के तहत में वोट प्रतिशत में वृद्धि होने पर में इस कार्य में लगे सभी जीविका दीदी, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सेविका, रोजगार सेवक, आवास सहायक एवं अन्य संबंधित कर्मियों के प्रति आभार जताया। तथा स्वीप में बेहतरीन कार्य करने वाले कर्मियों को समान पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

# आकांक्षी जिला संपूर्णता अभियान के तहत निकली प्रभात फेरी



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के द्वारा में नीति आयोग भारत सरकार द्वारा संचालित संपूर्णता अभियान के माध्यम से आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम का शुभारंभ समाहरणालय परिसर से गेट स्कूल तक प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाकर अभियान को शुरू किया। प्रभात फेरी के बाद गेट स्कूल के खेल के मैदान में स्कूली बच्चों के द्वारा फुटबॉल तथा खो-खो मैच का आयोजन कराया गया। इसके बाद गुब्बारे को हवा में उड़ते हुए कार्यक्रम को संपन्न किया गया। प्रभात फेरी के अवसर पर छात्र एवं छात्राओं, जीविका दीदी, आशा कार्यकर्ता आंगनबाड़ी सेविका के साथ-साथ जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## चोरी के मोबाइल और सोने के तीन जिउतिया के साथ महिला गिरफ्तार

**पटना (नि.सं.)।** पटना जंक्शन और ट्रेनों में यात्रियों का सामान चोरी करने वाली एक महिला को जीआरपी की टीम ने गुरुवार की शाम गिरफ्तार कर लिया। आरोपित महिला के पास से चोरी के मोबाइल, सोने के तीन जिउतिया और ब्लेड का टुकड़ा बरामद हुआ है। चोरी करने के आरोप में रेल पुलिस ने महिला को शुक्रवार को कोर्ट में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

दरअसल, पटना जंक्शन पर होने वाली आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से जीआरपी की टीम गुरुवार की शाम गश्त कर रही थी। उसी दौरान प्लेटफार्म पर एक महिला बैठी थी। पुलिस को देखते ही वह जाने लगी।

# बिजली के हाइटेशन तार की चपेट में आने से शौच गए युवक की मौत, घर में मचा कोहराम

निज संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह थानाक्षेत्र के हसनपुर बधार में शुक्रवार की सुबह बधार में शौच करने गए युवक की मौत बिजली की हाई टेंशन तार की चपेट में आने से हो गई।मृतक की पहचान हसनपुर गांव निवासी विजय बिंद के 20 वर्षीय पुत्र नवीन कुमार के रूप में की गई है।सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम को लेकर सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया है। घटना के संबंध में बताया जाता है की हसनपुर गांव के विजय यादव के पुत्र नबीन कुमार गांव से उत्तर दिशा की ओर बधार में शौच करने जा रहा था। जहा रास्ते में पूर्व से बिजली की हाई टेंशन तार गिरा हुआ था।जिसके चपेट में आने से नबीन की मौत मौके पर ही हो गई। आते जाते लोगो ने नवीन को जिंदा समझकर गोह सामुदायिक स्वाथ्थ्य केंद्र गोह पहुंचाया जहा के चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया नवीन की मौत से घर का बुझ गया चिराग नवीन अपने माता पिता का एकलौता पुत्र था।उसकी मौत से घर का चिराग बुझ गया। नवीन एक भाई और एक बहन है।माता रमौती देवी,बहन बिनी को नवीन की मौत की खबर जैसे ही मिली दहाड़ मारकर रोने लगी।आसपास के लोग ढाढस बंधाने में जुटे हुए है।

# पंचायती राज विभाग में 76 जीआईएस विशेषज्ञ होंगे बहाल

निज संवाददाता

**पटना।** पंचायती राज विभाग में 76 जीआईएस (भौगोलिक सूचना प्रणाली) विशेषज्ञ बहाल होंगे। इसमें 38 सीनियर जीआईएस विशेषज्ञ होंगे, जबकि 38 जीआईएस विशेषज्ञ होंगे। पंचायती राज विभाग की ओर से जीआईएस विशेषज्ञ बहाली के प्रस्ताव पर वित्त विभाग की सहमति मिल गई है। अब इसे विकास आयुक्त की अध्यक्षता वाली राज्य पदवर्ग समिति में स्वीकृति के लिए भेजा गया है। राज्य पदवर्ग समिति से स्वीकृति के बाद इसे कैबिनेट भेजा जाएगा। कैबिनेट से हरी झंडी मिलते ही बहाली प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

प्रत्येक जिला परिषद में एक-एक सीनियर जीआईएस विशेषज्ञ और एक जीआईएस विशेषज्ञ पदस्थापित होंगे। दोनों ही पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति होगी। सीनियर जीआईएस विशेषज्ञ को प्रतिमाह 90 हजार वेतन के तौर पर दिए जाएंगे। जीआईएस विशेषज्ञ को प्रति माह 65 हजार रुपए देने का प्रस्ताव है। जीआईएस विशेषज्ञ को पंचायती राज विभाग की महती योजनाओं, मसलन मुख्यमंत्री सोलर लाइट, पंचायत सरकार भवन सहित नली, गली पक्कीकरण सहित विभिन्न योजनाओं की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी होगी। साथ ही विभिन्न पंचायतों में ली जाने वाली योजनाओं के स्थल के संबंध में भी विभाग को ये अवगत कराएंगे। योजना स्थल जीआई के हिसाब से सही है या नहीं, यह भी बताएंगे। जीआईएस विशेषज्ञ विभाग की योजना को आसानी से लागू कराने में मदद करेंगे। इससे कराये जाने वाले कार्य की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। जीआईएस अधिकारी अध्ययन करने और स्थानीय और गैर स्थानीय जानकारी एकत्र करने के लिए विभिन्न जीआईएस सॉफ्टवेयर पर काम करते हैं। जीआईएस विशेषज्ञ जीआईएस डेटा को अपडेट करते हैं और इसका रखरखाव करते हैं। जीआईएस विशेषज्ञ के लिए योग्यता सिविल इंजीनियरिंग, भूगोल, कार्टोग्राफी या इससे संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री है। अभ्यर्थी इंजीनियरिंग या पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र से भी हो सकते हैं।

